3 बस्तर संभाग
वन अधिकार पत्र के निरस्त होने की नोटिस पर गई किसान ...

6 अभिमत
पाक पर विश्वास करना कठिन

10 संस्कारधानी
10 दिन का लॉक- कहीं समझाइश, तो कही चले...

11 छत्तीसगढ़
आईजी समेत 2033 पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, रविवार 11 अप्रैल 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 229 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### श्रद्धालुओं से भरी गाड़ी पलटी, 11 की मौत

**इटावा।** यूपी के इटावा में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। बेटे के जन्म की खुशी में मंदिर में झंडा चढ़ाने जा रहे श्रद्धालुओं से भरी डीसीएम हादसे का शिकार हो गई। आगरा-चकरनगर रोड पर हुए इस हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक श्रद्धालु घायल हो गए। घायल श्रद्धालुओं में अधिक गंभीर होने पर आठ को सैफई मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। सभी श्रद्धालु पिनाहट आगरा के रहने वाले हैं।

### सचिन वाजे 23 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में

**मुंबई।** एंटीलिया मामले में निलंबित मुम्बई के सहायक पुलिस निरीक्षक सचिन वाजे को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को 23 अप्रैल तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके पूर्व वाजे एनआईए की हिरासत में थे लेकिन आज अदालत में एनआईए ने वाजे की हिरासत की मांग नहीं की, इसलिए अदालत ने वाजे को न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### नारी सशक्तिकरण के 'लीलावती सम्मान' प्रदान करेंगे ईरानी और निशंक

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' और महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी रविवार को नारी सशक्तीकरण के लीलावती पुरस्कार प्रदान करेंगे। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने शनिवार को यहां बताया कि एआईसीटीई का लीलावती पुरस्कार 11 अप्रैल को प्रदान किया जाएगा। एक समारोह में डॉ. निशंक और ईरानी विजेताओं को सम्मानित करेंगे।

### पहले मुकाबले में हर खिलाड़ी का रहा योगदान : विराट

**चेन्नई।** आईपीएल 2021 सत्र के शुक्रवार को खेले गए सीजन ओपनिंग मैच जीतने और खासकर पांच बार की आईपीएल विजेता और मजबूत टीम मुंबई इंडियंस को हराने के बाद आरसीबी का खेमा खुश नजर आया। इसको लेकर आरसीबी के कप्तान विराट कोहली ने कहा कि हमने पिछले साल खेला पहला मैच भी जीता था। प्रतियोगिता में सबसे मजबूत टीम के खिलाफ खेलना और अपनी टीम को आजमाना महत्वपूर्ण था। विराट ने मैच के बाद कहा, कि हर कोई इस खेल में शामिल था।

# बंगाल में चौथे चरण में करीब 76 फीसदी मतदान, हिंसा में पांच की मौत

वार्ता ◀ कोलकाता
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के चौथे चरण में 44 सीटों पर हुए मतदान में शनिवार साढ़े पांच बजे तक 75.93 फीसदी मतदान हुआ। इस दौरान चुनावी हिंसा में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी। बंगाल में चौथे चरण के मतदान के दौरान कूचबिहार के शीतलकुची में कुछ लोगों की ओर से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) पर हमले के बाद सीआईएसएफ के जवानों की ओर से की गयी कथित रूप से की गयी फायरिंग में कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी। इससे पहले कूचबिहार के शीतलकुची के पागलपीर में पहली बार मतदान करने के लिए लाइन में खड़े एक युवक की हथियारों से लैस एक समूह ने गोली मार कर हत्या कर दी है। युवक की पहचान आनंद बर्मन के रूप में हुई है। चुनाव आयोग ने गोलीबारी की घटना को लेकर विशेष पर्यवेक्षक और मुख्य चुनाव अधिकारी से आज शाम पांच बजे तक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने विशेष पर्यवेक्षक की अंतरिम रिपोर्ट के आधार पर शीतलकुची के मतदान केंद्र संख्या 125 पर मतदान स्थगित कर दिया है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से शीतलकुची फायरिंग के लिए इस्तीफा देने की मांग की है। तृणमूल ने दावा किया है कि कूचबिहार में मारे गये चार लोग पार्टी के कार्यकर्ता थे। इस बीच, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने शीतलकुची के जोरपटकी में मतदान केंद्र संख्या 126 के बाहर फायरिंग में चार नागरिकों के मारे जाने संबंधी मीडिया रिपोर्टों को लेकर स्पष्ट किया है कि उक्त मतदान केंद्र पर न तो उन्हें तैनात किया गया था और न ही वह किसी प्रकार से इस घटना में शामिल थे। भारतीय जनता पार्टी के कसबा से उम्मीदवार इंद्रनील खान को मतदान केंद्र में घुसने पर कथित रूप से रोकने का प्रयास किया गया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा समर्थकों के घरों में तोड़फोड़ की गयी तथा पार्टी के लोगों को धमकाया गया। श्री खान की शिकायत पर तृणमूल के एक कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा उत्तर हावड़ा क्षेत्र के गोलाबारी क्षेत्र में बम विस्फोट की घटना भी सामने आयी है। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### कूचबिहार की घटना पूर्व नियोजित थीः ममता

**सिलीगुड़ी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि कूचबिहार की घटना पूर्व नियोजित थी। सुश्री बनर्जी ने कहा कि कूचबिहार के शीतलकुची में मतदाताओं पर केंद्रीय बलों की ओर से की गयी फायरिंग की वह अपराध अनुसंधान



विभाग (सीआईडी) से जांच करायेंगे। सुश्री बनर्जी ने यहां एक जन सभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि आज की घटना के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूरी तरह जिम्मेदार हैं तथा वह खुद इसके साजिशकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि हम श्री शाह से इस्तीफे की मांग करते हैं। तृणमूल प्रमुख ने कहा कि वह केंद्रीय बलों को दोष नहीं देती क्योंकि वे गृह मंत्री के आदेश के तहत काम करते हैं। उन्होंने कूचबिहार में मतदाताओं पर आत्मरक्षा में फायरिंग किये जाने के केंद्रीय बलों के दावों पर भी सवालिया निशान लगाये। सुश्री बनर्जी ने कहा कि इतने लोगों की मौत होने पर चुनाव आयोग कह रहा है कि केन्द्रीय बलों ने आत्मरक्षा के लिए गोली चलायी। उन्हें शर्म आनी चाहिए। यह सरासर झूठ है। सुश्री बनर्जी ने कहा कि वह रविवार पूर्वाह्न 10 बजे माताबंगा अस्पताल जायेंगी जहां से वह अलीपुरद्वार भी जायेंगी। उन्होंने कहा कि आज वह कूचबिहार नहीं जा सकतीं क्योंकि चुनाव के कारण वहां आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस ने सीआईएसएफ जवानों के घटना में शामिल होने को लेकर एक बयान जारी किया है। पार्टी ने इन घटनाओं को लेकर चुनाव आयोग से हस्तक्षेप करने की मांग की है। बयान में कहा गया कि सुबह से ही भाजपा के उपद्रवियों ने लोगों के वोट देने के अधिकार को बाधित कर दिया था, जबकि सीआरपीएफ मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रभावित कर रही थी। यह घटना बूथ नंबर 126, माताबंगा 1 ब्लॉक, शीतलकुची में हुई।

## संसाधनों की कमी नहीं होने देंगे, दृढ़ इच्छाशक्ति से करें मुकाबला : भूपेश



■ **छत्तीसगढ़ में कोरोना से निपटने अब तक राज्य में 850 करोड़ आवंटित**

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी की शुरुआत से अब तक कोरोना नियंत्रण के विभिन्न उपायों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने विभिन्न मदों से 853करोड़ रूपए से अधिक राशि का आवंटन किया है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रशासनिक अमले से अपील की है कि वह दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पीड़ित मानवता की सेवा करे। शासन - प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ संसाधनों की व्यवस्था और मानीटरिंग करेंगे। किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि विगत एक वर्ष में कोरोना से निपटने के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से समस्त 28जिलों को 73.53 करोड़ रूपये आवंटित किए गये हैं ।इसके अलावा 300करोड़ रू.जांच,दवा तथा अन्य उपभोग्य सामग्रियों के लिए ,192करोड़ रू.स्टेट डिजास्टर रिलीफ़ फंड,185 करोड़ रू.नाबार्ड सहायता ,25करोड़ रू.लोक निर्माण विभाग,78करोड़ रू.केंद्र-राज्य शामिलाती सहायता के शामिल हैं।इस प्रकार जांच से लेकर कोविड अस्पतालों के विकास तक ,मरीजों की देखभाल ,दवा ,पोषण से लेकर मैदानी व्यवस्थाओं तक सभी कार्यों के लिए आर्थिक सहायता दी गई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने मुख्यसचिव यथा अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य)को निर्देश दिए हैं कि वे निरंतर मॉनीटरिंग करें । नियंत्रण और राहत के उपाय युद्ध स्तर पर सुनिश्चित किए जाएं। मैदानी स्तर पर पूर्ण सख्ती हो लेकिन जनता को सहानुभूति, सद्व्यवहार तथा सहयोग के साथ ही परिस्थितियों का सामना करने को तैयार किया जाए।सतत जनजागरण से संक्रमण की रोकथाम की जाए।

## भाजपा चुनाव में 100 का आँकड़ा पार नहीं कर पाएगी : प्रशांत किशोर

एजेंसी ◀ कोलकाता
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी के चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने शनिवार को दोहराया कि राज्य विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 100 सीटों का आँकड़ा पार नहीं कर



पायेगी। प्रशांत किशोर ने ट्वीट किया, मुझे खुशी है कि भाजपा मेरे चैट को अपने नेताओं की बातों से ज्यादा गंभीरता से ले रही है। उन्हें ज्यादा उत्साहित होने के बजाय साहसपूर्ण ढंग से मेरे चैट को देखना चाहिए। मैने पहले भी कहा है और फिर दोहरा रहा हूँ कि पश्चिम बंगाल में भाजपा 100 सीटों से ज्यादा नहीं जीत पाएगी। भाजपा नेता अमित मालवीय के ट्विटर एकाउंट पर यह कहने के बाद कि क्लब हाउस में एक सार्वजनिक बातचीत में ममता बनर्जी के चुनावी रणनीतिकार का मानना है कि तृणमूल के आंतरिक सर्वेक्षणों में भी भाजपा जीत रही है। मोदी के लिए वोट है, ध्रुवीकरण एक वास्तविकता है, पश्चिम बंगाल में अनुसूचित जाति की आबादी 27 फीसदी है। सभी मतुआ भाजपा के लिए मतदान कर रहे हैं। प्रशांत किशोर ने कहा कि भाजपा राज्य की 294 सीटों वाली विधानसभा में 100 सीटें भी हासिल नहीं कर पाएगी, अगर ऐसा नहीं हुआ तो वह अपना यह पेशा छोड़ देंगे। बंगाल में तीन चरण के चुनाव हो चुके हैं और चौथे चरण के लिए 44 सीटों पर आज मतदान हो रहा है। राज्य में कुल मिलाकर आठ चरणों में मतदान होगा। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हालांकि शुक्रवार को कहा है कि भाजपा पहले तीन चरणों के मतदान में 63-67 सीटों के बीच सीटें जीत रही है। इसमें 27 मार्च, एक और छह अप्रैल को 101 सीटों पर मतदान हुआ है।

# कोरोना से निपटने में खुल गई है मोदी सरकार की पोल : सोनिया

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा है कि कोरोना के कारण देश में जो हालात पैदा हो गए हैं उसकी बुनियाद में मोदी सरकार के कुप्रबंधन हैं और अब स्थिति दिन प्रतिदिन नियंत्रण से बाहर हो रही है। श्रीमती गांधी ने शनिवार को कोविड-19 से निपटने के प्रयासों की समीक्षा के लिए आयोजित कांग्रेस शासित राज्यों और कांग्रेस के गठबंधन वाली राज्य सरकारों के मुख्यमंत्रियों की बैठक में कहा कि मोदी सरकार ने कोरोना की लड़ाई में अपने कुप्रबंधन का परिचय दिया है। सरकार ने कोविड के फैलाव की स्थिति में प्रबंधन सही नही किया। देश में टीके की कमी है लेकिन इसका निर्यात किया जा रहा है जबकि कई राज्यों से इसकी शिकायतें भी आ रही हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच मुख्य विपक्षी दल के रुप में कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि पार्टी इससे संबंधित मुद्दों को उठाएं और सरकार को प्रचार के हथकंडों से हटकर जनहित के मुद्दों पर काम करने के लिए मजबूर करें। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर पारदर्शिता के साथ और प्रचार के हथकंडे अपनाने की बजाय साफ नियत के साथ काम करने की जरूरत है। केंद्र या राज्य सरकारों को संक्रमित लोगों और इसके कारण होने वाली मौतों को लेकर वास्तविक आंकड़े पेश करने चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा,÷सबसे पहले और सर्वाधिक रुप से हमें भारत में टीकाकरण अभियान पर ध्यान केन्द्रित करना होगा, उसके बाद ही टीकों के निर्यात अथवा इसे उपहार स्वरुप अन्य देशों को भेजने पर विचार करना चाहिए। हमें सभी कानूनों और कोविड संबंधी नियमों को बिना किसी अपवाद के, अनुपालन करते हुए एक जिम्मेदारीपूर्ण व्यवहार पर जोर देना चाहिए।

## कोरोना संकट को देखते हुए किसान आंदोलन वापस लें : तोमर

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कोरोना संकट को देखते हुए किसान संगठनों से आंदोलन वापस लेने का शनिवार को अनुरोध करते हुए कहा कि सरकार उनके साथ बातचीत के लिए तैयार है। श्री तोमर ने ट्वीट कर कहा, ÷किसानों के मन में असंतोष नहीं है। जो किसान संगठन इन बिलों के विरोध में हैं, उनसे सरकार बातचीत के लिए तैयार है। मैं किसान संगठनों से आग्रह करूंगा कि वे अपना आंदोलन स्थगित करें, अगर वे बातचीत के लिए आएंगे तो सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि किसान संगठन कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर लंबे समय से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे हैं। आज से उन्होंने अपना आंदोलन तेज करने का निर्णय किया है। श्री तोमर ने कहा कि जब किसान संगठनों से बातचीत चल रही थी,



उस समय भी उन्होंने कोविड संकट को लेकर आंदोलन में शामिल बुजुर्ग और बच्चों को घर भेजे जाने का अनुरोध किया था। आज कोविड का दूसरा दौर है । पूरा देश इसको लेकर चिंतित है और कोरोना प्रोटोकॉल के पालन पर जोर दिया जा रहा है। किसानों की जिंदगी उनके लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में किसानों को आंदोलन स्थगित कर सरकार के साथ बातचीत कर समस्या का समाधान करना चाहिए।

**दशकों के इंतजार के बाद बंगाल में 'असल परिवर्तन' का 'महायज्ञ' शुरू हो गया**

# भाजपा की डबल इंजन सरकार बंगाल में नया राजनीतिक माहौल तैयार करेगी : पीएम मोदी

एजेंसी ◀ कृष्णानगर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की डबल इंजन सरकार पश्चिम बंगाल में नया राजनीतिक माहौल तैयार करेगी। श्री मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार बंगाल में सिंडिकेट राज पर लगाम लगाएगी। प्रधानमंत्री ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल की जनता तृणमूल कांग्रेस का खेल खत्म करने का फैसला ले। प्रधानमंत्री ने कहा कि दीदी (सुश्री बनर्जी) इससे बहुत खफा हैं कि वह अपनी पुराने 'खेला' में पिछड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि दशकों के इंतजार के बाद बंगाल में 'असल परिवर्तन' का 'महायज्ञ' शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह चुनाव भाजपा नहीं लड़ रही है बल्कि बंगाल की जनता लड़ रही है। श्री



मोदी ने कहा कि केन्द्रीय बल पूरे देश में निष्पक्ष तरीके से मतदान करने में सहायता करते हैं। उन्होंने कहा कि समस्या बलों में नहीं बल्कि राज्य की हिंसक राजनीति में है। उन्होंने कहा कि दीदी का गुस्सा सातवें आसमान पर है। वह केन्द्रीय बलों और चुनाव आयोग को गालियां दे रही हैं। वह अपनी पार्टी के पोलिंग एजेंटों को भी गाली दे रही हैं। श्री मोदी ने कहा पश्चिम बंगाल की जनता को टोलाबाजी (रंगदारी) संस्कृति से शीघ्र निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि दीदी के हार के दिन शुरू हो गए हैं। इसलिए वह बंगाल चुनाव में हिंसा भड़काने का सहारा ले रही हैं। श्री मोदी ने कहा कि मैं दीदी और उनके तृणमूल के गुंडों को स्पष्ट रूप से बताना चाहूंगा कि बंगाल में इस तरह के तरीके से काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मेरा चुनाव आयोग से आग्रह है कि कूच बिहार की घटनाओं के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

# किसानों ने लगाया जाम, सरकार ने की बातचीत की पेशकश

एजेंसी ◀ सोनीपत/नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्र सरकार के तीन कृषि सुधार कानूनों को रद्द कराने की मांग को लेकर दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलनरत हजारों किसानों ने शनिवार सुबह केजीपी-केएमपी एक्सप्रेस-वे पर जाम लगा दिया जबकि सरकार ने कोरोना संकट को देखते हुए किसान संगठनों से आंदोलन वापस लेने की पेशकश की है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कोरोना संकट को देखते हुए किसान संगठनों से आंदोलन वापस लेने का शनिवार को अनुरोध करते हुए कहा कि सरकार उनके साथ बातचीत के लिए तैयार है। उन्होंने ट्वीट कर कहा, ÷किसानों के मन में असंतोष नहीं है। जो किसान संगठन इन बिलों के विरोध में हैं, उनसे सरकार बातचीत के लिए तैयार है। मैं किसान संगठनों से आग्रह करूंगा कि वे अपना आंदोलन स्थगित करें, अगर वे बातचीत के लिए आएंगे तो सरकार उनसे बातचीत के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि किसान संगठन कृषि सुधार कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर लंबे समय से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की सीमाओं पर आंदोलन कर रहे हैं। आज से उन्होंने अपना आंदोलन तेज करने का निर्णय किया है। श्री तोमर ने कहा कि जब किसान संगठनों से बातचीत चल रही थी, उस समय भी उन्होंने कोविड संकट को लेकर आंदोलन में शामिल बुजुर्ग और बच्चों को घर भेजे जाने का अनुरोध किया था। आज कोविड का दूसरा दौर है। पूरा देश इसको लेकर चिंतित है और कोरोना प्रोटोकॉल के पालन पर जोर दिया जा रहा है। किसानों की जिंदगी उनके लिए महत्वपूर्ण है। ऐसे में किसानों को आंदोलन स्थगित कर सरकार के साथ बातचीत कर समस्या का समाधान करना चाहिए। उधर, बड़ी संख्या में आंदोलनकारी किसान दोनों एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वॉइंट के अलावा दोनों टोल प्लाजा पर दिन भर बैठे रहे। पूर्व निर्धारित घोषणा के अनुसार सुबह करीब 7~30 बजे हजारों किसान केएमपी और केजीपी के जीरो पॉइंट पर एकत्रित हो गए। सैकड़ों किसान वहीं धरने पर बैठ गए बाकी हजारों की संख्या में किसान केएमपी और केजीपी के करीब तीन किलोमीटर दूर स्थित टोल प्लाजा पर पहुंच गए। किसानों ने करीब 250 ट्रैक्टर खड़े कर एक्सप्रेस-वे के बीचों-बीच खड़े कर जाम लगा दिया।

# रेमडेसीविर की उपलब्धता को लेकर मुख्यमंत्री की अपील भी काम नहीं आई, किल्लत बरकरार

## महाराष्ट्र सरकार ने रेमडेसीविर बनाने वाली कंपनियों पर लगा दिया है बंदिश

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना मरीजों की जान बचाने वाले इंजेक्शन की किलल्त को लेकर शुक्रवार को मीडिया समूह से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रेमडेसीविर की उपलब्धता सरल बनाने और कीमत निर्धारित और उचित लेने की की अपील की थी । उसके बाद भी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। शनिवार को भी रेमडेसीविर की किल्लत बरकरार रही। देश के साथ प्रदेश में भी कोरोना की दूसरी लहर खतरनाक साबित हो रही है. अस्पतालों में उपचार के लिए बेड नहीं है, तो दूसरी ओर लाशों को रखने के लिए मर्च्यूरी में जगह नहीं है।

बची-खुची कसर श्मशान घाट में निकल जा रही है। ऐसे हालात में कोरोना से बचाव के लिए अहम इंजेक्शन रेमडेसीविर की किल्लत मरीजों के साथ-साथ डॉक्टरों के लिए भी भारी चिंता का विषय बना हुआ है. इसका एक पहलू है कि महाराष्ट्र सरकार के दवा कंपनियों पर बंदिश लगा दिए जाने की वजह से छत्तीसगढ़ में इसकी किल्लत पैदा हुई है। डॉक्टरों के मुताबिक, कोरोना के मरीजों को ऑक्जीजन लेवल डाउन होने पर रेमडेसीविर का इंजेक्शन लगाया जाता है. पहले 6 इंजेक्शन लगाए जाते हैं, इसके बाद 2 और फिर 4-5 दिन का कोर्स होता है. रेमडेसीविर को अलग-अलग दवा कंपनी बनाती है. कंपनियों के हिसाब से इंजेक्शन 900 रुपए से 4000 रुपए तक का मिलता है, लेकिन कोरोना के दूसरे लहर में मरीजों की संख्या में यकायक इजाफा होने से रेमडेसीविर की किल्लत हो गई है. न तो यह मेडिकल दुकानों में मिल रहे हैं, और न ही निजी अस्पताल में. हालत यह है कि जिन दुकानों में उपलब्ध है, वहां इसको लेने के लिए लोगों के बीच मारामारी की स्थिति है।





### इंजेक्शन के लिए लोगों में आपाधापी

रेमडेसीविर की किल्लत की खबरों के बीच रायपुर के व्यस्त मेडिकल कॉम्पलेक्स का दौरा किया. यकीन करना मुश्किल था कि तमाम दुकानों के बीच केवल एक ही मेडिकल दुकान में रेमडेसीविर उपलब्ध था, और वहां भी इंजेक्शन को लेने के लिए लोगों में आपाधापी मची थी. मास्क तो ठीक है, लेकिन सोशल डिस्टेंसिंग का कहीं कोई नामो-निशान नहीं था. लेने वाले भी मजबूर, दुकानदार भी मजबूर. दोष दें तो किसको दोष दें। लोग जिस कीमत में इंजेक्शन मिल रही थी बिना किसी बहस के उसे लेकर रवाना हो रहे थे, क्योंकि जब मरीज की जान बचानी तो को कीमत बेमायने हो जाती है।

### चुनिंदा मेडिकल दुकानों में उपलब्ध

रेमडेसीविर इंजेक्शन के महत्व को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से राजधानी रायपुर में 12 मेडिकल दुकानों में उपलब्ध कराया गया है। लेकिन इन दुकानों में भी रेमडेसीविर इंजेक्शन मिलना मुश्किल है, क्योंकि इंजेक्शन की आपूर्ति ही नहीं के बराबर है. ऊपर बात करने पर वहां से भी आपूर्ति नहीं होने की जानकारी दी जाती है. एक अनार, सौ बीमार की स्थिति में जिन मरीजों के परिजनों के पास पैसे नहीं हैं, उनके लिए इंजेक्शन अपने बल-बूते हासिल कर पाना नामुमकिन जैसा ही है।

### जारी करे सार्वजनिक सूचना

दवा की किल्लत से जूझ रहे लोगों का कहना है कि रेमडेसीविर की किल्लत को लेकर सरकार को स्पष्टीकरण जारी करना चाहिए. मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री या विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को लोगों को वास्तविक स्थिति की जानकारी दी जानी चाहिए. इधर सरकार इंजेक्शन की उपलब्ध को लेकर निश्चिंत होकर बैठी है, और इधर लोग इंजेक्शन की किल्लत से मरे जा रहे हैं. बीच में दुकानदार इंजेक्शन की कालाबाजारी कर अपनी तिजौरी को भरने में लगे हुए हैं. सरकार से स्पष्टीकरण से लोगों को संतोष तो होगा।

### महाराष्ट्र सरकार के संपर्क में छत्तीसगढ़ सरकार

तमाम दवा कंपनियों के कार्पोरेट ऑफिस महाराष्ट्र में है, ऐसी स्थिति में बताया जा रहा है कि महाराष्ट्र सरकार ने इन दवा कंपनियों पर रेमडेसीविर की आपूर्ति को लेकर बंदिश लगाकर रखी है। सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ की ओर से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव ने महाराष्ट्र सरकार के नुमाइंदों से रेमडेसीविर की उपलब्धता को लेकर चर्चा की है। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से अपना अड़ियल रवैय्या छोड़कर सहयोग करने का आग्रह किया है, जिससे कोरोना संक्रमितों की जान बच सके।

# राज्यपाल ने अपने जन्मदिन पर देश एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



राज्यपाल अनुसुईया उइके ने जन्मदिन के अवसर पर पूजा-अर्चना की और देश-प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की है। उन्होंने ईश्वर से देश-प्रदेश को कोरोना संक्रमण से जल्द मुक्त करने तथा इस गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों की जल्द स्वस्थ होने की कामना की। राज्यपाल ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि कोविड-19 का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। अतः प्रयास करे की अपने घर पर ही रहे, भीड़-भाड़ वाले तथा सामूहिक आयोजन पर जाने से बचे। मास्क का सदैव प्रयोग करें और हाथों को साबून से बार-बार धोते रहे। साथ ही रोग प्रतिरोग क्षमता बढ़ाने वाली आयुर्वेदिक काढ़े या घर में ही उपलब्ध वस्तुएं का उपयोग करें। साथ ही इस बीमारी से जुड़े प्रारंभिक लक्षण दिखने पर अपना परीक्षण कराए और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में या किसी चिकित्सक से संपर्क करें।

### मुख्यमंत्री ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी

राज्यपाल अनुसुईया उइके को उनके जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फोन कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के दीर्घायु होने तथा सदैव स्वस्थ रहने की कामना की। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

### विस अध्यक्ष महंत ने राज्यपाल को जन्मदिवस की दी बधाई



छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने अपने ट्विटर के माध्यम से छत्तीसगढ़ की राज्यपाल अनुसुइया उइके को जन्मदिन के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ महंत ने अपने बधाई संदेश में कहा कि ईश्वर से आपके सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना करता हूँ।

राज्यपाल अनुसुईया उइके को आंध्रप्रदेश के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिड़ला, स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, उच्च शिक्षामंत्री उमेश कुमार पटेल, महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा, लोकसभा सांसद अरूण साव, राज्यसभा सांसद श्री रामविचार नेताम, राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय, सांसद विजय बघेल, विधायक मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री विष्णुदेव साय, महापौर एजाज ढेबर ने बधाई दी है।

## मुख्यमंत्री की मासिक रेडियो वार्ता आज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 17 वीं कड़ी का प्रसारण 11 अप्रैल रविवार को होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल लोकवाणी में इस बार 'नया बजट, नए लक्ष्य' विषय पर प्रदेशवासियों से बातचीत करेंगे। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफ.एम. रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।



## भनपुरी में गोदाम और मोहबाबाजार में चश्मा दुकान का टूटा ताला

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर में चोरी की घटनाएं थम नहीं रही। कोरोना संकटकाल में भी चोर सक्रिय हैं। खमतराई के भनपुरी रिंग रोड स्थित गोदाम का ताला तोड़कर भीतर घुसे चोर दो लाख का सामान उड़ा ले गए। शिकायत पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक देवेंद्रनगर सेक्टर दो, निवासी कुलप्रीत सिंह भाटिया(43) की भनपुरी रिंग रोड नंबर दो में सत्कार एग्रो इंटर प्राइजेस नाम से गोदाम और आफिस है। उनका पेस्ट्रीसाइडस का काम है। रोज की तरह 27 मार्च की शाम छह बजे वे गोदाम और आफिस बंदकर घर चले गए थे। 31 मार्च की शाम 6.30 पडोसी रविकांत यादव ने फोन कर बताया कि आपके गोदाम का ताला टूटा हुआ है। कुलप्रीत ने जाकर देखा तो आफिस और गोदाम के दरवाजे का ताला टूटा हुआ और भीतर रखी करीब सवा लाख रुपये की दवाई और नकदी 63 हजार गायब मिले। आमानाका इलाके के मोहबाबाजार-कोटा रोड पर स्थित दुर्ग के पंचशीलनगर निवासी हितेश कुमार राजपूत की होप आई आप्टिकल दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने दराज से 20 हजार नकदी और 20 चश्मा पार कर दिया।

## एनआईटी में नई शिक्षा नीति पर वेबिनार, विशेषज्ञों ने दिए कई महत्वपूर्ण सुझाव

■ शिक्षा में अंतरराष्ट्रीयकरण लाने की जरूरत : रावाणी

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइटी) रायपुर में भारत सरकार द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति (एनइपी) 2020 पर राष्ट्रीय स्तरीय वेबिनार का आयोजन किया गया। एनआइटी रायपुर के निदेशक डॉ.एएम रावाणी ने शिक्षा नीति के प्रमुख तीन बिंदुओं पर बात रखीं। उन्होंने कहा कि इसमें फ्लेक्सिबिलिटी है, जो कि न केवल संस्थानों को बल्कि छात्रों को भी दी गई। इसके तहत चाइस बेस्ड क्रेडिट, अंतर्विषयक कोर्सेज के साथ मल्टिपल एग्जिट प्वाइंट का प्रावधान है। इसका दूसरा पहलू छात्र केंद्रित दृष्टिकोण है, जिसमें कान्सेप्युअल लर्निंग पर जोर दिया गया है। तीसरा पहलू शिक्षा में अंतरराष्ट्रीयरण लाने की दिशा में है। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा में अंतरराष्ट्रीयकरण लाने की सख्त जरूरत है। तभी भारत विश्व के विकसित देशों को टक्कर दे सकता है। अंतरराष्ट्रीयकरण से देश को फायदा होगा, बल्कि विद्यार्थियों रोजगार आदि मिलेगा। वहीं एनआइटी वारंगल के प्राध्यापक डॉ. केवी जयकुमार ने एनइपी के कारण आने वाले पाठ्यक्रम में बदलाव और रोजगार उपलब्ध कराने की क्षमता पर चर्चा की।




**स्थानीय भाषा में उच्च शिक्षा :** ट्रिपलआइटी नवा रायपुर के निदेशक डॉ. पीके सिन्हा ने एनइपी लागू करने में आने वाली कथित चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने मौजूदा व्यवस्था में कमियों को अंकित किया और नई शिक्षा नीति के विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा की। जिनमें स्थानीय भाषा में उच्च शिक्षा आदि शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत आइआइटी, एनआइटी, ट्रिपलआइटी जैसे संस्थानों को अंतर्विषयक रिसर्च संस्थानों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। एमएनआइटी जयपुर की डीन डॉ. उर्मिला बृघु ने एनइपी की चुनौतियों और उससे आने वाले अवसरों के बारे में बताया। आइआइटी (बीएचयू) के प्राध्यापक डॉ. संजय शर्मा ने नई शिक्षा नीति के कारण तकनीकी शिक्षा जगत में आने वाली नए बदलाव के बारे में बताया।

### तकनीकी के क्षेत्र में बहुत तेजी से विकास हुआ

वेबिनार का समन्वय कर रहे एनआइटी रायपुर सीडीसी के प्रमुख डॉ. समीर बाजपेयी ने बताया कि नई शिक्षा नीति समायानुचित तरीके से लाई गई है। उन्होंने कहा कि तकनीकी के क्षेत्र में बहुत तेजी से विकास हुआ है, जिसके साथ कई नई इन्नोवेशंस सामने आ रही हैं। इसके अलावा टेक्नोलाजी लाइफ साइकिल आज घटकर केवल दो से पांच साल ही रह गई है। ऐसे में 21वीं सदी के स्नातकों को तैयार करने के लिए शिक्षण व्यवस्था में नवीनता लाना अति आवश्यक है। वेबिनार के अंत में प्राध्यापकों ने बताया कि नई शिक्षा नीति कैसे देश में मौजूद तकनीकी शिक्षा के ढांचे को बदलने की क्षमता रखती है।

# वन विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 में 5 करोड़ से अधिक मानव दिवस का दिया गया रोजगार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में राज्य में वनों के विकास सहित वनवासियों के हित में योजनाओं का कुशलतापूर्वक संचालन जारी है। इसके फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में वन विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 में कोरोना संकट के बावजूद लोगों को लघु वनोपज संग्रहण सहित विभिन्न रोजगारमूलक योजनाओं के तहत 5 करोड़ 23 लाख मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया गया।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक तथा वन बल प्रमुख राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि इस दौरान राज्य में 01 हजार 49 करोड़ रूपए की राशि से वनों के विकास तथा संरक्षण संबंधी अनेक कार्य कराए गए हैं। वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 में संचालित इन कार्यों से लोगों को 2 करोड़ 23 लाख 19 हजार 563 मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया गया। इसी तरह राज्य में वर्ष 2020-21 में ही लघु वनोपजों के संग्रहण तथा प्रसंस्करण आदि कार्यों से लोगों को 3 करोड़ मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध हुआ है। इसमें लघु वनोपज संग्राहकों सहित आदिवासी-वनवासियों को 600 करोड़ रूपए की राशि के पारिश्रमिक का वितरण किया गया है। राज्य में वनों के विकास तथा संरक्षण संबंधी कार्यों के अंतर्गत उपलब्ध कराए गए 2.23 करोड़ मानव दिवस के रोजगार में से सर्वाधिक कैम्पा मद के अंतर्गत एक करोड़ 37 लाख मानव दिवस का रोजगार शामिल है। इसके अलावा बिगड़े वनों का सुधार अंतर्गत 28 लाख 26 हजार तथा प्राकृतिक पुनरोत्पादन संबंधी कार्यों के अंतर्गत 24 लाख 96 हजार मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध कराया गया है।



## नौकरी छोड़ने कहने पर कर्मचारी ने एरिया मैनेजर को मारा चाकू

**रायपुर।** कोरोना संकट काल में नौकरी छोड़ने की बात पर जानलेवा हमला कर दिया गया। एलजी कंपनी के सीनियर स्टोर्स एक्जिक्यूटिव ने नौकरी छोड़ने कहने पर एरिया मैनेजर को चाकू मारकर घायल कर दिया। शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने अपराध कायम कर लिया है। आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। पुलिस के मुताबिक अशोका रतन निवासी परेश माथुर (40) एलजी कंपनी में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत है। कंपनी में दो साल से कार्यरत सीनियर स्टोर्स एक्जिक्यूटिव मोहम्मद शाहिद खान अक्सर अनुपस्थित रहता था और हमेशा बोलता था कि मैं नौकरी नहीं करूंगा, छोड दूंगा। लेकिन छोडता नहीं था। गुरुवार को परेश माथुर ने शाहिद खान को नौकरी छोडने कहा तो नाराज होकर उसने शाम को फोन पर धमकाया। रात 8.20 बजे कल्याण ज्वेलर्स के पास पंडरी में परेश अपने दोस्त रसमीत सिंह के साथ खडा था, तभी वहां पर मोहम्मद शाहिद खान बुलेट से आया और गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। मना करने पर जेब से धारदार चाकू निकालकर हमला कर दिया। परेश पीछे हटा तो उसके बांये पैर में गंभीर चोट आई। पैर की नस कट जाने से अत्यधिक खून बहने के कारण वह बेहोश होकर गिर गया। साथी ने अस्पताल पहुंचाया, फिर थाने आकर परेश ने शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल आरोपित फरार है।

# कोरोना से महिला आरक्षक की मौत गम में डूबे परिजन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राजधानी रायपुर में कोरोना का कोहराम जारी है. कोरोना हर रोज लोगों को अपने आगोश में लेता जा रहा है. रायपुर में लगातार लोगों की कोरोना से मौत हो रही है. हाल में रायपुर के कोतवाली में पदस्थ महिला आरक्षक की कोरोना से मौत हो गई है. परिवार में मातम का माहौल है। रायपुर में महिला आरक्षक की इलाज के दौरान मौत हुई है। कोरोना संक्रमित महिला आरक्षक पिछले 5 दिनों से आयुर्वेदिक अस्पताल में भर्ती थी. कोरोना गाइडलाइन्स के मुताबिक इलाज चल रहा था. इलाज के दौरान महिला आरक्षक दम तोड़ दी। रायपुर में अब तक 5 थानों में कोरोना संक्रमण फैल चुका है। पुलिसकर्मियों को कोरोना से सतर्कता और सावधानी बरतने की अपील की जा रही है. महिला आरक्षक की मौत से पुलिस विभाग गमगीन है।



### वायरस बेलगाम

छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस बेलगाम हो चुका है. कोराना से तबाही जारी है. कोरोना के आंकड़ों को देखकर लोग डरने लगे हैं. क्योंकि किसी को नहीं पता है कि वो कब सं मित हो जाएंगे. प्रदेश में कोरोना की लहर तबाही मचा रही है. छत्तीसगढ़ में शु वार को 11 हजार 447 नए कोरोना पॉजिटिव मरीज़ों की पहचान हुई है. जबकि 63 लोगों की सं मण से जान गई है. राहत की बात यह है कि इस बीमारी से 2 हजार 305 मरीज़ स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज किए गए थे।

**एसएसपी की अपील-बाहर न निकलें, कंट्रोल रूम 24 घंटे खुला रहेगा, सभी थाना प्रभारी, सीएसपी तैनात है कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में**

# चौक चौराहों पर पुलिस मुस्तैद, वाहनों की चेकिंग, सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना के बढ़ते संक्रमण के बीच राजधानी रायपुर में टोटल लॉकडाउन किया गया है। ऐसी स्थिति में रायपुर पुलिस एसएसपी अजय कुमार यादव ने लोगों के नाम संदेश जारी कर लॉकडाउन के नियमों का पालन में पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस दौरान अत्यंत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलें। किसी भी आवश्यकता की स्थिति में रायपुर पुलिस मदद के लिए तत्पर है। कंट्रोल रूम 24 घंटे खुला हुआ है। सभी थाना प्रभारी, सीएसपी लगे हुए हैं। कोरोना संक्रमण की चेन को तोड़ने में मदद करें। बिना वजह घरों से बाहर निकलने पर और घूमते हुए पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। शहर के चप्पे-चप्पे में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही जिले की सीमाओं को भी सील कर दिया गया है। राजधानी की सड़कों पर एक बार फिर सन्नाटा पसर गया है। सन्नाटा बता रहा है कि रायपुर में कोरोना वायरस संक्रमण की स्थिति कहां पहुंच गई है। जिला प्रशासन ने रायपुर को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है। इसका असर लॉकडाउन के पहले दिन देखने को मिला। चौक चौराहों पर पुलिस मुस्तैद है। वाहनों की चेकिंग की जा रही है। बेवजह आवाजाही करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। नौ अप्रैल की शाम छह बजे से 19 अप्रैल की सुबह छह तक लगातार ऑनलाइन का पालन किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रायपुर डॉ एस भारतीदासन ने रायपुर जिला अन्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित किए जाने का आदेश जारी किया है। उन्होंने अपने आदेश में बताया कि वर्तमान में कोविड-19 पॉजिटिव प्रकरणों संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के अनुक्रम में जिला रायपुर में सार्वजनिक आवागमन एवं अन्य गतिविधियों पर कड़े प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। रायपुर जिले की सभी सीमाएं पूर्णतः सील है। उपरोक्त अवधि में केवल मेडिकल दुकानों को अपने निर्धारित समय में खुलने की अनुमति दी गई। मेडिकल दुकान संचालक मरीजों के लिए दवाइयों की होम डिलीवरी को प्राथमिकता देंगे। पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा केवल शासकीय वाहन,शासकीय कार्य में प्रयुक्त वाहन, एटीएम. कैश वैन, अस्पताल/मेडिकल इमरजेन्सी से संबंधित निजी वाहन,एम्बुलेंस, एलपीजी. परिवहन कार्य में प्रयुक्त वाहन, एयरपोर्ट,रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड से संचालित आटो,टैक्सी, विधिमान्य ई-पास धारित करने वाले वाहन, एडमिट कार्ड,कॉल लेटर दिखाने पर परीक्षार्थी एवं उनके अभिभावक, परिचय पत्र दिखाने पर मीडियाकर्मी,प्रेस वाहन,न्यूज पेपर हॉकर, दुग्ध-वाहन को छूट दी गई है।






# वन अधिकार पत्र के निरस्त होने की नोटिस पर गई किसान की जान

## वनाधिकार पत्र के काबिज जमीन से बेदखली आदेश के सदमे में किसान ने तोड़ा दम

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



मामला जिला मुख्यालय से लगे ग्राम चिखलपुटी का है, जहाँ 35 किसानों को प्रशासन ने वनाधिकार पत्र के काबिज जमीन से बेदखली का नोटिस भेजा है। ज्ञात हो कि उक्त वनभूमि के पास ही शहर कोण्डागाँव का नया बस स्टेण्ड बनना प्रस्तावित भी है। वहीं मिली जानकारी अनुसार किसान उत्तरा लहरे नोटिश मिलने के बाद काफी परेशान था जिसके चलते सदमे में उसकी जान चली गई।

बता दे कि जिला कोण्डागांव कलेक्टर कार्यालय, आदिवासी विकास शाखा से नोटिस क्रमांक/आ0वि0/वन.अधि./4725/2020-21, किसान उत्तरा कुमार दिया गया था, जिसमें व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र के संबंध में साक्ष्य अभिलेख / दस्तावेज उपलबध कराने के लिए ग्राम चिखलपुर्टी विकासखण्ड कोण्डागांव में वर्ष 2007-2008 एवं वर्ष 2012-13 में व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र वितरित किया गया है । वितरित वन अधिकार पत्र नियमानुसार नहीं होने के कारण निरस्त किया जाना प्रस्तावित है । अतः व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र प्राप्त करने के दावा के समर्थन में साक्ष्य व दस्तावेज 08 अप्रैल 2021 तक समय सीमा निर्धारित किया गया है । निर्धारित तिथि तक प्राप्त वन अधिकार पत्र के सबंध में उपलब्ध करायें अन्यथा जिला स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा आपका वन अधिकार पत्र निरस्त कर दी जायेगी, लिखा गया था। ग्राम के किसान की मौत के बाद सतनामी समाज के लोगो में काफी आक्रोश नजर आया वही किसानों ने कहा कि भाजपा शासन ने कृषि के लिए वनाधिकार पत्र प्रदान किया जहाँ वे कृषि कार्य कर परिवार का उदर पोषण कर रहें हैं वहीं उन्होंने कांग्रेस शासन पर बे दखली का आरोप लगाया है।

चक्का जाम की स्थिति बनने पर संभाला पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने आक्रोशित ग्रामीण शव को लेकर कलेक्टर कार्यालय प्रदर्शन विरोध हेतु कुच कर गए थे, जिन्हें जिला प्रशासन के अधिकारी रास्ते पर ही रोक मामले को सुलझाते नजर आए, जिसके चलते जिला अस्पताल व ननका ढाबा के बीच कुछ देर के लिए चक्का जाम सी स्थिति नजर आई जिसे तत्काल मौके पर ही पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने स्थिति सम्हालते आवाजाही सुचारू करवाया।

### एसडीएम व डिप्टी कलेक्टर ने ग्रामीणों की कलेक्टर से करवाई चर्चा

वहीं मौके पर एसडीएम कोंडागांव बीआर ध्रुव व डिप्टी कलेक्टर गौतम पाटिल ने ग्रामीणों को समझाइश देते उन्हें कलेक्टर कोण्डागाँव से मामले पर चर्चा करवाया, जिसके बाद कलेक्टर कोण्डागाँव ने उन्हें आश्वस्त किया, कि किसी भी किसान के साथ अन्याय नही होने दिया जाएगा व मामले पर नियमानुसार ही कार्यवाही की जाएगी। वहीं एसडीएम कोण्डागाँव बीआर ध्रुव ने जानकारी देते कहा कि मृतक किसान को बीमार हालात में अस्पताल में भर्ती किया गया था, जहाँ इलाज के दौरान उसकी स्थिति नाजुक होने के चलते उसे रिफर किया गया था जहाँ रास्ते मे उसकी मौत हो गई।

### नोटिस मिलने के बाद त्याग दिया खाना पीना

वहीं ग्रामीण व मृतक के परिजन शासन द्वारा दिये गए, नोटिस के चलते किसान उत्तरा लहरें पिता पवित्र लहरें की जान जाने की बात कह रहे है। कलेक्टर कोंडागांव के आदेश पर सहायक आयुक्त आदिम जाति विभाग के द्वारा जमीन से बेदखली का नोटिस दिया गया था, जिसमें ग्राम चिखलपुटी के 35 अन्य लोगों को भी नोटिस दिया गया है। मृतक के पिता ने कहा कि मृतक उत्तरा लहरें नोटिस से घबराया हुआ था, व जब से नोटिस मिला था उस दिन से उसने खाना पीना त्याग दिया था वही शनिवार 10 अप्रेल सुबह 6.00 बजे हॉस्पिटल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

# करोड़ों की लागत से बना इनडोर स्टेडियम देख रेख के अभाव में खंडहर में तब्दील

## स्थानीय खेल प्रेमियों को नही मिल पा रहा लाभ

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय नारायणपुर के माहका में एनएमडीसी के सी.एस.आर मद वर्ष 2016 से लगभग साढ़े छ करोड़ की लागत से बना इंडोर स्टेडियम खंडहर में तब्दील होता जा रहा है। शासन द्वारा स्थानीय खेल प्रतिभा को उभारने के उद्देश्य से इसका निर्माण कराया गया था इस स्टेडियम का निर्माण कार्य मार्च 2016 मे प्रारंभ हुआ था जो मई 2018 में पूर्ण हुआ जिसे ठेकेदार द्वारा निर्माण एजेंसी जिला निर्माण समिति को हस्तांतरित कर दिया गया था मात्र 3 वर्ष में ही रख रखाव के अभाव एवं प्रशासन की उदासीनता के चलते स्टेडियम खंडहर में तब्दील होता नजर आ रहा है। इंडोर स्टेडियम के खिड़की,कांच के दरवाजे असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिये गये है और कांच के टुकड़ फर्श पर बिखरे पड़े है पिछले कुछ समय पहले यहाँ के पंप हाउस से बोर पम्प एवं भवन में लगे पंखे चोरी होने की घटना भी घट चुकी है शाम होते ही परिसर शराबियों का अड्डा बन जाता है।

### हालात पर बहा रहा है आंसू

गौरतलब है कि माहका का इंडोर स्टेडियम विभाग व प्रशासन की उपेक्षा का शिकार होकर रह गया है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगभग साढ़े छः करोड़ रुपये की लागत से बने इस खेल स्टेडियम की दुर्दशा का आलम यह है कि सामने में लगा कांच का दरवाजा एवं खिड़की शरारती तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया हैं।यह अपनी बदहाली पर आंसू बहाने को मजबूर है, जिस प्रायोजन से इसका निर्माण हुआ वह आज तक अधूरा है, जबकि दिन प्रतिदिन भवन की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। यह सरकारी राशि का दुरुपयोग ही कहा जाए। करोड़ो की लागत से बने इस परिसर में चौकीदार की व्यवस्था न होना इसका एक प्रमुख कारण है।

# सर्व समाज जनप्रतिनिधियों ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

पायनियर संवाददाता ◄ भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी पुलिस एसआई किशोर तिवारी की तत्काल गिरफतारी की मांग को लेकर कोसरिया गांडा गंधर्व समाज भानुप्रतापपुर, सर्व समाज भानुप्रतापपुर व जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से रैली निकालकर एसडीएम कार्यालय पहुंच राज्यपाल, मुख्यमंत्री आदि के नाम का ज्ञापन सौंपा। तहसीलदार आनंद राम नेताम ने ज्ञापन लेते हुए अतिषीघ्र निश्पक्ष कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि महिला आरोपी पूजा ठाकुर व अन्य तीन आरोपी एसआई किषोर तिवारी, विकास सिरदानी व मनोज सिंह ने योजनाबद्ध तरीके से इस घटना को अंजाम दिया। नाबालिग युवती के चीख पुकार के बाद भी किसी को तरस नहीं आया। यह पूरा मामला भानुप्रतापपुर में सेक्स रेकेट संचालित होने की ओर इषारा करता है। ज्ञापन में इस पूरे मामले की अच्छी तरह से छानबीन कर अपराधियों को कडी से कडी सजा देने की मांग की गई है। वहीं आरोपी किषोर तिवारी को तत्काल बर्खास्त कर इसकी संपत्ति कुर्क कर पीडिता को उक्त राषि प्रदान की जाए। आरोपियों को फांसी देने की मांग भी ज्ञापन में की गई है। ज्ञापन कर्ताओं ने मामले में पुलिस की कार्यवाही पर भी संदेह व्यक्त करते हुए कहा है कि तीन आरोपियों को तो पुलिस तत्काल गिरफतार कर ली है परंतु पुलिस विभाग का एसआई किषोर तिवारी की अब तक गिरफतारी क्यों नहीं हो पाई है। तीन दिन के अंदर अंदर यदि एसआई की गिरफतारी एवं बर्खास्तगी नहीं होती है तो चौथे दिन सर्व समाज के द्वारा आंदोलन प्रारंभ कर धरना प्रदर्षन व चक्का जाम किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में सुनील बबला पाढी, मनीश योगी, मेहर सिंह वटटी, हेमप्रकाष षिवहरे, नरेंद्र बेसरे, अरविंद जैन, हरेष चकधारी, तुशार ठाकुर, लीलाप्रसाद कुलदीप, नरेंद्र कुलदीप, संजय नेताम, रवि कुलदीप, रमल कोर्राम, विश्णु कचलाम, पितेष्वर साहू, संतलाल बघेल, कौषिल्या टांडिया, मनीशा कुलदीप, अनसुईया सोनवानी, अनिता षर्मा, मीना कुलदीप, बद्रीनाथ गावडे, सूनाराम तेता, बृजबती मरकाम, विश्राम गावडे, जयंती रावटे, निर्मला कावडे, गिरधर लाल टांडिया आदि उपस्थित थे।

इसके पूर्व इस मामले को लेकर स्थानीय गोडवाना भवन में सर्व समाज की बैठक रखी गई थी। जिसमें इस मामले का विरोध करने के साथ साथ नगर में देह व्यापार संचालित होने की आषंका व कानून व्यवस्था सुचारू करने की मांग बाबत चर्चा की गई। बैठक के दौरान लोगों में इस मामले को लेकर में काफी आक्रोष नजर

# केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 199 ने टैराफिल जल शुद्धिकरण प्लांट लगाकर ग्रामीणों को सुपुर्द किया

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल 199 वी वाहिनी के द्वारा सुदूर गांवो में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की मुहिम के तहत आज ग्राम पिनकोण्डा में सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके तहत ग्रामीणों के लिए टैराफिल जल शुद्धिकरण प्लांट लगाकर ग्रामीणों को सुपुर्द किया गया तथा इस कार्यक्रम में आए ग्रामीणों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई, साथ ही 10 फिलिप्स रेडियो ग्रामीणों को दिए गए । आयोजन के मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह पाल, द्वितीय कमान अधिकारी 199



वाहिनी सीआरपीएफ ने अशुद्ध जल से होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि दूषित जल से पेट से संबंधित बीमारियां जैसे हैपेटाइटिस, डायरिया, चर्म रोग संबंधी बीमारियों का खतरा बना रहता है तथा बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास भी प्रभावित होता है । अतः सीआरपीएफ का यह प्रयास है कि कैंपों के आस-पास के गांवों तथा सार्वजनिक स्थानों पर टैराफिल्टर प्लांट को स्थापित किया जाए, तथा मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धन के लिए जरूरतमंद व्यक्तियों को रेडियो सेट दिए जाए । बटालियन की ओर से आयोजित किए गए सिविक एक्शन प्रोग्राम में स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी सराहनीय रही तथा सीआरपीएफ के इस कार्य की लोगों द्वारा सराहना की गई । इस अवसर पर कपिल देव खाण्डाल, सहायक कमांडेंट, तथा पिनकोण्डा के सरपंच रामाराम ओयामी, पिनकोण्डा पंचायत के सचिव, लक्ष्मण हपका, इत्यादि अन्य ग्रामीणों ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करा करके इस कार्यक्रम को सफल बनाया ।

# गलगम मिलिशिया प्लाटून सेक्शन सी के कमाण्डर ने किया आत्मसमर्पण

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com



उप महानिरीक्षक ऑप्स केरिपु कोमल सिंह, पुलिस अधीक्षक बीजापुर कमलोचन कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर के मार्ग दर्शन में जिले में चलाए जा रहे माओवादी उन्मूलन अभियान के तहत माओवादी रमेश माड़वी पिता स्व0 मल्ला माड़वी निवासी गलगम स्कूलपारा ( ग्राम गलगम मिलिशिया प्लाटून का सी सेक्शन कमाण्डर ) ने को अति पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ.पकंज शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स आशीष कुंजाम के समक्ष माओवादियो की खोखली विचारधारा, जीवन शैली, भेदभाव पूर्ण व्यवहार एवं प्रताड़ना से तंग आकर तथा छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया । रमेश माड़वी ने माओवदी संगठन में वर्ष 2003 से उसूर एलओएस सपनक्का द्वारा माओवादी संगठन में बाल संघम के पद पर भर्ती किया गया, जहां 5 वर्ष कार्य करने के बाद वर्ष 2008 में ग्राम गलगम को मिलिशिया सदस्य बनाया गया । वर्ष 2016 में गलगम मिलिशिया सेक्शन सी का सदस्य बनाया गया , वर्ष 2017 में गलगम मिलिशिया प्लाटून में सेक्शन सी का कमाण्डर बनाया गया । इसी दौरान माओवादी घटना में वर्ष 2018 में पामेड़ एलओएस डिप्टी कमाण्डर सोढी हुंगा पिता पाण्डू के नेतृत्व में आवापल्ली व उसूर रोड़ में ग्राम सीतापुर के आगे कुशवाह बस को रोककर बस मे बैठे यात्रियों को उतारकर बस को आग लगाकर जलाने में शामिल वर्ष 2019 में ग्राम उसूर का उईका सन्नू के खेतो में काम कर रहे 02 डोजर ट्रेक्टर वाहन को आग लगाकर जलाने की घटना में शामिल था ।आत्मसमर्पित माओवादी के विरुद्ध थाना उसूर मे 01 स्थाई वारंट भी लंबित है।

उक्त माओवादी द्वारा संगठन में परिवार से मिलने नही देने, माआवादियों की विचारधारा, जीवन शैली एवं भेदभाव पूर्ण व्यवहार से त्रस्त होकर, भारत के सविधान में विश्वास रखते हुये, छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर रमेश माड़वी द्वारा पुलिस के समक्ष समर्पण किया गया । समर्पण करने पर इन्हें उत्साहवर्धन हेतु शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत् रू 10000/- (दस हजार रूपये) नगद प्रोत्साहन राशि प्रदाय किया गया।

# भाजयुमो अध्यक्ष ने कलेक्टर से छोटे व्यापारियों के लिए अतिरिक्त व्यापार संचालन की मांग की

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर जिले में प्रशासन के नए आदेश अनुसार व्यापार संचालन हेतु प्रातः 8 बजे से शाम 6 बजे तक समय निर्धारण किया है कोरोना काल में छोटे व्यापारियों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ने प्रातः 2 घण्टे अतिरिक्त व्यापार संचालन की अनुमति हेतु मांग की है।

युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव ने बस्तर कलेक्टर को पत्र लिखकर कहा की जिला प्रशासन के द्वारा बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए समस्त व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन को लेकर हाल ही में आदेश जारी करके प्रातः



8:00 बजे से लेकर संध्या 6:00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। संबंधित आदेश के जारी होने के पश्चात् शहर में सुबह के दौरान नाश्ता इत्यादि का ठेला गाड़ी लगाने वाले सैकड़ों परिवार एवं व्यायाम शाला (जिम) संचालक काफी असमंजस की स्थिति में हैं। क्योंकि प्रशासन के द्वारा व्यावसायिक गतिविधियों के संचालन का समय प्रातः 8:00 बजे से निर्धारित हैं। जबकि इन सभी का व्यवसाय ही प्रातः 6:00 बजे से शुरू होता है और लगभग दो-तीन घण्टे में ही पूरा हो जाता है और इतने समय में ही अपना व्यवसाय चलाकर यह सभी परिवार अपना जीवन-यापन करते हैं। प्रशासन के द्वारा समय निर्धारण को लेकर जारी किये गए आदेश से ऐसे छोटे-गरीब व्यवसायी कोरोना वायरस से पहले भूख से ही मर जायेंगे। क्योंकि यह आदेश उन सभी गरीबों के लिए सम्पूर्ण लॉकडाउन से कम नहीं है। प्रसाशन बस्तर जिले के छोटे-गरीब व्यावसायियों के प्रति उदारतापूर्वक विचार करके व्यवसाय संचालन के समय में परिवर्तन करते हुए प्रातः 6:00 बजे से संचालन की अनुमति दे ताकि वह भी बिना किसी चिंतामय वातावरण के व्यवसाय करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

## विधायक विक्रम मंडावी सहित जनप्रतिनिधियों एंव कलेक्टर अग्रवाल की उपस्थिति में हुई बैठक

# कोविड टीकाकरण कराने और संक्रमण से बचाव में सहभागिता निभाने समाज प्रमुखों की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ बीजापुर
www.dailypioneer.com

कोविड-19 के लगातार बढ़ रहे मामलों के मद्देनजर जिले में कोविड टीकाकरण को तेजी के साथ संचालित करने सहित कोविड संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक सतर्कता बरतने एवं उपाय करने हेतु कलेक्टोरेट में विधायक एवं उपाध्यक्ष बस्तर विकास प्राधिकरण विक्रम मंडावी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में समाज प्रमुखों की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि पात्र लोगों का टीकाकरण करवाने के साथ ही कोविड संक्रमण से बचाव के लिए एहतियात बरतने संबंधी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने व्यापक जनजागरुकता जरुरी है। इस दिशा में टीका लगाने के लिए पात्र लोगों को प्रोत्साहित करें। वहीं आम लोगों को मास्क का अनिवार्य रुप से उपयोग, सोशल डिस्टेंस का पालन, साबुन से हाथों की धुलाई, सैनेटाईजर का उपयोग, भीड़ वाले स्थानों पर जाने से बचने संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने समझाईश दी जाये। उन्होने पहले से निर्धारित शादी-ब्याह जैसे आयोजनों को शासन के निर्देशों का पालन कर सीमित लोगों की मौजूदगी में संपन्न कराने कहा। वहीं कोविड टीकाकरण एवं कोविड जांच संबन्धी अफवाहों से सजग रहने पर बल देते हुए कहा कि ऐसे अफवाह या गलतफहमी से दूर रहें तथा आम लोगों को भी सतर्क रहने समझाईश देवें। इस दिशा में सम्बन्धित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी और समाज प्रमुख लोगों के साथ बैठकर चर्चा करें तथा समाधान करें। बैठक में कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों सहित व्यापारी संघ तथा अन्य संगठनों से कोविड टीकाकरण अभियान संचालन सहित कोविड संक्रमण से बचाव के प्रयासों हेतु व्यापक सहयोग प्रदान करने का आग्रह करते हुए कहा कि 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों तथा 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को टीका लगाने के लिए प्रेरित करें, उनके परिजनों को समझाईश देवें।

कोविड वैक्सीन की पहली डोज के बाद 6 से 8 सप्ताह में दूसरी डोज लगायी जाती है। टीका लगाने के बाद निगरानी कक्ष में करीब आधे घंटे तक संबंधित को रखा जाता है और आवश्यक परामर्श देकर घर भेजा जाता है। कलेक्टर अग्रवाल ने कोविड टीका लगाने के बाद भी कोविड संक्रमण के बचाव संबंधी निर्देशों का पालन अनिवार्य रुप से करने कहा। उन्होनें इस दिशा में आम लोगों को समझाईश देने पर बल दिया। कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल ने कोविड संक्रमण से बचाव हेतु सजगता बरतने के लिए आम लोगों को प्रेरित करने आग्रह करते हुए कहा कि वर्तमान में कोविड संक्रमण की गति तेज है, अभी लक्षण भी तुरंत पता नहीं चलता है। इसलिए शरीर में दर्द, कमजोरी या थकान महसूस होने पर तुरंत कोविड जांच करायें। जिससे उपचार भी शीघ्र हो सकेगा। स्वंय सजग रहें, और परिवार को सतर्कता बरतने के लिए कहें। वर्तमान में बचाव ही उपचार है। इसे ध्यान रखकर बचाव की रणनीति अपनायें और मास्क का अनिवार्य रुप से उपयोग, सोशल डिस्टेंस का पालन, साबुन से हाथों की समय-समय पर धुलाई, सैनेटाईजर का उपयोग, भीड़ वाले जगहों पर जाने से बचने सम्बन्धी एहतियात का अवश्य पालन करें। वहीं इस दिशा में आम लोगों को नियमित रुप से समझाइश देवें। कलेक्टर अग्रवाल ने बाजार एवं दुकानों में अनावश्यक भीड़ नहीं करने के लिए लोगों को सजगता बरतने हेतु समझाईश देने कहा। वहीं कोविड जांच के लिए लोगों को प्रोत्साहित किये जाने का आग्रह किया। उन्होनें बाजारों में दुकानों को एक निर्धारित दूरी पर लगाये जाने के लिए भी आग्रह किया। वहीं जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों एवं व्यापारी संघ के सुझाव पर नगरीय क्षेत्रों में दुकानों को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक खोलने सहित सब्जी, दूध, फल ईत्यादि की आपूर्ति हेतु समयावधि निर्धारित करने की बात कही। बैठक में सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी ने कोविड संक्रमण से बचाव सम्बन्धी कार्यों तथा कोविड जांच के लिए राजस्व, पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले को हरसंभव सहयोग देने का आग्रह करते हुए कहा कि अधिक से अधिक जांच करायें, ताकि कांटेक्ट ट्रेसिंग सुनिश्चित किया जा सके और संक्रमण के चैन को रोकने में मदद मिल सके। उन्होनें 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों तथा को -मार्बिड मरीजों को कोविड संक्रमित होने पर अनिवार्य रुप से कोविड अस्पताल में उपचार कराने हेतु भर्ती करने पर बल देते हुए कहा कि इससे सम्बन्धित मरीज के बेहतर उपचार हेतु मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि जिले के नगरीय क्षेत्रों में किराना, कपडा, सेलून, सब्जी आदि दुकानदारों का कोविड जांच हेतु अलग-अलग व्यवस्था कर रहे हैं। इसलिए जांच के लिए डरें नहीं और स्वप्रेरित होकर जांच के लिए आगे आयें। इस दिशा में आम लोगों को भी अधिकाधिक प्रेरित करें। बैठक के दौरान सर्व आदिवासी समाज प्रमुख तेलम बोरैया ने कोविड संक्रमण से बचाव सम्बन्धी सजगता बरतने के लिए पंचायत स्तर पर व्यापक जागरुकता निर्मित करने का सुझाव दिया। उन्होने इस हेतु पंचायत पदाधिकारियों और मैदानी अमले का सहयोग लिये जाने कहा। वहीं कोटवारों के जरिये नियमित रुप से मुनादी कर अवगत कराये जाने पर बल दिया। व्यापारी संघ के श्री सुनील साहू ने दुकानों का समय-सीमा निर्धारित करने सहित दूध, फल, सब्जी आदि आवश्यक सामाग्रियों की आपूर्ति के लिए पृथक समयावधि निर्धारित करने का सुझाव दिया। इस दौरान अन्य जनप्रतिनिधियों एवं समाज प्रमुखों ने भी अपने अमूल्य सुझाव दिये। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुडियम, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बेनहूर रावतिया, जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया एवं वरिष्ठ नागरिक लालू राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख तथा व्यापारी संघ एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधी मौजूद थे।

### तोकापाल अनुविभाग में हाट-बाजारों को किया गया प्रतिबंधित

**जगदलपुर।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं इन्सीडेंट कमाण्डर अनुभाग तोकापाल द्वारा तहसील तोकापाल, दरभा एवं बास्तानार क्षेत्रान्तर्गत आयोजित होने वाले सभी स्तर के स्थानीय साप्ताहिक हाट-बाजारों को 10 अप्रैल 2021 से आगामी आदेश पर्यन्त तक प्रतिबंधित किया गया है। अनुविभागीय दण्डाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार एवं छत्तीसग? शासन द्वारा जारी की गई गाईड लाईन अनुसार कोरोना वायरस (कोविड-19) नियंत्रण के संबंध में वर्तमान में जिला प्रशासन द्वारा सम्पूर्ण जिला में धारा 144 प्रभावशील है। वर्तमान में जिले में कोरोना वायरस पॉजिटिव प्रकरणों में वृद्धि को देखते हुए उसके नियंत्रण हेतु लोकहित में परिस्थिति अनुरूप अतिरिक्त प्रतिबंध अधिरोपित किया जाना आवश्यक हो गया है। इसलिए क्षेत्र के साप्ताहिक हाट-बाजारों के प्रतिबंधित किया गया है।

# तीन घंटा विलंब से खुला गेट

## चौपट होती व्यवस्था से परेशान किसान

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

तीन घंटे इंतजार के बाद खुला गेट। थका देने वाला यह समय जब खत्म हुआ तो पहली चिंता थी, जगह मिलेगी या नहीं? लेकिन मंडी अभिकर्ताओं के मार्गदर्शन के बाद यह चिंता दूर हुई। बड़ा सवाल- गेट बंद क्यों था? जवाब नहीं मिलेगा क्योंकि इस कृषि उपज मंडी में ऐसा होता, पिछले कुछ माह से किसान ना केवल देख रहा है बल्कि सह भी रहा है अव्यवस्था को। समय पर कोई काम नहीं करने की ठान रखी है। अव्यवस्था कोने-कोने में तेजी से फैल रही है। नियंत्रण करने वाले दिखाई नहीं देते। उबड़-खाबड़ प्रांगण कैसे समतल किया जाए? इसके लिए प्रयास होता, कभी देखा नहीं गया। ऐसे में बारिश का पानी कृषि उपज का क्या हाल करता होगा, इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है। परेशानी बताए जाने पर, इंतजाम खुद करें जैसे जवाब मिलते हैं। ऐसे में नीलामी के पहले सुरक्षा, किसान और अभिकर्ता करते हैं तो नीलामी के बाद यह काम मिलर्स को करना पड़ता है।



### सुनवाई कहीं नहीं

तमाम तरह की दुश्वारियां जब परेशान करतीं हैं तो उपाय यही रह जाता है कि जानकारी दी जाए लेकिन यहां भी निराशा ही हाथ आती है क्योंकि जिम्मेदार समय पर मिलते नहीं। जो हैं उनके पास समाधान करने के अधिकार नहीं है। ऐसे में मन मारकर चुपचाप निकलना पड़ता है।

हर समस्या पर नजर है। एक-एक करके सभी समस्याएं दूर की जाएंगी। व्यवस्था बनाने में कुछ समय अवश्य लगेगा।

**-एस चवरे,**
सचिव, कृषि उपज मंडी, भाटापारा

**सबसे बड़ी परेशानी**

मंडी के कामकाज से जुड़े रहने वाले अधिकांश का कहना है कि मंडी के स्तर और आवक के लिहाज से, कर्मचारियों के साथ श्रमिकों की भी संख्या बढ़ाई जानी चाहिए ताकि समय पर सारे काम संपादित हो सकें लेकिन यह नहीं होने से, सुबह से निकला किसान देर रात घर पहुंचने के लिए मजबूर है। इसे थोड़ा विस्तार से समझाते हुए मंडी अभिकर्ता संघ के अध्यक्ष राजेश तिवारी कहते हैं कि जो श्रमिक गाड़ी खाली कर रहा है, वही इस काम को करने के बाद बोरों की कटाई करता है जबकि हर काम के लिए श्रमिकों की अलग व्यवस्था होनी चाहिए। समस्या बताई, मांग भी रखी लेकिन जाने क्यों इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

# कोरोना संक्रमण को लेकर विधायक ने अधिकारियों से की चर्चा

## कोविड सेंटर का जायजा लिया विधायक शिवरतन शर्मा ने



पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

जिले एवं क्षेत्र में कोरोना संक्रमण के बढ़ने तथा लगातार स्थानीय निवासियों में संक्रमितों की संख्या में वृद्धि से क्षेत्रीय विधायक,आमजन, प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग सभी चिंतित है।

भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने कोरोना की बिगड़ी हुई स्थिति के कारण लोगो को हो रहे समस्या को ध्यान में रख कर जिला कलेक्टर से बात कर भाटापारा सुरखी के कोविड सेंटर को पुनः प्रारम्भ करने हेतु चर्चा की..एवं आज शुक्रवार को अधिकारियों के साथ उक्त कोविड स्थल का जायजा लिया जहाँ 73 बिस्तर का कोविड हॉस्पिटल पुनः प्रारम्भ किया जाएगा। विधायक ने कहा कि जिला कोविड अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है, इसलिए स्थानीय सुरखी कोविड अस्पताल को पुनः कोविड सेंटर बनाया जाए। विधायक ने राजस्व, नगरपालिका और स्वास्थ्य विभाग से कहा कि वे नियमित शहर और ग्रामीण क्षेत्र में दौरे करें और मास्क नहीं लगाने वाले, सोशल डिस्टेंसिंग की पालना नहीं करने वालों को जागृत करे। कोरोना मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या के कारण भाटापारा सुरखि रोड पर स्थित कोविड केयर सेंटर को पुनः से शुरू किया जाएगा। यहाँ कोरोना पॉजिटिव आने वालों मरीजों की देखभाल एवं इलाज सेंटर पर किया जाएगा। विधायक शिवरतन शर्मा ने अधिकारियों के साथ उक्त स्थल पर पहुंचकर कोविड केयर सेंटर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सफाई व्यवस्था, मरीजों के खाने की व्यवस्थाओं पर विशेष जोर दिया गया। शिवरतन शर्मा ने पत्रकारों के माध्यम से अपील की है कि सभी व्यक्ति अपने सुरक्षा का पूरा ध्यान रखे। मास्क,सेनेटाइजर अथवा साबुन से लगातार हाथ धोते रहे। अनावश्यक रूप से भीड़ भाड़ वाले जगहों से बचने का प्रयास करे। बच्चे एवं बुजुर्गो का विशेष ख्याल रखे साथ ही घर से बाहर निकलते समय मास्क के उपयोग को नियमित रूप से दिनचर्या में शामिल करें। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री राकेश तिवारी,जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, नायाब तहसीलदार मयंक अग्रवाल,सी एम ओ आशिष तिवारी, बी एम ओ डॉ माहेश्वरी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# बिना पढ़ाई कराये परीक्षा लेना बेमानी : टेसूलाल धुरंधर

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

विधानसभा चुनाव में विधायक प्रत्याशी रहे व प्रदेश भाजपा कार्यसमिति शिक्षा प्रकोष्ठ के सदस्य टेसूलाल धुरंधर ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वी की परीक्षा तिथियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से शासन .प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए स्थिति सामान्य होने पर परंपरागत परीक्षा आयोजित करने के पूर्व बच्चों को विधिवत कक्षाध्यापन कराने के बाद ही परीक्षा लेने की मांग की है क्योंकि कक्षा में बिना पढ़ाई लिखाई कराये परंपरागत परीक्षा लेना बच्चों के साथ बेमानी है उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में शालाओं को वर्ष भर बंदकर मोहल्ला क्लास लाउडस्पीकर क्लास पढ़ाई तुंहर दुआर जैसे नवाचारी प्रयोग किया जाता रहा अगर यह पद्धति ही ठीक है तो माध्यमिक शिक्षा मंडल को चाहिए कि परीक्षा तुंहर दुआर श् योजना लांच कर बच्चों की परीक्षा लेऔर यदि परंपरागत परीक्षा लेना है तो नैतिकता के नाते बच्चों को कक्षाध्यापन कराकर स्तरानुकूल उपलब्धियों के बाद ही परीक्षा का आयोजन करें ताकि आगे चलकर छत्तीसगढ़ के बच्चे राष्ट्रीय स्तर पर फिसड्डी साबित ना हो पाए ।

# शहर सहित अंचल वासियों के लिए एंबुलेंस सेवा का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

नगर व क्षेत्र में गरीबों के लिए एंबुलेंस सेवा की सुविधा स्व मानिकचंद छाजेड़ की स्मृति में प्रतिभा पब्लिक स्कूल प्रगति सेवा समिति द्वारा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, नए एंबुलेंस का डॉक्टर नारायण साहू ने और स्वास्थ्य विभाग के की टीआर धृतलहरें की उपस्थिति में लोकार्पण किया गया । इस अवसर पर तेरापंथ सभा सरायपाली के मोहन जैन रतन जैन विनोद जैन सुशील जैन महेंद्र पारेख के साथ प्रगति सेवा समिति के अध्यक्ष नरेश चंद्र अग्रवाल ,सचिव महेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अवधेश अग्रवाल, सदस्य श्याम सुंदर अग्रवाल, मुस्ताक खान के



साथ कैट नगर के अध्यक्ष मदन लाल अग्रवाल छग चेम्बर के प्रदेश मंत्री संजय अग्रवाल बड़ी संख्या में पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ता पार्षद हरदीप सिंह रैना उपस्थित थे। कोविड के गाईड लाईन का पालन करते हुए सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क लगाकर पूजा करके एंबुलेंस का लोकार्पण किया गया । अवधेश अग्रवाल ने बताया कि यह एंबुलेंस बाजार भाव से 40त्न कम तक बीपीएल कार्ड धारियों को उपलब्ध कराई जाएगी । डॉ नारायण साहू ने कहा कि यह आम आदमियों के लिए एक बेहतर सुविधा सिद्ध होगी और अगर किसी पेसेंट को अस्पताल से शिफ्ट किया जाता है तो हम जरूरत पड़ी तो ऑक्सीजन भी उपलब्ध कराएंगे । प्रगति सेवा समिति ने एंबुलेंस दानदाता स्व मानिकचंद छाजेड़ के परिवार को साधुवाद दिया और कहा इसे संचालन का दायित्व हमें देकर जो विश्वास जताया है उसे हम पूरी निष्ठा से पूरा करेंगे।

## कलेक्टर सुनील कुमार जैन कोरोना संक्रमित

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर सुनील कुमार जैन कोरोना संक्रमित हो गये हैं। उनका कोरोना जांच रिपोर्ट आज पॉजिटिव आया है। एंटीजन टेस्ट में रिपोर्ट निगेटिव आई थी। लेकिन ट्रू नॉट टेस्ट में जांच किये जाने पर पॉजिटिव रिपोर्ट आया है। जैन ने संक्रमण से बचाव के लिए उनसे सम्पर्क में आने वाले सभी लोगों को कोरोना जांच करा लेने की अपील की है। वे स्वयं होम आइसोलेट होकर दवा-इलाज ले रहे हैं।

# बैगर मास्क के घूमने वालों पर हो रही है कार्यवाही



पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

क्षेत्र में कोरोना के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए इसके नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा कोरोना गाइडलाइन का पालन करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है फिर भी कई लोग बिना मास्क के घूमने वालों पर चलानी कार्यवाही की जा रही है इसी के तहत नगर के पदमपुर रोड पर ओवर ब्रिज के नीचे नयाब तहसीलदार इंद्र राम चंद्रवंशी द्वारा पुलिस विभाग व नगरपालिका कर्मचारियों के सहयोग से चलानी कार्यवाही किया गया । इस संबंध में चंद्रवंशी ने बताया कि पिछले 10 दिनों से मास्क चेकिंग कर रहे हैं मास्क नहीं लगाने वालों पर चलानी कार्यवाही भी की जा रही है।

# दुकान संचालकों ने शिवसैनिकों के साथ कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ भाटापारा
www.dailypioneer.com

शिवसेना के जिलाध्यक्ष संतोष यदु के निवास रावन पहुंचकर गरीब दुकानदारो ने अपनी समस्या बताते हुए शिवसेना से मदत की गुहार लगाते हुए निवेदन पत्र सौंपा जिसके बाद बलौदाबाजार के बस स्टैण्ड़ में हटाए जा रहे गरीब दुकानदारो के बचाओं में ऊतरे संतोष यदु ने नगरपालिका अधिकारीयो पर आरोप लगाते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी व दुकान खाली कराने वाले अमले को लताड़ते हुए आदेश की कापी व आबंटित लोगों की लिस्ट व किस आधार पर पात्र लोगों की लिस्ट जारी किया हैं यह पुछते हुए बताया की हम हाईकोर्ट के आदेश का सम्मान करते हैं लेकिन जिनको मुख्य मंत्री स्वावलंबन



योजना के तहत वन विभाग के सामने बने 14 दुकानो का आबंटन किया गया हैं उनकी पात्रता क्या हैं कैसे जिन व्यक्तियो का दुकान से कोई लेना देना नहीं उनको दुकान आवंटित किया गया जबकी 35 वर्षो पहले से उस जगह पर टिन बोरी का छपरी लगाकर चाय , सायकल पंचर बनाने , फल , मोची , सैलुन , आदि दुकानो का संचालन कर अपना और अपने परिवार का पेट पाल रहे गरीब परिवार को नगर पालिका के तत्कालिन अधिकारी आश्वासन देते रहे की टिन टपरी छपरी के जगह पर दुकान बनाकर दिया जाएगा और बनने के बाद दुकानो का संचालन भी करने लगे लेकिन कुछ चुनिंदा नेता लोग अपने राजनितिक प्रभाव के कारण गरीबो को बेदखल कर नगर पालिका अधिकारीयो से मिलिभगत कर अपात्र व्यक्तियो को दुकान का आबंटन कर दिया गया जबकी जितने लोगों के नाम दुकान आबंटन हुआ हैं वे कहीं न कही किसी राजनीतिक नेताओ के रिश्तेदार हैं या किसी सरकारी अधिकारीयो के करिबी व रिश्तेदार जो आरोप जिलाध्यक्ष संतोष यदु ने लगाया हैं और सभी 14 दुकान संचालको के साथ पैदल कलेक्टोरेड़ पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर के एल सोरी को ज्ञापन सौंपकर दुकान आबंटन में हुए गड़बड़ी की जाँच करने व दोषियो पर कार्यवाही करने तथा मानवता दिखाते हुए गरीब दुकान संचालको को विस्थापित कर जगह देने जिससे वे अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें जिसपर डिप्टी कलेक्टर ने उन्हे जल्द ही कोई रास्ता निकालने आश्वासन दिया हैं । इधर दुकान संचालक सुप्रिम कोर्ट में अर्जी लगाने की तैय्यारी के साथ साथ गैर कानुनी तरिके से दुकान आबंटन कर लिस्ट कोर्ट में भेजने के लिए स्थानिय रसुखदारो के दबाव में आकर नगर पालिका पर आरोप लगाया हैं और शिवसेना का साथ लेकर अपने हक की लड़ाई लड़ने की तैय्यारी में लगे हैं । ज्ञापन सौंपने वालो में शिवसेना जिलाध्यक्ष संतोष यदु के साथ जिला महासचिव मनहरण साहु , जिला कार्यकारणी गंगोत्री साहु , ब्लॉंक अध्यक्ष भुपेन्द्र दास मानिकपुरी , उपाध्यक्ष डिगेश्वर साहु , जित्तु वर्मा , विशाल माही , एवं दुकान संचालक जनार्दन चेलक , बलराम रजक , दाऊराम सेन , दिलीप साहु आर के बांधे , दुर्गेश साहु , नरेश , रामजी यादव , शत्रुहन सेन , मुन्ना यादव , खेलन साहु , बुधराम निषाद , विदेशी राम मेहर , एवं शिवसेना कार्यकर्ता मौजुद थे

**मरम्मत के अभाव में बंद पड़े हैंडपंप, इंदिरा आवास के निवासियों को पीने के पानी लाने दूसरे पंचायत पर आश्रित**

# इंदिरा आवास के निवासियों को 20 किलोमीटर दूर से लाना पड़ता है पानी

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूरी पर एनएच- 53 स्थित ग्राम पंचायत सिंघोडा के इंदिरा आवास में निवास कर रहे ग्रामीणों को इन दिनों पीने के पानी को लेकर दूसरे पंचायत पर निर्भर होना पड़ रहा है। हालांकि यहां पेयजल के लिए साधन है जिसमें एक हैंडपंप व दूसरा मोटर पंप है लेकिन दोनों ही साधन पंचायत की देखरेख व मरम्मत के अभाव में बंद पड़े हुए हैं।

इंदिरा आवास के निवासियों ने अपने परिवार की प्यास बुझाने के लिए महिलाएं लंबी दूरी तय करके पानी लेकर आ रही है इस मोहल्ले में लगभग 150 लोग निवास करते हैं गरीब तबके के लोग होने से अपने परिवार चलाने व लालन पालने के लिए रोजगार के लिए प्रत्येक दिन बाहर जाना पड़ता है यहां के लोग



अपनी प्यास बुझाने के लिए पास के ही ग्राम पंचायत खरखरी के सीमा से पानी के स्त्रोत से पानी लेने जाते हैं ग्रामीणों का कहना है कि पानी की व्यवस्था के लिए हैंडपंप है लेकिन सरपंच व सचिव 5 माह गुजरने के बाद भी इसका मरम्मत नहीं करवा रहे हैं।



**पानी के लिए लंबी लाइन की भी समस्या :** इस पानी की समस्या को लेकर जब उनसे बात किया गया तो महिलाओं ने कहा कि हमें लोग कहते हैं कि दूसरे गांव से पानी लेने से हमे शर्मिंदगी महसूस होती है। इसके लिए हम यहां से लंबी दूरी तय करते हैं और वहां जाकर लंबी कतार में लगते हैं जिसके बाद ही हमें पानी मिल पाता है।

# 14 दुकानों में अवैध रूप से काबिज कब्जाधारियों से कब्जा मुक्त कराकर अधिपत्य में लिया

पायनियर संवाददाता ◀ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वर्ष 2012 के पूर्व पुराने काष्ठागार के समीप निर्मित मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की 14 दुकानों में अवैध रूप से काबिज कब्जाधारियों से दुकानों को कब्जा मुक्त कराकर नगर पालिका द्वारा ताला लगाने एवं अधिपत्य में लेने की कार्यवाही की गई।

माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा जारी किये गये याचिका क्रमांक 68/2021 बुधराम एवं अन्य बनाम छ.ग. शासन निर्णय 08.अप्रैल परिपालन एवं निर्देश व आदेश के अनुरूप किये गये कार्यवाही में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश्वरी पटेल, तहसीलदार गौतम सिंह एवं पुलिस विभाग की उपस्थिति में मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा कब्जाधारियों को दिये गये नोटिस उपरांत दूसरे दिवस कार्यवाही करते हुए 09 वर्षो से कब्जा में रहे दुकानदारों से 02 घण्टे में कब्जा मुक्त कराकर नगरपालिका ने अपना ताला लगाकर दुकानों को अपने अधिपत्य में ले लिया। रोस्टर प्रणाली से किये गये लॉटरी पद्धति से नगर के आवेदकगणों को उक्त दुकान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बलौदाबाजार के कक्ष में दिनांक 28.04.2012 को लॉटरी पद्धति से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, महिला वर्ग एवं सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को नियम अनुसार दुकाने प्रदान की गई थी, जिस पर आपत्ति करते हुए कुछ दुकानदारों द्वारा आबंटन के पूर्व ही कब्जा में कर दुकानदारी करते रहें व न्यायालय में याचिका लगाकर अवैध रूप से दुकान में काबिज रहें वास्तविक दुकानों के आबंटन प्राप्तकर्ता एवं शासन द्वारा (नगर पालिका) लगातार चले न्यायालयीन कार्यवाही पश्चात् उच्च न्यायालय द्वारा दुकानदारों के पक्ष में फैसला देते हुये अवैध रूप से कब्जाधारियों से दुकान खाली कराने व कब्जा अवधि का किराया वसूल करने का निर्णय की प्रति सौंपी गयी। नगर पालिका द्वारा कार्यवाही करते हुए उक्त दुकानदारों से दुकानों को तत्काल कब्जा मुक्त कराकर वास्तविक हितग्राहियों को दुकान सौंपने सूचना पत्र जारी की गयी। कब्जाधारियों से दुकानों को खाली कराये जाने के दौरान तहसीलदार गौतम सिंह, पटवारी तेजपाल दुबे, ऋतुराज साहू, टीकाराम यादव, पुलिस विभाग के एस.आई. श्री कुर्रे जी व अन्य पुलिस विभाग के एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों सहित नगर पालिका के राजस्व निरीक्षक हरीश कुमार साहू, स.रा.नि. शतेन्द्र सिन्हा, प्रसून शर्मा, राजेश यादव, भूवनेश्वर साहू, किशोर यादव, कैलाश सोनी, सालिक राम वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# अनिर्बान दासगुप्ता ने कोविड से निपटने के लिए श्रम संगठनों व एसोसिएशनों से की चर्चा

**-सभी ने कोविड के संकटकाल में किए गए कार्यों के लिए**

**-बीएसपी के चिकित्सा बिरादरी की जमकर की तारीफ**

पायनियर संवाददाता < भिलाई
www.dailypioneer.com



सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संयंत्र के विभिन्न श्रम संगठनों, एससी एसटी एसोसिएशन तथा ऑफिसर एसोसिएशन के पदाधिकारियों से कोविड के वर्तमान परिस्थिति तथा इसके नियंत्रण, बचाव व चिकित्सा हेतु सारगर्भित चर्चा की। इस दौरान बीएसपी प्रबंधन द्वारा कोविड के परिस्थितियों से निपटने हेतु की गयी तैयारियों की समग्र जानकारी प्रदान करने के साथ ही शामिल पदाधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर इसे और अधिक कारगर बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में कार्यपालक निदेशक (मेडिकल एवं हेल्थ सर्विसेज) डॉ. संजीव इस्सर तथा कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) सुरेश कुमार दुबे सहित जेएलएन अस्पताल के सीएमओ डॉ प्रमोद विनायके विशेष रूप से उपस्थित थे। डायरेक्टर इंचार्ज दासगुप्ता ने बताया कि संयंत्र अपने कार्मिकों उनके परिजनों और भिलाई क्षेत्र के सभी नागरिकों के जान की सुरक्षा के लिए हर संभव उपाय कर रहा है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी यूनियन और संगठनों के नेता आम जन के मनोबल को ऊंचा उठाने और उन्हें जागरूक करने का काम करें। संयंत्र हर स्तर पर दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है। हॉस्पिटल में बिस्तरों की संख्या बढ़ाई जा रही है । उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में वैक्सीनेशन कराएं। उन्होंने वैक्सीनेशन करवाने वाले कर्मियों को एक दिन के विशेष अवकाश देंने की भी घोषणा की । चर्चा के दौरान अनिर्बान दासगुप्ता ने समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियो को तत्काल निर्देश दिए। डॉ. प्रमोद विनायके ने सर्वप्रथम विस्तार से संयंत्र में उपलब्ध सुविधाओं उनमें विस्तार के लिए किये गए उपाय और दवाओं की उपलब्धता के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि कार्मिकों को कोविड में त्वरित व समुचित चिकित्सा प्रदान करने हेतु बीएसपी के जेएलएन अस्पताल में वर्तमान में लगभग 540 बिस्तरों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही बीएसपी का जेएलएन अस्पताल छत्तीसगढ़ का सबसे बडा कोविड सेंटर बन गया है। बीएसपी कर्मियों के तत्काल इलाज हेतु आवश्यक दवाएं आपात रूप से खरीदी जा रही हैं । प्रबंधन ने नियमों को शिथिल कर यह सुविधा उपलब्ध कराई है। सुरेश कुमार दुबे ने यह भी बताया कि सेवानिवृत्त चिकित्सकों और मेडिकल तकनीशियनों से भी संपर्क किया जा रहा है कि जिससे इस संकटकाल में उनकी सेवाएं भी मिल सकें। सुरेश दुबे ने कहा कि आज की यह बैठक सभी को समावेश कर जागरूकता पैदा करने और अच्छे सुझाव लेने के लिए बुलाई गई है। इस प्रयास से कोविड से लड़ने में मदद मिलेगी। यूनियन के सदस्यों ने कहा कि संयंत्र के कर्मी चिंतित और आशंका में हैं उन्हें संबल देने की जरूरत है। कोविड टेस्ट के केंद्र की संख्या संयंत्र के अंदर और बाहर दोनो जगह होनी चाहिए और ये संख्या बढ़नी चाहिए। वैक्सीनशन को लेकर लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुसार 11 अप्रेल से 14 अप्रेल तक वैक्सीनशन उत्सव मनाना चाहिए। उन्होंने कर्मियों के लिए अतिरिक्त ग्रुप बीमा की मांग भी सामने रखी। कोरोनॉ से मृत व्यक्तियों के आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति का प्रावधान भी होना चाहिए। हिर्री के कर्मियों के लिए अपोलो हॉस्पिटल के साथ व्यवस्था होनी चाहिए। प्रबंधन ने बताया कि इस पर पहले ही प्रक्रिया की जा रही है।

यूनियन के सदस्यों ने मांग रखी कि कोरोना के विकराल रूप को देखते हुए कर्मियों की सुरक्षा के लिए रोस्टर सिस्टम लागू करना चाहिए। प्रतिनिधियों ने 45 वर्ष से कम उम्र के कर्मियों के लिए टीकाकरण की मांग की। राजहरा माइंस के प्रतिनिधियों ने कहा कि आपात स्थिति में राजहरा से भिलाई या रायपुर लाये जा रहे मरीजों के लिए विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। सुविधायुक्त एम्बुलेंस और उसमें सहायक की उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए। ठेका श्रमिकों के लिए भी चिकित्सा और छुट्टियों के लिए स्पष्ट नीति की मांग की। बीच बीच मे प्रबंधन की ओर से कार्मिकों की मांगों पर वस्तुस्थिति की जानकारी भी दी गई। प्रबंधन ने बताया कि ठेका श्रमिकों के लिए भी टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उम्र की सीमा में छूट देने का विषय शासन के नियमों के अनुसार ही किया जा सकेगा हालांकि डायरेक्टर इंचार्ज ने कहा कि वे कम उम्र के लोगों के लिए भी टीकाकरण का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने ग्रुप बीमा की मांग पर भी आवश्यक पहल का आश्वासन दिया। कोविड सेंटर टाउनशिप में अन्यत्र भी खोलने पर उन्होंने प्रयास करने कहा ताकि सामान्य संक्रमण वाले मरीजों की देखभाल हो और मुख्य हॉस्पिटल को गंभीर मरीजों के लिए खाली रखा जा सके। जांच की सुविधा बढाई जा रही है। इनवेजीव और नॉन इन्वेजीव वेंटीलेटर पर्याप्त संख्या में है। ऑक्सीजन पाइपलाइन युद्ध स्तर पर हॉस्पिटल के अनेक क्षेत्रों में पहुंचाई गई है। ऐसे मरीज जिन्हें ऑक्सीजन के बिना देखरेख की आवश्यकता है उनके लिए टाउनशिप में अन्यत्र कोविड चिकित्सा की व्यवस्था की जा रही है। बैठक में उपस्थित सभी सम्मानीय सदस्यों ने कोविड के इस संकटकाल में बीएसपी के चिकित्सा बिरादरी के प्रत्येक सदस्य की एक स्वर में प्रशंसा की और उन्हें उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी।

# कलयुगी पुत्र ने पिता के सिर पर चावल पीसने वाले पत्थर मारकर की हत्या

**आरोपी को गिरफ्तार भेजा गया रिमांड पर, चक्रधरनगर के ग्राम कुम्हीबहाल की घटना**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com



चक्रधरनगर थाना अन्तर्गत आने वाले ग्राम कुम्हीबहाल में सात अप्रैल की रात गांव के महेश राठिया 52 वर्ष की उसके पुत्र गौरहरि राठिया ने जांता पत्थर को उठाकर सिर में मारने पर महेश राठिया की मौत हो गई। घटना की सूचना बाद घटनास्थल पहुंचे थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक द्वारा मृतक के वारिशानों से पूछताछ कर मर्ग जांच पर आरोपी गौरहरि राठिया के विरूद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार सात अप्रैल की रात को महेश राठिया और उसका पुत्र गौरहरि राठिया घर में शराब पीए हुए थे। मृतक का भाई, बहू एवं गवाहों ने जांचकर्ता पुलिस अधिकारी को बताये कि मृतक का पुत्र गौरहरि राठिया कुछ काम धंधा नहीं करता है जिसे महेश राठिया रात करीब ग्यारह बजे तुम कुछ काम धंधा नहीं करते हो बोला तो दोनों में झगड़ा विवाद होने लगा। जिस पर गौरहरि घर के परछी में रखे जाता पत्थर (चक्की आटा चावल पीसने का पत्थर) को उठा कर उसके पिता को जान से मारने के लिये सिर, चेहरे पर मारा जिससे महेश राठिया को गंभीर चोटें आयी। घटना के बाद घायल महेश राठिया को घरवाले के.जी.एच. अस्पताल लेकर गये जहां डॉक्टर द्वारा उसे चेक कर मृत बताया। घटना के संबंध में थाना चक्रधरनगर में दर्ज मर्ग की जांच पर से आरोपी गौरहरि राठिया पिता महेश राठिया उम्र 26 वर्ष ग्राम कुम्हीबहाल नटवरपुर चक्रधरनगर रायगढ़ के विरूद्ध धारा 302 भादवि दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## ई-पास के लिए इसमें आवेदन करें

**दुर्ग।** जिले में 14 अप्रैल 2021 तक लॉकडाउन लगाया गया है। इस अवधि में अत्यावश्यक सेवा व आपातकालीन स्थिति में जिले से अन्यत्र जाने एवं दुर्ग जिले में आने वाले लोगों को अनुमति हेतु ई-पास प्राप्त करना आवश्यक है। जिसके लिए आवेदक को वेवसाइट में जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करना है। अनुमति की दशा में आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ई- पास भेज दिया जाएगा।

# कोरोना के संकट के समय जन सहयोग के लिये आगे समाज सेवी संस्थाएं : विधायक चंदेल

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छ.ग. विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा के प्रदेशमहामंत्री, जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल ने पूरे देष तथा छ.ग. प्रदेष एवं जांजगीर-चाम्पा जिले व इस अंचल में फैले कोविड-19 कोरोना महामारी के इस संकट काल में समाज के सभी समाजसेवी संगठनों तथा क्षेत्र व अंचल के नागरिकों, नवजवानों, महिलाओं से अत्यंत विनम्रता से अपील करते हुए कहा है कि हम सब लोग मिलकर इस कोरोनाकाल के आपदा व विपदा के समय में आम नागरिकों, जरूरतमंदों तथा गरीबों की हर संभव सहयोग एवं सहायता करें। समाज के सभी नागरिकों से निवेदन करते हुए कहा है कि जिन्हे भी इस विपत्ती के समय किसी प्रकार की मदद की आवष्यकता है उसे हम सब लोग मिल करके सहयोग करें। इसके साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों से वैक्सीन सेंटर में जाकर आवष्यक रूप से वैक्सीन लगवाने का आग्रह किया है। कोविड-19 के टीकाकरण कराने के लिये अधिक से अधिक लोगों को प्रेरित करे। इसके साथ ही कोविड-19 कोरोना में षासन के गाईडलाईन का पालन करते हुए सभी लोग मास्क का हर समय उपयोग करें, हाथ को साबुन, सेनिटाईजर व हैण्डवाष से समय-समय पर धोते रहे। इस कोरोना के संकट से स्वयं बचे व परिवार को बचाने हेतु प्रेरित करें। विधायक चंदेल ने सभी नागरिकों के लिये इस दौरान किसी प्रकार की परेषानी होती है तो उसके लिये उन्होंने हेल्पलाईन नम्बर 07817296277, 7610230006, 9826501025, 9826074211, 9425220221 जारी किया है।



## रेलवे लाइन पर विद्युतीकरण के लिए बिछाए जा रहे वायर को चोरी करने वाले चार आरोपी पकड़ाए



**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र में चल रहे रेलवे लाइन के कार्य पर विद्युत प्रवाहित करने के लिए रेलवे लाइन पर लगाए जाने वाले वायर को चोरी कर लिए जाने का मामला सामने आया था। शिकायत मिलने पर घरघोड़ा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 339 के तहत मामला दर्ज कर पतासाजी में जुटी हुई थी उक्त मामले में पुलिस ने चार आरोपियों गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी अनुसार घरघोड़ा से धरमजयगढ़ तक रेलवे विद्युतीकरण का काम रेलवे लाइन में चल रहा है। इसी बीच 28 मार्च की रात एक से दो के बीच फागूराम से कुडुमकेला के बीच रेलवे लाइन के 44 केएम कॉपर केटनारी वायर 463.50 मीटर ,कॉपर कांटेक्ट वायर 463.50 मीटर, कापर डोपर वायर 100 मीटर को खंभे से काटकर चोर द्वारा चोरी कर ले गए थे। चोरी की अनुमानित कीमत 250000 आंका गया है। चोरों ने 10 नग इंसुलेटर और 5 नग कैंटिलिवर को भी क्षतिग्रस्त कर दिए थे।

## सैनिटाइजर का उपयोग करने किया जागरूक > पैदल फ्लैग मार्च कर, शारीरिक दूरी, मॉस्क लगाने की अपील की

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कोविड- 19 के प्रोटोकॉल (शारीरिक दूरी के नियम का पालन, मॉस्क लगाना, सैनिटाइजर का उपयोग आदि) का पालन सुनिश्चित करने के लिए मुंगेली नगर में पैदल फ्लैग मार्च किया गया। लोगों से नियमों के पालन करने की अपील की गई। नियम का पालन नहीं किये जा रहे लोगों के विरुद्ध 04 चलानी कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार कुमार कुजूर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सोनी सर के निर्देशन में किया गया। जिले में कोरोना के संक्रमण बढ़ते क्रम में 152 संक्रमित मिले पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़कर 774 पहुचीं, मुंगेली ब्लाक के बरसबपुर के बाद करही धपई गांव में कोरोना विस्फ ोट हुआ है, जहां एक ही परिवार के डेढ़ दर्जन लोग कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं. मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीण कन्टेनमेन जोन घोषित करने की मांग कर रहे हैं. लेकिन जिला प्रशासन गंभीर नजर नहीं आ रहा है. इससे कोरोना का संक्रमण बढ़ने का खतरा है. जिले में कोरोना का कहर जारी है पिछले तीन दिनों से संक्रमित मरीजो की संख्या 100 से अधिक मिल रही है। शुक्रवार को 152 पायी गई है। मुंगेली तहसील में 78, लोरमी तहसील 35 व 29 पथरिया तहसील में 152 मरीज चिन्हांकित हुए है। जिससे जिले में कुल संख्या 5010 हो गई है।

राहत की बात है कि गुरूवार को 1 मरीज स्वस्थ्य होकर घर लौटे है। स्वास्थ्य होकर डिस्चार्ज होने वाले की कुल संख्या 4200 हो गई है। जिले में अब तक कुल 36 लोगों की मृत्यु हुई है शुक्रवार को संक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 774 पहुच गई है।

# पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रसन्ना और कलेक्टर एल्मा ने किया अवलोकन

**डबरी बना आय का जरिया**

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जल संरक्षण और संर्वधन तथा निस्तारी सुविधा के लिए जिले के विकास खण्ड पथरिया के ग्राम हरदी के ग्रामीण जायपाल निषाद द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत निर्मित डबरी उनके आय का साधन बन गया है। डबरी के आय से उनके परिवार का भरण पोषण भी नियमित और अच्छे तरीके से हो रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव आर प्रसन्ना और कलेक्टर पी.एस एल्मा ने अपने संयुक्त भ्रमण के दौरान जायपाल निषाद द्वारा निर्मित डबरी का अवलोकन किया। उन्होने जायपाल निषाद को डबरी में मछली पालन, बतख पालन एवं केला की फसल उत्पादन के अलावा और अधिक आय प्राप्त करने के लिए मुर्गी पालन करने की भी समझाईष दी। इस अवसर पर ग्रामीण जायपाल निषाद ने बताया कि ग्राम के सरपंच एवं सचिव की सलाह पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत वर्ष 2019-20 में 1 लाख 60 हजार रूपये की राशि से वह अपने निजी जमीन पर डबरी का निर्माण किया है। वर्षा ऋतु के दौरान डबरी में भरपूर मात्रा में पानी भरा। जिसे देखते हुए वह मछली और बतख पालन का कार्य किया एवं मेड के चारो ओर केला का पेड लगाया। मछली और बतख पालन तथा केला के उत्पादन से उन्हें अच्छी लाभ प्राप्त हो रहा है और उनके द्वारा अपने परिवार का भरण पोषण अच्छे तरीके से कर रहा है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रसन्ना एवं कलेक्टर एल्मा ने ग्रामीण जायपाल निषाद को और अधिक लाभ अर्जित करने के लिए मुर्गी पालन करने की समझाईष दी। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी रोहित व्यास और जिला पंचायत के अतिरिक्त मुख्य कार्य पालन अधिकारी हरजीत सिंह हुरा और जनपद पंचायत पथरिया के मुख्य कार्य पालन अधिकारी नारायण बंजारा मौजूद थे।

# विभाग की उदासीनता का नतीजा, ओवरलोड वाहनें बेलगाम, दबाव से उखड़ रही सड़क

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 2 वर्ष पूर्व निर्मित धनेली बोरसी ग्रामीण सड़क जर्जर हो रही है ग्राम अर्जुनी से मोपका पहुंच मार्ग फेस-2 लंबाई लगभग 20 किलोमीटर से भारी वाहन ट्, हाईवा, ट्रेलर 40 से 50 टन सीमेंट भरकर टोनाटार बोरसी मोपका होते हुए बिल्हा होकर बिलासपुर पहुंच रहे हैं। और जसवानी नामक ढेकेदार की हैवा 30 से 40 टन वजन डामर गिट्टी एवं डब्ल्यूएमएम '2mm' ले कर चल रही है। भारी वाहनों के चलने के कारण सड़क की डामर जगह-जगह से उखड़ रही है। प्रतिदिन 80 से 100 वाहन सीमेंट भरकर आवागमन कर रहे हैं। जबकि इस सड़क की क्षमता 15 से 20 टन तक का ही है कलेक्टर बलौदाबाजार के द्वारा प्रधानमंत्री सड़क एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़क जो कि एक ग्रामीण सड़क है जिस पर राष्ट्रीय राजमार्ग की तरह भारी वजन की गाड़ियां दिन में 150 से 200 गाड़िया चल रही है। सड़क पर भारी वाहन चलने से रोकने के लिए समिति का गठन किया गया था लेकिन समिति के द्वारा आज तक इस सड़क में चलने वाले वाहनों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई। बता दें कि चल रही गाड़िया का वजन सड़क की भार क्षमता व ऋष्ट से कई गुना ज्यादा है। जिसकी पुष्टि कलेक्टर को कार्यपालन अभियंता सह सदस्य सचिव, परियोजना क्रियान्वयन ईकाई के द्वारा दी गई है। बावजूद इसके आज दिनांक तक भारी वाहनों का आवागमन बंद नहीं हुआ है। सूत्रों की माने तो विभागीय उदासीनता के कारण सड़के टूट रही है। जिसके लिए विभाग ही जवाबदार है। ग्राम टोनाटार के सरपंच सत्या बुद्धेश ध्रुव ने बताया कि इस प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित सड़क में दिन-रात बड़े बड़े वाहन दौड़ रहे हैं सड़क टूटकर जर्जर हो रही है लेकिन सड़क की सुध लेने वाला कोई अधिकारी कर्मचारी नहीं है सरपंच ने जिलाधीश से तत्काल इस सड़क पर भारी वाहन के आवागमन पर प्रतिबंध हेतु ठोस कार्यवाही की मांग कि है गौरतलब है अधिकांश ट्रक चालक सीमेंट संयंत्र से ट्रक लोड कर इस सड़क से आना-जाना करते हैं जिससे टोल प्लाजा की राशि बच जाती है तथा डीजल की बचत भी होती है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत पैकेज क्रमांक सीजी–22–01 की दो सड़कों में एक सड़क धनेली, बोरसी, नवागांव, टोनाटार लंबाई 14.90 किलोमीटर की सड़क में अत्यधिक वाहनों के चलने से सड़क क्षतिग्रस्त होने के संबंध में तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। उक्त मांग कार्यपालन अभियंता सह सदस्य सचिव, परियोजना क्रियान्वयन ईकाई से की गई है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद किरन्दुल, जिला-द.ब. दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक/30/तक.शा./न.पा.परि./2021 किरन्दुल, दिनांक 09.04.2021

**// स्क्रैप सामग्री नीलामी सूचना //**

नगरपालिका परिषद् किरन्दुल जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा के स्वामित्व विभिन्न प्रकार के स्क्रैप/कबाड़ सामग्रियों को निलामी बोली उच्चतम दर पर विक्रय किया जाना है। अतः इच्छुक फर्म/ व्यक्ति से दिनांक 26.04.2021 समय दोपहर 12.00 बजे से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में खुली नीलामी बोली रखी गई है। इच्छुक फर्म/व्यक्ति नीलामी के पूर्व निर्धारित धरोहर राशि जमा नगद डी.डी. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, न.पा.परि. किरन्दुल के पक्ष में जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं। विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | स्क्रैप कार्य विवरण | अनुमानित मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | विभिन्न प्रकार के लौह अयस्क सामग्री | 3000 कि.ग्रा. |
| 2. | जल प्रदाय सामग्री | 1500 कि.ग्रा. |
| 3. | विभिन्न वाहन सामग्री (टायर-ट्यूब) | 30 नग |
| 4. | कचरा पेटी (लोहा) | 4800 कि.ग्रा. |
| 5. | विभिन्न प्रकार का प्लास्टिक/एम.एस.शीट व अन्य | 2000 कि.ग्रा. |
| 6. | विभिन्न सामग्री फेक्चर व अन्य<br>1) ट्यूब लाईट फेक्चर<br>2) सोडियम फेक्चर | <br>350 नग<br>150 नग |

टीपः–1.उपरोक्त मात्रा अनुमानित है कम/अधिक हो सकता है, जिस पर किसी प्रकार का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगा।

2. सामग्री अपसेट प्राईज, मात्रा, धरोहर राशि एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में तकनीकी शाखा से प्राप्त किया जा सकता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद किरन्दुल**

**मरीजों की बढ़ती संख्या के बाद विकल्प की भी तलाश**

# बड़ा फैसला : कोविड केयर सेंटरों में बढ़ेगी बेड की संख्या

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

जिले के कोविड केयर सेंटरों में 280 बेड और बढ़ाए जा रहे हैं। इस व्यवस्था के बाद सेंटरों में बिस्तरों की संख्या पूरे एक हजार हो जाएगी। इस काम को कर लेने के बाद अब ध्यान, हर संभावित विकल्प पर हैं जो प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान काम आ सके। लापरवाही के बाद बढ़ते संक्रमण के मामले पर प्रशासन की पूरी नजर है। सलाह, हिदायत, फिर धारा-144 के बाद भी व्यवहार में परिवर्तन नहीं आता देख अब जिले में भी लॉकडाउन की परिस्थितियां बनती दिखाई देने लगी है। संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखने के बाद जिला प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था बनाते हुए कोविड केयर सेंटरों में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने की तैयारी चालू कर दी है। इसके अलावा हर निजी अस्पताल और स्कूल भवनों को प्रतिकूल परिस्थितियों के दौरान विकल्प के रूप में रखने पर भी मंथन का दौर चालू हो चुका है।



कोविड केयर सेंटरों की बेड कैपेसिटी बढ़ाई जा रही है। इसके बाद कुल क्षमता 1000 बेड की होगी।

**-डॉ.केआर सोनवानी,**
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बलौदाबाजार

## बढ़ेंगे 280 बेड

जिले के सभी 6 विकास खंड में एक-एक कोविड केयर सेंटर हैं। इन सभी को मिलाकर, कुल क्षमता 720 बेड की है। जिस तरह संक्रमितों की संख्या बढ़ रही हैं उसके बाद सेंटरों में बेड कम पड़ने लगे हैं। निजी अस्पतालों में भी हाल ऐसा ही है। लिहाजा सेंटरों में 280 बेड की अतिरिक्त व्यवस्था पर काम चालू हो चुका है। बता दें कि जिला मुख्यालय के साथ सिमगा, भाटापारा, बलौदा बाजार, बिलाईगढ़ और कसडोल में कोविड केयर सेंटर हैं जबकि पलारी ब्लाक के लिए बनाया गया सेंटर सकरी से संचालित हो रहा है।

## संभावित विकल्प

संक्रमण के फैलाव और केयर सेंटरों में कम पड़ते बिस्तरों की संख्या को देखते हुए प्रशासन ने विकल्प की भी खोज चालू कर दी है। सूत्रों की मानें तो इसमें स्कूल भवन के साथ निजी अस्पतालों को भी संभावित विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा सामाजिक भवनों पर भी विचार किए के संकेत मिल रहे हैं।

## बढ़त हर रोज

देर शाम जारी मेडिकल बुलेटिन में मुताबिक 7 अप्रैल को एक ही दिन में 465 नए संक्रमित मरीजों के मिलने की जानकारी दी गई है। इसमें 117 जिला मुख्यालय, भाटापारा ब्लॉक में 98, पलारी ब्लॉक में 85, सिमगा ब्लॉक में 77, बिलाईगढ़ में 11 और कसडोल में 17 मरीजों के मिलने के बाद प्रशासन अब सतर्क हो चुका है।

संपादकीय

## सिविल डिफेंस स्वयंसेवक अशोभनीय व्यवहार

**सिविल** डिफेंस स्वयंसेवक कई बार ऐसे काम करते हैं जैसे वे स्वयं ही कानून हों। वे पुलिसजनों की तरह खाकी वर्दी पहनते हैं और आपके वाहन को चारों ओर से घेर कर उसे रुकने पर मजबूर कर सकते हैं। वे वाहन की चाभी भी निकाल सकते हैं। आमतौर से पहली बार नियमों के मामूली उल्लंघन या गलती से मास्क खिसक जाने पर दिल्ली सिविल डिफेंस-डीसीडी 'स्वयंसेवक' आपको भारी जुर्माने की धमकी देते हैं। स्वाभाविक रूप से कोई भी ऐसी हालत में स्वेच्छा से जुर्माना भरने के बजाय फौरन माफी मांग लेता है या मास्क थोड़ी देर के लिए खिसकने का असली कारण बताता है। इसके बाद स्वयंसेवक कम भुगतान कर अपने हथेली 'गर्म' करने का प्रयास करते हैं। यह सब कोविड-उपयुक्त व्यवहार लागू करने के नाम पर किया जाता है और नागरिक को इसकी सजा भुगतनी पड़ती है। निसंदेह मास्क, सेनिटाइज़र व अन्य चिकित्सा उपकरणों के निर्माताओं के लिए महामारी ने अवसर प्रदान किया है और ये सिविल स्वयंसेवक एक प्रकार से वसूली अभियान में लगे हैं। ये 'फर्जी पुलिसकर्मी' बहुत मेहनत से अपना शिकार तलाश करते हैं तथा खासकर गरीब, मजदूर वर्ग या ग्रामीणों को अपना निशाना बनाते हैं जो उनको पुलिसकर्मी समझ लेते हैं। अनेक लोगों ने शिकायत की है कि ये स्वयंसेवक अक्सर ट्रैफिक पुलिस की भूमिका निभाने लगते हैं और मास्क पहने, पर हेल्मेट न लगाए अथवा सीटबेल्ट का प्रयोग न करने वालों को रोकते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि वे पुलिस के नाम पर डराने का काम भी करते हैं।

ये सिविल स्वयंसेवक जुर्माना न भरने पर जेल भेजने की बात कह कर लोगों को डराते हैं। विडंबना है कि उनकी गतिविधियों पर कोई लगाम नहीं लगती है और वे धड़ल्ले से अपना काम करते रहते हैं। यहां तक कि उनके पास खड़े असली पुलिसकर्मी भी इन सिविल स्वयंसेवकों की कारगुजारी पर खामोश तमाशबीन बने रहते हैं। हाल ही में राजधानी में इन सिविल डिफेंस कर्मियों से लोगों के झगड़े की घटनायें बढ़ी हैं। एक मामले में एक छात्र और डीसीडी स्वयंसेवक और छात्र के बीच गरमागरम बहस दक्षिण दिल्ली के हौजखास ट्रैफिक सिग्नल पर हिंसक हो गई। आरोप है कि स्वयंसेवक ने सरेआम छात्र को बेल्ट से मारा। इसके बाद गुस्साई भीड़ ने डीसीडी कर्मी पर हमला बोल दिया। ये स्वयंसेवक खाकी वर्दी में गुंडों की तरह व्यवहार करते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हमेश कहते हैं कि पुलिस को उनकी सरकार के नियंत्रण में लाया जाना चाहिए क्योंकि इससे अपराध पर लगाम लगाने में सहायता मिलेगी। लेकिन ऐसे दावे केवल लफ्फाजी हैं क्योंकि यह विश्वास करना कठिन है कि सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों के कामकाज पर लगाम न लगा पाने वाला मुख्यमंत्री अपराध पर लगाम लगाने में सफल हो सकता है। दिल्ली सरकार ने रात में कर्फ्यू लगा दिया है और आपातकालीन ड्यूटी पर या विधिक पास रखने वालों के अलावा और किसी को बाहर निकलने की अनुमति नहीं है। चूंकि अकेले पुलिस मामले से नहीं निपट सकती है, इसलिए सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों की भूमिका अपरिहार्य हो जाती है। लेकिन यह अवश्य सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ये 'बावर्दी' लोग अपनी ड्यूटी की सीमाओं से बाहर नहीं निकलेंगे। यदि ऐसा नहीं होता है तो हमें जल्द ही सुर्खियों में 'निर्भया' जैसी घटना का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

# पाक पर विश्वास करना कठिन

## पाकिस्तान द्वारा शांति का प्रस्ताव केवल एक बहाना है। वह अपने देश में सैनिक और आर्थिक मजबूरियों के कारण सांस लेने का मौका चाहता है।



**अनिल गुप्ता**
(लेखक रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



**ह**मारे पड़ोसी और जिहादी आतंक के वैश्विक अड्डे पाकिस्तान से शांति की संभावनाओं को देखते हुए कश्मीर-केन्द्रित राजनीतिक पार्टियों के नेता फिर सक्रिय हो गए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा द्वारा भारत-पाक वार्ता के आह्वान का समर्थन करते हुए पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी-पीडीपी सुप्रीमो महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि भारत सरकार को इस्लाबाद से बातचीत शुरू करनी चाहिए। मुफ्ती ने कहा, 'सरकार को समझना चाहिए कि शांति वार्ताओं का रास्ता कश्मीर मुद्दे से होकर गुजरता है। बिना कश्मीर मुद्दे के समाधान के शांति संभव नहीं है।' ऐसी ही भावनायें व्यक्त करते हुए नेशनल कान्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने कहा, 'हमने हमेशा कहा है कि दोनों देशों के बीच अच्छे संबंध न केवल जम्मू कश्मीर, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया के लिए अच्छे हैं। अच्छी बात है कि दोनों देश एक दूसरे को धमकी देने के बजाय बात कर रहे हैं।' इनके आशावाद का कारण समझ में आता है क्योंकि अतीत में दशकों तक ये पाकिस्तानी मुहरे के रूप में जीवित रहे हैं। पाकिस्तानी और कश्मीरी नेताओं के विचारों में समानता का कारण इन पार्टियों का वैचारिक सौम्य-अलगाववाद व उप-राष्ट्रवाद है। लेकिन मुख्य सवाल यह है कि क्या पाकिस्तान पर विश्वास किया जा सकता है?

इस प्रकरण की शुरुआत फरवरी के अंतिम सप्ताह में दोनों सेनाओं के सैनिक कार्रवाई महानिदेशकों-डीजीएमओ के बीच 2003 के युद्धविराम समझौते के आधार पर नियंत्रण रेखा-एलओसी पर युद्धविराम बनाए रखने संबंधी सहमति से हुई। इसके बाद देश के प्रमुख थिंकटैंकों के साथ 17-18 मार्च को पाकिस्तान सिक्यूरिटी डिवीजन ने इस्लामाबाद सुरक्षा संवाद का आयोजन किया। इसके बाद आए दो बयानों में भारत के साथ शांति की इच्छा प्रकट करने से बहुत से लोगों को आश्चर्य हुआ क्योंकि ये पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और सेना प्रमुख के बयान थे। इसके बाद से दोनों देशों के बीच शांति की आवश्यकता प्रदर्शित करने वाली अनेक बहसें उनकी मीडिया में शुरू हो गईं। हालांकि, पूरी दुनिया सच्चाई जानती है, पर पाकिस्तान अपने कट्टरपंथियों को खुश करने के लिए यह ढिंढोरा पीट रहा है। पाकिस्तान लंबे समय से अपनी भू-राजनीतिक स्थिति का लाभ उठाता रहा है, पर अब उसकी लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था लगभग दीवालिया होने के कगार पर पहुंच गई है। इससे सेना समेत उसके नेतृत्व को भारत के साथ व्यापार बहाल की बात करनी पड़ी है, जबकि अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद पाकिस्तान ने एकपक्षीय रूप से अपना उच्चायुक्त वापस बुला लिया था तथा भारत के साथ व्यापार बंद कर दिया था। लेकिन इमरान खान और बाजवा के बयानों में विरोधाभास है। खान ने 5 मार्च को सालिडैरिटी डे पर दिए अपने बयान में परिवर्तन नहीं किया है। उन्होंने कहा था कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 की बहाली तक पाकिस्तान भारत से बात नहीं करेगा और अब भी उन्होंने इसे वार्ता की पूर्व शर्त बताया है। उन्होंने कहा, 'यह मुद्दा हमें संबंध सुधारने से रोकता है। हम प्रयास करेंगे, लेकिन भारत को 5 अगस्त के बाद पहला कदम उठाना चाहिए। जब तक वे पहला कदम नहीं उठाते हैं, दुर्भाग्य से हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं।' इसके अगले दिन सेना प्रमुख ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के लिए 'अतीत को दफ्न करने और आगे बढ़ने' का समय आ गया है। उन्होंने जोर दिया कि दोनों पड़ोसियों के बीच शांति वार्ता से दक्षिण व मध्य एशिया में संभावनाओं का द्वार 'खुलेगा।' उन्होंने कहा कि पहल भारत की ओर से होनी चाहिए। हालांकि, उन्होंने कश्मीर का नाम नहीं लिया, पर इसका उल्लेख केन्द्रीय मुद्दे के रूप में करते हुए कहा कि इसके शांतिपूर्ण समाधान से क्षेत्र में स्थाई शांति आएगी।

> पाकिस्तानी सेना भारत को अपने अस्तित्व पर खतरा समझती है। अतीत में पाकिस्तानी सेना प्रमुखों द्वारा युद्धविराम व शांति के ऐसे प्रस्ताव केवल पाकिस्तान की जरूरत तक चले हैं। युद्धविराम समझौतों का लगातार उल्लंघन अस्थिर भारत-पाक संबंधों की पहचान बन गई है। ऐसे में पाकिस्तान पर विश्वास करना कठिन है।

25 फरवरी के युद्धविराम प्रस्ताव के फौरन बाद भारत ने पूरी तरह स्पष्ट कर दिया था कि यह जिम्मेदारी पाकिस्तान की है कि शांति वार्ता के लिए उपयुक्त माहौल बनाए। उसने कहा था कि 'आतंक और वार्ता साथ साथ नहीं चल सकते हैं।' कमर बाजवा ने पाकिस्तान की रणनीति 'भू-राजनीति' से बदल कर 'भू-अर्थनीति' करने के संकेत दिए हैं, लेकिन अभी पाकिस्तान को इस पर अमल करना है। भले ही पाकिस्तानी नेताओं की सोच बदली हो पर उनकी 'भारत-विरोधी रणनीति' में कोई परिवर्तन नहीं आया है। पाकिस्तान के 70वें राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने अपने समकक्ष इमरान खान और पाकिस्तानी जनता को शुभकामना संदेश भेजा था। उन्होंने पाकिस्तान के साथ 'मैत्रीपूर्ण संबंधों' की इच्छा प्रकट की थी, लेकिन मोदी ने इमरान खान को लिखे एक पत्र में कहा था कि इसके लिए 'आतंक से मुक्त विश्वास का परिवेश जरूरी' है। 5 अगस्त, 2019 के बाद भारत ने विश्व समुदाय को स्पष्ट संदेश दिया है कि कश्मीर संबंधी विवाद केवल जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्य के दो-तिहाई क्षेत्र पर अवैध कब्जे तक सीमित है जिसे आजाद कश्मीर का नाम दिया गया है तथा भारत उसे पाक अधिकृत जम्मू कश्मीर कहता है।

लेकिन इमरान खान की प्रतिक्रिया से स्पष्ट है कि पाकिस्तान द्वारा शांति का प्रस्ताव केवल एक बहाना है। वह अपने देश में सैनिक और आर्थिक मजबूरियों के कारण सांस लेने का मौका चाहता है। उन्होंने फिर गेंद भारत के पाले में डालने का प्रयास किया है। इमरान खान ने मोदी को पत्र लिख कर 'उपयुक्त परिवेश' की बात कही है ताकि दोनों पड़ोसियों के बीच जम्मू कश्मीर मुद्दे समेत सभी मुद्दों के समाधान के लिए रचनात्मक और परिणामोन्मुख संवाद संभव हो।

उन्होंने थोड़ा बदलाव करते हुए 'जम्मू कश्मीर समेत' शब्दों का प्रयोग किया और इसे प्रमुख मुद्दा नहीं बताया जिसके बिना कोई समाधान संभव नहीं है। शायद कमर बाजवा ज्यादा परेशान हैं और वे खान पर सेना के पुनर्गठन तथा एलओसी संबंधी मुद्दों पर दबाव डाल रहे हैं जहां उनको भारतीय सेना का तगड़ा जवाब मिला है।

यह याद रखना भी जरूरी है कि पाकिस्तान ने अभी तक राज्य नीति उपकरण के तौर पर आतंकवाद को छोड़ा नहीं है। वह अपने मुहरों के माध्यम से कश्मीर में लगातार आतंक को बढ़ावा देता है तथा हमारे देश के भीतरी भागों व पूर्वोत्तर में स्लीपन सेलों का नेटवर्क बढ़ा रहा है। पाकिस्तानी सेना युद्धविराम का लाभ उठा कर एलओसी पर ढांचागत संरचना तेजी से मजबूत कर रही है। इसमें अग्रिम चौकियां मजबूत करना तथा एलओसी के निकट गांवों में गोलाबारूद जमा करने व तोपें जमाने के स्थान तैयार करना शामिल है। पाकिस्तानी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी-पीएलए की सहायता से चौकियों पर सुरंगें बना रही है। इसके साथ ही वह चीन से आधुनिक हथियार खरीदने के अलावा ड्रोन व निगरानी व्यवस्थाओं से स्वयं को मजबूत कर रही है। पाकिस्तानी सेना भारत को अपने अस्तित्व पर खतरा समझती है। अतीत में पाकिस्तानी सेना प्रमुखों द्वारा युद्धविराम व शांति के ऐसे प्रस्ताव केवल पाकिस्तान की जरूरत तक चले हैं। युद्धविराम समझौतों का लगातार उल्लंघन अस्थिर भारत-पाक संबंधों की पहचान बन गई है। ऐसे में पाकिस्तान पर विश्वास करना कठिन है।

# भविष्य का बेहतर विकल्प हरित हाइड्रोजन

**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)



**कल** की दुनिया की सत्ता के लिए अथक खोज में, मानवता स्वच्छ और अधिक कुशल ईंधन की खोज करने के लिए अपनी खोज में अथक रूप से शामिल है। वर्ष 2050 तक ग्रह की कार्बन सामग्री की अभिव्यक्ति में कमी दुनिया भर के देशों के लिए प्रमुख फोकस क्षेत्र है। इसे प्राप्त करने के लिए, ग्रीन हाइड्रोजन (जीएच) को जन्म देकर हाइड्रोजन जैसे तत्व के उत्पादन को कम करना एक महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वर्तमान में कुल वैश्विक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के 2 प्रतिशत से अधिक के लिए जिम्मेदार है।

एक कुशल रूप से तैयार जीएच न केवल उत्सर्जन के मौजूदा स्तर पर पकड़ बनाने में मदद कर सकता है, बल्कि भविष्य में भी निरंतर शक्ति प्रदान कर सकता है। वैश्विक आबादी प्रति वर्ष 1.1 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ रही है या हर साल 83 मिलियन लोगों की संख्या बढ़ रही है, इस गहन मानव प्रसार का ऊर्जा मांग पर जबरदस्त प्रभाव पड़ा है।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईइए) द्वारा प्रदान किए गए नवीनतम अनुमानों के अनुसार, मानव के लिए आवश्यक वाट की बढ़ती मात्रा का मतलब होगा कि वैश्विक ऊर्जा मांग 2040 तक 25 प्रतिशत -30 प्रतिशत बढ़ जाएगी। ईंधन, इसका मतलब होगा कि अधिक कार्बन डाइऑक्साइड की पीढ़ी, जो बदले में, जलवायु परिवर्तन को बढ़ा देगी। जब तक जीएच जैसे स्वच्छ ईंधन को स्थायी विकल्प के रूप में विकसित नहीं किया जाता है, ग्लोबल वार्मिंग में वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस से कम करने के प्रयास अस्थिर होंगे।

हाइड्रोजन एक सार्वभौमिक, हल्का और बहुत प्रतिक्रियाशील ईंधन है जो इलेक्ट्रोलिसिस की रासायनिक प्रक्रिया के माध्यम से उत्पन्न होता है। इलेक्ट्रोलिसिस पानी में ऑक्सीजन से हाइड्रोजन को अलग करने के लिए विद्युत प्रवाह का उपयोग करता है और यदि यह विद्युत प्रवाह अक्षय स्रोतों से प्राप्त होता है, तो वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन किए बिना जीएच का उत्पादन होता है। आईइए के अध्ययन से पता चलता है कि हरित हाइड्रोजन प्राप्त करने का यह तरीका सालाना 830 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड को बचाएगा, जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग करके इस गैस का उत्पादन किया जाता है।




जीएच के लिए उत्पन्न होने वाले ब्याज के पैमाने का अनुमान इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि सऊदी अरब जैसे पारंपरिक रूप से जीवाश्म ईंधन से संचालित राष्ट्र ने जीएच को अपने ऊर्जा मिश्रण में अपनाने के लिए मजबूत पहल की है। आश्चर्यजनक रूप से स्वागत योग्य विकास में कच्चे तेल उत्पादक देशों के किंगपिन ने देश के उत्तर-पश्चिमी भाग में एक मेगा 5 बिलियन डॉलर जीएच विनिर्माण इकाई, बेल्जियम के आकार की स्थापना की घोषणा की है। 50 डिग्री सेल्सियस के पास मंडराने वाले औसत ग्रीष्मकालीन समय के तापमान के साथ सऊदी अरब एक ऊर्जा-आधारित देश है जो अपने बिजली क्षेत्र को ईंधन देने के लिए तेल का उपयोग करता है। रियाद-आधारित संयुक्त संगठन के डेटा पहल के एक अध्ययन से यह पता चला है कि हर साल अगस्त का महीना ऊर्जा की मांग में बढ़ जाता है जब राष्ट्र में ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रति दिन औसतन 7,26,000 बैरल तेल की खपत होती है। ब्रिटिश पेट्रोलियम पीएलसी की नवीनतम विश्व ऊर्जा रिपोर्ट के अनुसार, सऊदी अरब ने 2019 में प्रति व्यक्ति 322 गीगा-जूल का उपभोग किया, जो वैश्विक औसत से चार गुना से अधिक है और यूरोप के लिए लगभग तिगुना है। राष्ट्र स्पष्ट रूप से जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता का एहसास करता है और इसलिए जीएच की ओर इसकी रणनीतिक चाल है। ब्लूमबर्गएनईएफ का अनुमान है कि जीएच को 2050 तक लगभग 700 बिलियन डॉलर के बाजार मूल्य की उम्मीद है, लेकिन वर्तमान में इस ऊर्जा के उत्पादन की लागत अधिक है।

अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी (आईआरइए) के अनुसार, वर्तमान में हरित हाइड्रोजन की प्रति किलोग्राम उत्पादन लागत 5 डॉलर है। हालांकि, सदाबहार धूप और विशाल अप्रयुक्त भूमि वाले सऊदी जैसे देशों के लिए, प्रति किलो उत्पादन लागत 2030 तक 1.50 डॉलर तक कम हो सकती है। सऊदी के अलावा, जर्मनी, स्पेन, ब्रिटेन और चीन जैसे अन्य देशों ने जीएच उत्पादन क्षमता विकसित करने की गति को बढ़ाया है। इस तरह के समय में, भारत को दुनिया के साथ चलने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है और जीएच को बड़े पैमाने पर अपनाकर अपनी अर्थव्यवस्था को विकार्बनीकृत करने के लिए कुछ करना चाहिए। नवंबर 2020 में, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने एक व्यापक राष्ट्रीय हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन का प्रस्ताव रखा और उसी पर निर्माण किया, इस वर्ष के बजट में हरित ऊर्जा स्रोतों से हाइड्रोजन उत्पन्न करने के लिए हाइड्रोजन ऊर्जा मिशन 2021-22 के प्रस्ताव का संदर्भ देखा गया।

जैसा कि सरकार ने प्रगति करने के लिए अपना समय लिया है, हाल ही में नासडाक द्वारा सूचीबद्ध फ्यूजन फ्यूल ग्रीन और चेन्नई स्थित बीजीआर एनर्जी सिस्टम्स के बीच सहयोग के साथ निजी क्षेत्र में पहले ही तरह की शुरुआत की जा चुकी है। टाई-अप, सौर ऊर्जा का उपयोग करके हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए संलयन ईंधन की मालिकाना तकनीक का उपयोग करने में सक्षम होगा और भारत भर में जीएच ऊर्जा परियोजनाओं का कार्य करेगा।जीएच स्केलेबल, टिकाऊ और मनमोहक है और 2030 तक अक्षय स्रोतों से अपनी ऊर्जा का 450 गीगावाट उत्पादन करने के भारत के लक्ष्य के साथ, राष्ट्र को इससे आगे नहीं देखना चाहिए क्योंकि यह इसे प्राप्त करने के लिए उपयुक्त समाधान प्रदान करता है।

## फरमाया



**सीआरपीएफ** मतदाताओं से भाजपा को वोट देने को कह रही है। मैं आपसे कहती हूं कि एकजुट हों और वे जहां मिलें उनका घेराव करें।

**– ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री पश्चिम बंगाल



**वो** व्याकुल और आक्रोशित हो गई हैं क्योंकि उन्हें पराजय दिखाई दे रही है। वो केंद्रीय बलों के खिलाफ जनता को भड़काने का प्रयास कर रही हैं।

**– सिसिर बजोरिया**
भाजपा नेता



**जेल** में बंद आरोपियों द्वारा पत्र लेखन की नई प्रवृत्ति प्रारम्भ हो गई है जो हमारी सरकार को अस्थिर करने की राजनीतिक साज़िश है।

**– संजय राउत**
शिवसेना नेता

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## नेता रैली में जनता तालाबंदी में

**दिल्ली** में लगातार प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व अन्य अधिकारी कोविड-19 के गंभीर हालात को लेकर बैठक कर रहे हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर चिन्तित हैं परन्तु असम, बंगाल एंव अन्य कई राज्यों में क्या उन्हीं प्रधानमंत्री की रैलियों में आए लोगों ने कोविड के नियमों का पालन किया है? किसी ने मास्क पहना है? दो गज की दूरी का पालन किया हैं? प्रधानमंत्री चिन्तित हैं कि इन्हें कोरोना हो गया तो? बहरहाल चुनाव शुरू होते ही हर दल के नेता भीड़ की तस्वीरों को ट्वीट करने लगे और अपनी लोकप्रियता की ताकत दिखाने लगे परन्तु उन तस्वीरों में मास्क नदारद था। अब तो लोग हकीकत में मानने लगे हैं कि कोरोना का प्रकोप खत्म हो गया हैं, जो केवल मज़ाक हैं। जहां चुनाव होता है वहां कोरोना का कोई डर नहीं होता है, कोई नाइट कर्फ्यू, कोई लॉकडाउन नहीं होता है। मंच से प्रधानमंत्री को दिखता ही होगा कि कोई मास्क पहन कर नहीं आया है। क्या प्रधानमंत्री ने अपनी चुनावी सभाओं में लगातार दो गज की दूरी और मास्क पहनने की अपील की? उनके भाषणों में इसका ज़िक्र होता है कि कोरोना के समय गरीबों को क्या क्या दिया लेकिन इस बात की अपील नहीं होती कि कोरोना से बचने के लिए क्या करना चाहिए।

**– निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

## इतिहास रचता भारत

**भारत** की विकास यात्रा हमेशा से ऐतिहासिक रहीं है। हर नये पड़ाव पर, नये इतिहास और भविष्य की गाथा को लिखा जा रहा। चाहे हाल ही में चेनाब नदी पर बना, एफिल टॉवर से भी पैंतीस मीटर ऊंचा रेल्वे पुल हो या फिर असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर बना उन्नीस किलोमीटर लंबा रोड व रेलवे, सभी भारत के इतिहास में नया अध्याय जोड़ रहे। पिछले वर्ष ही, प्रधानमंत्री ने विश्व की सबसे ऊंची टनल, अटल रोहतांग पास का शुभारंभ किया था, जो कि समुद्रतल से दस हजार फुट से भी ऊंचाई पर, नए और आधुनिक संसाधन से युक्त है। ऐसा नहीं है कि भारत सिर्फ ऊंचाई, लंबाई के मामले में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहा बल्कि, विज्ञान और सेना के सशक्तिकरण के मामले मे भी, महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सरदार सरोवर पर बनी, लौह पुरुष, सरदार पटेल की गगनचुंबी मूर्ति भी देश की विरासत और एकता को दर्शाती है। प्रधानमंत्री की परीक्षा पर चर्चा हो या फिर मन की बात, बताता है कि एक प्रधानमंत्री होने के बावजूद, उनके सोच और विचार, हर निम्न लोगों तक पहुचना है। बच्चों को उत्साह से भर देना या फिर उनके अंदर आत्मविश्वास की अलक जगाना, यह सब विशेषता ही तो है।

**– अमन जायसवाल**, दिल्ली विश्वविद्यालय

## बढ़ता प्रदूषण

**अभी** हम देख रहे हैं कि जिस तरह दुनियाभर में कोरोनावायरस का कहर बढ़ रहा है उसी तरह जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण का स्तर भी धीरे-धीरे बढ़ रहा है और उनमें तेजी से परिवर्तन देखने को मिल रहा है। जहां पिछले साल इसी महीने में प्रदूषण के स्तर में काफी गिरावट दर्ज की गई थी तो वहीं दूसरी ओर इस साल इस में थोड़ा इजाफा देखने को मिला है। प्रदूषण में इजाफा होना कहीं ना कहीं हमारे लिए हानिकारक साबित हो सकता है। जिन लोगों को सांस लेने में दिक्कत व अन्य संबंधित बीमारी है उनके लिए यह घातक साबित हो रहा है। इसीलिए प्रदूषण पर नियंत्रण अब बहुत जरूरी हो गया है। इसके लिए हमें कम से कम प्रदूषण फैलाने वाली चीजों का प्रयोग करना चाहिए वाहन जब रुका हो तो उसे बंद कर देना चाहिए और अन्य किसी प्रदूषण जनित चीज को अत्यधिक उपयोग नहीं करना चाहिए उसका एक सीमित उपयोग करके ही उसे अपने प्रयोग में लाया जाना चाहिए तभी हम इस प्रदूषण से मुक्ति पा सकते हैं और स्वस्थ हवा और सुकून से जी सकते हैं।

**– सुदर्शन सोराड़ी**, नानकमता

# 1500 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोविड से लड़ने के संकल्प से अब तक चार लाख लोगों तक जाकर दे चुकी संदेश

## कंटेनमेंट जोन में भी जाकर लोगों को चिन्हांकित कर रहीं, अपने कर्तव्य में अग्रणी इन कोरोना वारियर्स को सलाम

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग
www.dailypioneer.com



केस 1- दुर्ग निगम में व्यापारिक संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किस तरह से लोगों के दिलों को जीत रही हैं। इसकी बानगी बीते दिनों दुर्ग निगम आयुक्त के साथ व्यापारिक संघ के प्रतिनिधियों की बैठक में मिला। एक व्यापारिक संघ के प्रतिनिधि ने बताया कि वे गया नगर में रहते हैं। उनकी माँ 80 वर्ष की हैं। उन्हें टीकाकरण के लिए प्रेरित करने 60 वर्षीय दिव्यांग उषा कौशल आईं। अगले दिन वे टोकन लेकर आ गईं। जब मेरी माँ ने टोकन देखा तो माँ के आँखों में आँसू आ गए। माँ ने कहा कि ये खुद बुजुर्ग हैं और मेरी चिंता कर रही हैं।

केस 2- मोतीझरी चैहान वार्ड नंबर-4 की कार्यकर्ता हैं। यहाँ कंटेनमेंट जोन बना हुआ है। इसके सभी घरों का सर्वे इन्होंने किया। कार्य की प्रशंसा पार्षद ने भी की। अपने कर्तव्य के दौरान किसी तरह का भय मोतीझरी के मन में नहीं दिखा। बस यही संकल्प की एक अच्छा काम दिया गया है इसे पूरा करना है। कोरोना फ्रंट पर अग्रणी भूमिका आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोरोना वारियर के रूप में निभा रही हैं। संकट का सामना करते हुए भी, कभी-कभी लोगों से सहयोग नहीं मिलने पर भी वे अपने कार्य में बखूबी लगी हुई हैं। नई पीढ़ी के पोषण की जिम्मेदारी निभाने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोविड संक्रमण को रोकने की दिशा में भी प्रभावी काम कर रही हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर यह कार्य हो रहा है और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इस संबंध में प्रशंसनीय कार्य कर रही हैं। चाहे कंटेंनमेंट जो हो या हाटस्पाट, हर इलाके में ये कार्यकर्ता घूम घूम कर लोगों को कोरोना संकट के प्रति जागरूक कर रही हैं। इनके हाथों में आक्सीमीटर हैं। ये आक्सीमीटर के माध्यम से आक्सीजन की स्थिति जाँच करती हैं साथ ही कोरोना के लक्षणों के बारे में पूछताछ करती हैं। यदि ऐसा कुछ होता है तो तुरंत इसकी रिपोर्ट दे दी जाती है ताकि स्वास्थ्य विभाग का अमला इस संबंध में आगे कार्रवाई कर सके। जिले में कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए भी ये कार्यकर्ता अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटी। कई परिवारों ने सर्वे कार्यक्रम में उनकी मदद की, कई ने जानकारियाँ छिपाने की कोशिश भी की लेकिन इन्होंने अपने आग्रह से जानकारियाँ जुटाईं जो स्वास्थ्य विभाग के लिए काफी उपयोगी रहीं। जिले में बड़ी संख्या में जो सैंपलिंग हो सकी, उसके पीछे इन महिलाओं का बड़ा योगदान है। चार लाख लोगों तक पहुँची- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता जिले में चार लाख लोगों तक पहुँच चुकी हैं। इनका सबसे प्रमुख कार्य हाटस्पाट एवं कंटेनमेंट जोन में सर्वे करने का रहा है। यहाँ हर घर वे पहुँची, लोगों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और इस आँकड़े से स्वास्थ्य विभाग को अवगत कराया। इससे कोरोना मरीजों के चिन्हांकन में काफी आसानी हुई। सर्वे के हिसाब से जिन इलाकों में काफी संख्या में कोरोना पाजिटिव मिलने की आशंका थी वहाँ मोबाइल टीम पहुँची और टेस्टिंग की। इसका प्रभावी नतीजा निकला, टेस्ट कर पाजिटिव मरीजों को आइसोलेट किया गया तथा डाक्टरों की सलाह पर अस्पताल अथवा होम आइसोलेशन के संबंध में निर्णय लिया। कलेक्टर एवं जजों के बंगले में भी पहुँची- आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सभी एरिया कवर कर रही हैं। आज वे कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे एवं जिले में कार्यरत न्यायाधीशों के बंगलों में भी पहुँची। उन्होंने बताया कि हमें पूरा एरिया कवर करने की जिम्मेदारी मिली है। हम हर घर जाएंगे और कोविड संक्रमितों की पहचान करेंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कामिनी चंद्राकर ने बताया कि उन्होंने कलेक्टर महोदय के बंगले में भी सर्वे किया।

# महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपनी परवाह किए बगैर अनवरत लोगों के बीच कर रही है काम

## घर की जिम्मेदारी के साथ ही प्रशासन के द्वारा सौपे गए कार्यों का बखूबी निर्वहन कर रही है

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



महिला स्वास्थ्य कर्ता (ए. एन. एम.) ऐसा नाम जो सभी को पता है! क्योंकि कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम में इनकी भूमिका बहुत अहम है! जब कोरोना का प्रारंभिक दौर था तब इन्होंने घर-घर जाकर सर्वे किया था! लोगों से कोरोना के लक्षण से संबंधित जानकारी एकत्र की, घरों में पहुंचकर एक-एक सदस्यों से पूछताछ की! लक्षण और बिना लक्षण वालों को पृथक कर सूची तैयार की! अब यह कोविड का टीका लगाने में अपना विशेष योगदान दे रही है! प्रातः से ही अपने घरों से निकलकर कर्म स्थल के लिए रवाना हो जाती है! लोगों के बीच पहुंचकर अपनी परवाह किए बिना 45 वर्ष एवं अधिक को कोविड का टीका लगा रही है! ऐसा नहीं है कि केवल शासकीय कार्य ही जिम्मेदारी के साथ कर रही है! बल्कि घर में भी अपने परिवार के बीच में अपनी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन कर रही है! एक महिला गर्भवती होने के बावजूद लोगों को कोविड का टीका लगा रही है! कई महिलाओं के तो छोटे-छोटे बच्चे हैं फिर भी दोनों ही कार्यों को जिम्मेदारी पूर्वक कर रही है! इनके इस अदम्य साहस और आत्मबल की जितनी भी सराहना की जाए उतनी कम है! आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने इन सभी को साधुवाद देते हुए कहा कि इस कठिन परिस्थिति में भी लोगों के बीच रहकर कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए ऊर्जावान बनकर कार्य करना निश्चित रूप से इनके कर्तव्य निष्ठा को दर्शाता है! डॉक्टर जामगेड़े एवं सीपीएम तुषार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 5000 से 10000 लोगों के बीच एक महिला स्वास्थ्य कर्ता नियुक्त की जाती है! स्वास्थ्य विभाग के नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत यह कार्य करती है! लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना उनका प्रमुख उद्देश्य है! गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव से लेकर बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण का कार्य इनके द्वारा किया जाता है! खासकर स्लम बस्ती में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है! गर्भवती महिलाओं के प्रसव पीड़ा के दौरान एंबुलेंस एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था भी उनके कंधों पर है! अपने कार्य क्षेत्र में यह बीपी एवं शुगर की जांच भी करती है! कई दफा तो स्वयं के व्यय एवं वाहन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की मदद करती हैं! वर्तमान में कोरोनावायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए फील्ड में डटी हुई है! महिला स्वास्थ्य कर्ता अपनी उदारता एवं कर्तव्य निष्ठा की परिचायक है तथा कोरोना वारियर्स के रूप में कार्य कर रही है!

# बीएसपी माइन्स ने भी कोविड-19 से बचाव के लिए कमर कसी



पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने संयंत्र के साथ-साथ माइन्स के अपने कर्मचारियों और उनके परिजनों की सुरक्षा और भलाई के लिए अनेक कदम उठाये है। माइन्स बिरादरी के सुरक्षा के लिए संयंत्र प्रबंधन सदैव ही प्रतिबद्ध रहा है। बीएसपी प्रबंधन ने कोविड संकट के दौरान भिलाई के टाउनशिप में रह रहे कर्मचारियों के स्वास्थ्य की देखभाल के समुचित प्रबंध के साथ ही अपने कैप्टिव माइंस में कार्यरत कार्मिकों के कोविड से बचाव हेतु आवश्यक प्रबंध को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। वर्तमान दौर में राजहरा माइन्स, नंदिनी माइन्स और हिर्री माइन्स में महामारी से निपटने के लिए तथा कोविड-19 की चुनौती से जूझने के लिए बीएसपी प्रबंधन ने कई उपाय किये है। राजहरा के 1112 कर्मचारियों और उनके आश्रितों को 45 वर्ष से ऊपर के टीकाकरण के लिए पात्र माना गया है, जिनमें से 690 व्यक्तियों को पहले ही टीका लगाया जा चुका है। इसी प्रकार नंदिनी माइंस में, 171 व्यक्तियों के लक्ष्य के साथ 01 अप्रैल, 2021 से 30 कर्मचारियों को टीका लगाया जा चुका है। इसी क्रम में हिर्री माइन्स के 77 व्यक्तियों में से 25 व्यक्तियों को टीका लगाया गया है। राजहरा की खानों, नंदिनी खानों और हिर्री खानों में 45 साल से ऊपर के लोगों का एक डेटाबेस तैयार किया गया। बीएसपी प्रबंधन ने अपने माइन्स टाउनशिप में रहने वाले व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए निरन्तर सभी प्रयास कर रहा है। टीकाकरण केन्द्र के संचालन हेतु सरकार को आवश्यक इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया है। साथ ही लोगों को कोविड टीकाकरण हेतु प्रेरित व निर्देशित किया है। माइन्स के कार्मिकों व उनके परिजनों को नंदिनी माइन्स के अहिवारा में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और हिर्री माइन्स के चकरभाटा में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में टीका लगाया जा रहा है।

## कोरोना से लड़ने के लिए एसीसी ट्रस्ट ने किया फुट सनेटाइजेशन मशीन का सहयोग



**दुर्ग।** कोरोना महामारी के प्रकोप को काम करने के लिया ऐ सी सी ट्रस्ट लगातार सजग रूप से कार्यरत है और लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। ऐ सी सी ट्रस्ट ने सनेटाइजेशन मास्क वितरण, पब्लिक अन्नोउंसमेंट, फमलेट वितरण इत्यादि के साथ साथ कोरोना के महामारी से लढ़ाई में एक कदम और बढ़ाते हुए एसीसी जामुल सीमेंट वर्क्स के प्रबंधक वैभव दीक्षित के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में नगर पालिका जामुल को 10 फुट सनेटाइजेशन मशीन का सहयोग किया। इन मशीनो को कोरोना टीकाकरण और टेस्टिंग केंद्रों पर रखा जायेगा, जिससे की आम नागरिक इसका लाभ उठा सके। अभी तक ऐ सी सी ट्रस्ट ने कुल 22 फुट सनेटाइजेशन मशीन का सहयोग अलग स्थानों में किया है।

# मुनाफाखोरी और कालाबाजारी कर रहे व्यापारियों से कलेक्टर महोबे की अपील लॉकडाउन और ऐसे क्राइसेस के समय व्यवसाय को न दे महत्व

## मानवता को ज्यादा दे महत्व

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com



शनिवार 10 अप्रैल की शाम 6 बजे से 19 अप्रैल सुबह 6 बजे तक जिले में सम्पूर्ण लॉकडाउन लग चुका हैं। जिसके मद्देनजर शुक्रवार और शनिवार शाम 6 बजे के पहले बाजारों में भारी भीड़ नजर आई। लोग रोजमर्रा सहित किराना सामानों के लिए दुकानों खरीदी करते नजर आये। वही कई जगह से खुदरा मूल्य से अधिक दाम में बेचने की भी शिकायत सामने आई। कोरोनाकाल में भी जिले में कुछ व्यापारियों द्वारा मुनाफाखोरी और कालाबाजारी करने की बात सामने आई हैं। तो वही मुनाफाखोरी और कालाबाजारी कर रहे व्यापारियों से कलेक्टर जनमेजय महोबे ने अपील करते हुए कहा हैं कि कोरोना महामारी के बीच लगे लॉकडाउन और ऐसे क्राइसेस के समय व्यवसाय को महत्त्व न दे मानवता को ज्यादा महत्त्व दें। महोबे ने आगे कहा कि ये लॉकडाउन सख्त हैं। लेकिन सख्त लॉकडाउन का ये मतलब नहीं है कि इसका कोई फायदा उठायें। चाहे कोई भी व्यापारी हो या आम आदमी हो। किसी को भी किसी तरह की तकलीफ नहीं होनी चाहिए।

ये हम सुनिश्चित करेंगे और कालाबाजारी चाहे वो मेडिसिन के सम्बन्ध में हो या अनाज के सम्बन्ध में यदि कोई करता है। तो उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। महोबे ने आगे कहा कि हमने आज जो मीटिंग ली हैं सुबह, उसमे सभी एसडीएम, फूड अफसर को कड़े इंस्ट्रक्शन दिए गए हैं। कि मार्केट में ऐसी कोई स्तिथि अभी दो दिनों में क्योकि मार्किट खुला है। दो दिन तक ऐसी कोई स्तिथि आती है। कोई अपना स्टॉक रेट बढ़ने के उद्देश्य से रखता है। तो इसका सर्च करें और यदि कार्यवाही संभव होती है, तो कार्यवाही करें। मैं बालोद जिले के लोगों और व्यापारियों से भी आग्रह करना चाहूंगा। की इस तरह की ऐसे क्राइसेस के समय व्यवसाय को महत्व न दें। मानवता को ज्यादा महत्व दें।

## लॉकडाउन में लोगों को घर में बुलाकर बेच रहा था चिकन, मटन, निगम ने लगाया जुर्माना

**भिलाई नगर।** लॉकडाउन में लोगों को घर पर बुलाकर चिकन और मटन बेचना एक व्यवसायी को महंगा पड़ गया! सूचना पर निगम की टीम तत्काल मौके पर पहुंच गए और जुर्माना लगाया! वार्ड क्रमांक 37 चंद्रशेखर आजाद नगर दुर्गा पारा क्षेत्र में महमूद रहमान द्वारा चिकन और मटन का विक्रय लोगों को घर पर बुलाकर किया जा रहा था! लोग व्यवसायी से संपर्क कर पहुंच भी रहे थे! इतने में निगम की मोबाइल टीम को सूचना मिल गई और निगम के अधिकारी पहुंच गए विक्रेता के पास! विक्रेता ने काफी चिकन और मटन की बिक्री कर ली गई थी! महमूद से 1000 रुपए का जुर्माना लिया गया! वही लिंक रोड में एक दुकानदार आकाश अग्रवाल द्वारा आधा शटर गिराकर अनाज सप्लाई करने की फिराक में था! टीम ने इनकी दुकान को बंद करवाकर 5000 रुपए जुर्माना वसूल किया! निगम की मोबाइल टीम ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने के लिए निगम क्षेत्र में मॉनिटरिंग कर रही है! निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर लॉकडाउन का कड़ाई से पालन कराने टीम मुस्तैद है!



# बीएसपी का प्रयास-टाउनशिप के पेयजल में पीलापन पर शीघ्र होगा नियंत्रण

पायनियर संवाददाता ∢ भिलाई
www.dailypioneer.com



भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा भिलाई शहर में पानी की सप्लाई के लिए तांदुला डेम से पानी संयंत्र के मरोदा स्थित मरोदा-2 टैंक में आता है। यहाँ से पानी जल शोधन संयंत्र मरोदा में ले जाकर उसका पर्याप्त ट्रीटमेंट के पश्चात ही शहर में ओवर हेड टैंक के माध्यम से वितरित किया जाता है। विगत कुछ दिनों से मरोदा टैंक का पानी न्यूनतम स्तर से भी नीचे चला गया था। इस मरोदा टैंक में जल की आपूर्ति तांदुला, खरखरा एवं गंगरेल जलाशय से की गयी। आपूर्ति की गयी पानी की मात्रा और दबाव अधिक होने के कारण मरोदा टैंक के निचले स्तर में गिरावट से पानी का रंग थोड़ा गहरा हो गया। जल के हलचल से पेयजल हल्का पीलापन लिए हुए है, जो अस्थाई है। पानी में पीलेपन की मात्रा को ध्यान में रखते हुए पीलापन दूर करने हेतु एलम की मात्रा में वृद्धि की गयी है। वर्तमान स्थिति को सामान्य होने में कुछ दिन का समय लग सकता है। मगर ये पानी उच्च गुणवत्ता सहित एवं स्वस्थ्य की दृष्टि से पूर्णतः अनुकूल है, जिसकी पुष्टि जल संसाधन विभाग के प्रयोगशाला द्वारा की गयी है। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जल शोधन संयंत्र में पानी की गुणवत्ता की जांच हर पाली में की जाती है और टेस्ट रिपोर्ट के अनुसार हर बार पानी की गुणवत्ता आईएस 10500- 2012 के अनुसार ही पाई जा रही है। हर सेक्टर से भी सप्लाई प्वाइंट में पानी की जांच की जा रही है, वहाँ भी पानी की गुणवत्ता सही पाई गई है। रेसीडयुअल क्लोरीन की मात्रा भी मापित क्षमता के अंदर ही पाई गई है। संयंत्र के जन स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि हम अपने शहरवासियों के स्वास्थ्य के प्रति सजग हैं एवं हमेशा सभी मापदंड एवं मानकों का पालन कर स्वास्थ्य का पूर्ण ख्याल रखते हैं। वर्तमान स्थिति से निपटने के लिए जल प्रबंधन विभाग द्वारा ट्रीटमेंट प्लांट मरोदा में एलम की मात्रा बढायी गई है।

# अंततः माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने माना,बोर्ड परीक्षा से ज्यादा जरूरी है जान की सुरक्षा : फेडरेशन

पायनियर संवाददाता ∢ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, कवर्धा जिला अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला एवं महामंत्री सुशील जायसवाल ने 10 बोर्ड परीक्षा को स्थगित करने के आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अंततः माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने माना कि,बोर्ड परीक्षा से ज्यादा जरूरी है जान की सुरक्षा। उन्होंने बताया कि फेडरेशन ने विद्यार्थी एवं शिक्षक तथा उनके परिवार को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए बोर्ड परीक्षा को स्थगित करने का मुहीम चलाया था।फेडरेशन ने शासन के समक्ष पक्ष रखा कि 10 वीं बोर्ड परीक्षा में तकरीबन 4 लाख तथा 12 वीं में 2.5 लाख विद्यार्थी समूह में परीक्षा केंद्र में बैठकर परीक्षा देंगे। जोकि कोरोना संक्रमण के महामारी के वर्तमान दौर में प्राणघातक साबित हो सकता है। फेडरेशन ने विद्यार्थियों, शिक्षकों सहित जनसाधरण के जान के सुरक्षा को प्रथम प्राथमिकता देने का आग्रह सरकार से किया था। फेडरेशन ने मत व्यक्त किया था कि, विद्यार्थियों का भविष्य निःसंदेह महत्वपूर्ण है,लेकिन वो जीवन से बड़कर नहीं है। क्योंकि, जान है तो जहान है। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनसुरक्षा की भावना को प्रमुखता देकर जनकल्याणकारी निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि उत्तरपुस्तिकाओं का वितरण तो शिक्षा मण्डल ने शिक्षकों के जमावड़ा के बीच कर दिया है। जोकि सावधानी के दृष्टिगत नहीं करना था। कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। अधिकांश शिक्षक अथवा उनके परिवार के सदस्य कोरोना ग्रसित हो गए हैं। ऐसे स्थिति में प्रश्नपत्रों के वितरण करने के हड़बड़ी में गलती की पुनरावृत्ति नहीं करना ही उचित होगा। शिक्षकों के जान की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सुझाव दिया कि,प्रश्नपत्रों को जिला के समन्वय केंद्र में स्ट्रांग रूम स्थापित कर, 1-4 के पुलिस सुरक्षा में फिलहाल सुरक्षित रखा जाना चाहिए।

## कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व रोकथाम के लिए सामाजिक सहभागिता जरूरी- अमरजीत भगत

# प्रभारी मंत्री अमरजीत ने वीडियो कांफ्रेसिंग से संक्रमण बचाव व रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ∢ बालोद
www.dailypioneer.com




प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी एवं संस्कृति मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बालोद जिले में कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव व रोकथाम के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने जिले के कोविड केयर सेंटरों में बेड की उपलब्धता, ऑक्सीजन युक्त बेड, कोविड केयर सेंटरों में बिजली, पानी आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, जिले में कोविड-19 टीकाकरण की प्रगति आदि की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रभारी मंत्री भगत ने कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु जनजागरूकता लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सामाजिक संगठन, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों से भी चर्चा की। मंत्री भगत ने कहा कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु सामाजिक सहभागिता जरूरी है। जिले के प्रभारी सचिव उमेश अग्रवाल भी इस अवसर पर उपस्थित थे। जिला कार्यालय के स्वान कक्ष में कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह मीणा, कोविड-19 टीकाकरण के जिला नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर अभिषेक दीवान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेपी मेश्राम सहित अन्य अधिकारी व सामाजिक संगठन, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी मौजूद थे।

### 2 लाख 20 हजार से भी ज्यादा की जा चुकी हैं कोविड टेस्टिंग

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व रोकथाम हेतु बालोद जिला अंतर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को 10 अप्रैल 2021 शाम 6 बजे से 19 अप्रैल 2021 प्रातः 6 बजे तक कन्टेनमेट क्षेत्र घोषित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। वहॉ अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उनके द्वारा सुबह शाम मरीजो को काल करके फॉलोअप लिया जाता है। वर्तमान में जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर कोविड टेस्टिंग सेंटर संचालित है। वहां फीवर क्लिनिक भी संचालित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक विकासखंड में मोबाइल चलित दल उपलब्ध है। जो भ्रमण कर कोविड टेस्टिंग कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त बाजार, सब्जी मंडी, बैंक, मिल इत्यादि स्थानों पर भी सतत् शिविर लगाकर कोविड टेस्टिंग की जा रही है। जिले में अब तक 2 लाख 20 हजार से भी ज्यादा कोविड टेस्टिंग की जा चुकी है। कलेक्टर ने बताया कि दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। राज्य से प्राप्त वैक्सीन उपलब्धता के आधार पर प्रतिदिवस 80 सत्र लगाकर 12 हजार हितग्राहियों को टीकाकृत करने का लक्ष्य है। जिसके अनुसार 45 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिकों को लक्ष्य 1 लाख 72 हजार 26 के विरुद्ध 1 लाख 1 हजार 124 नागरिकों को प्रथम डोज का टीका लगाया जा चुका है। शेष 70 हजार 902 नागरिकों को राज्य से वैक्सीन प्राप्त होने की दशा में आगामी सात कार्य दिवसों में शतप्रतिशत लोगों मे टीकाकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने हेतु जनसामान्य को मास्क के उपयोग तथा प्रभावी व्यवहारात्मक परिवर्तन हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

# नगर पालिका जामुल क्षेत्र के समस्त वार्डो में तेजी से चल रहा है सेनेटाइजिंग कार्य- राजेन्द्र नायक

पायनियर संवाददाता ∢ दुर्ग- जामुल
www.dailypioneer.com



नगर पालिका जामुल क्षेत्र के समस्त वार्डो में सेनेटाइजिंग कार्य तेजी से चल रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र नायक ने जानकारी दी है कि दुर्ग जिले में कोरोना तेजी से फैल रहा है। जिसे नियंत्रित करने के लिए शासन ने लॉकडाउन के साथ-साथ अनके उपाय किये है। जिसमें आम जनता का सहयोग बहुत जरूरी है। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्र. 1, 2, 3, 6, 14, 15, 19 एवं 20 का सेनेटाइजिंग कार्य एसीसी सीमेंट वर्क्स प्रबंधन के सहयोग से किया जा चुका है।

साथ ही शेष वार्डो में भी लगातार सेनेटाइज कार्य किया जावेगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र नायक ने बताया कि पालिका क्षेत्र के किसी भी घर में संक्रमित मरीज मिलता है तो उस घर एवं आसपास मोहल्ले को तत्काल सेनेटाइज किया जाता है। साथ ही आम लोगो से अपील की जाती है कि बिना वजह घर से बाहर न निकलें, मास्क का उपयोग करें, हाथों को साबुन से धोते रहें एवं षासन के निर्देषो का पालन करें एवं जांच करवाते रहें जिससे की कोविड 19 को फैलने से रोका जा सके।

## क्विक न्यूज

### अमृत मिशन के गड्ढे में घुसी कार



**रायगढ़।** कोतरा रोड ग्रामीण बैंक के सामने बीती रात करीब दस बजे एक कार बीच सड़क में खोंदें गए गड्ढे में जा घुसी और पलट गई। ज्ञात हो कि बीच सड़क में जो गढ्ढा था वह गढ्ढा अमृत मिशन के तहत नगर निगम द्वारा खोदा गया था। उक्त हादसे में कार ड्राइवर को हल्की फुल्की चोटें आयी और उससे सकुशल बाहर निकाल लिया गया। कार रायगढ़ शहर की नहीं थी, रायपुर शहर की थी, रोड खाली होने के कारण रफ्तार भी तेज थी। वह उस गड्ढे में आसपास कहीं भी ÷सावधान÷ जैसा कोई का बोर्ड नहीं दिखा, जिसे देखकर समझ जाए कि आगे जाना खतरनाक है, लेकिन इस एक दुर्घटना ने शहर के नगर निगम के कार्यप्रणाली, जनप्रतिनिधि, ठेकेदार पर कई सवाल खड़े कर दिए। क्योंकि अमृत मिशन में जिस कार्यप्रणाली से कार्य हो रहा है। उस पर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। चाहे तय सीमा से अधिक समय गुजर जाने के बाद भी काम को पूरा न कर पाना व शहर में आए दिन जगह जगह को खोदकर आम नागरिकों को तकलीफ देना।

### क्रांतिकारी शिक्षक संघ प्रतिनिधि मंडल विकासखंड शिक्षा अधिकारी से मिला




**सक्ती।** क्रांतिकारी शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई डभरा के द्वारा शिक्षक एलबी की विभिन्न समस्याओं एवं शिक्षकों के द्वारा बताई गई अन्य समस्याओं के सम्बंध में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डभरा से सौजन्य भेंटवार्ता की गई, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बंजारे ने सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिया।जिसके लिए क्रांतिकारी संघ ब्लॉक इकाई डभरा ने को धन्यवाद ज्ञापित किया,इस भेंटवार्ता में संघ से महिला प्रकोष्ठ प्रांताध्यक्ष शांति थवाईत, उपाध्यक्ष पुनि अनंत , जिला अध्यक्ष सक्ति सन्तन, संघ के संरक्षक टिकलोमनी डनसेना, ब्लॉक अध्यक्ष डभरा कमलेश लहरे, एवम अन्य सक्रिय पदाधिकारी गण में पार्वती खूंटे नर्मदा साहू ,टोपेन्द्र चन्द्रा, राधेश्याम भारद्वाज,गायत्री मैत्री छाया कुर्रे लक्ष्मी लहरे मदन धिरहे वाकेश्वर बर्मन संजीव भारद्वाज एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नहीं रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता धनेश्वर प्रसाद राठौर

**सक्ती।** शक्ति विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा प्रत्याशी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता धनेश्वर प्रसाद राठौर बड़े गौटिया पोरथा का 9 अप्रैल दिन-शुक्रवार को बिलासपुर में आकस्मिक निधन हो गया है,उनके निधन पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत शक्ति के विधायक प्रतिनिधि अमित राठौर ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके निधन पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# जंगल में मिला मृत भालू, बोइरदादर के जंगल से भटकते गांव तक पहुंचा हिरण

■ खरसिया व रायगढ़ वन परिक्षेत्र का मामला

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

गर्मी का दिन आते ही पानी व खाने की तालाश में वन्यप्राणी गांव तक पहुंच जाते हैं। कई ऐसे मामले अब तक सामने आ चुके हैं। वहीं आज खरसिया वन परिक्षेत्र के जोबी सर्किल के जंगल में एक भालू मृत हालत में मिला। जिसकी जानकारी लगने के बाद आगे की प्रक्रिया वन अमला के द्वारा की जा रही हैं, तो रायग? वन परिक्षेत्र के सबसे संवेदनशील बीट कहे जाने वाले बोइरदादर के जंगल से भटकते हुए एक हिरण कोरियादादर गांव के एक घर में घुस गया। इसके बाद उसे इंदिरा विहार लाया गया। जहां स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे जंगल में छोड़े जाने की बात कही जा रही है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया वन परिक्षेत्र के जोबी सर्किल के चीताकटरा के कक्ष क्रमांक 1129 पीएफ कापरमार में



एक भालू की मौत हो गई और उसका शव जंगल में प?ा हुआ था। चौकीदार को जब इसकी जानकारी लगी, तो उसने मामले की सूचना उसने अपने उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद वन अमला द्वारा मौके पर पहुंच कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया गया, तो बताया जा रहा है कि भालू लगभग 12 वर्ष का होगा और वह बीमार नजर आ रहा था। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। इसके बाद विभाग के उच्चाधिकारियों की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार कराया जाएगा। वहीं दूसरी ओर आज बोइरदादर के जंगल से भटकते हुए एक हिरण कोरियादादर तक पहुंच गया और यहां विजय उरांव के घर में घुस गया। इसके बाद अन्य ग्रामीणों व गोपालपुर के सरपंच को इसकी जानकारी हुई, तो काफी संख्या में ग्रामीण यहां इक्टठा हो गए। इसके बाद किसी तरह हिरण को ग्रामीणों के द्वारा बांध कर रखा गया और मामले की सूचना वन अमला को दी गई। तब वनकर्मी मौके पर पहुंचे और हिरण को इंदिरा विहार लेकर आए। इसके बाद डॉक्टर द्वारा इसका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उसके स्वास्थ्य को देखते हुए जंगल में छोड़ने की सलाह दी गई। जिसे संबंधित कर्मचारियों के द्वारा जंगल में छोड़ने की बात कही जा रही है।

### दावानल से वन्यप्राणी इधर उधर भाग रहे

विभागीय जानकारों की अगर माने तो गर्मी में जंगलों का पानी सूखने व दावानल के कारण वन्यप्राणी इधर उधर भागते हैं और पानी की तालाश व आग की लपटो से बचने के लिए आसपास के आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच जाते हैं। इसके बाद कुत्तों व ग्रामीणों के द्वारा शिकार की संभावना बढ़ जाती है। लापरवाह बीटगार्डों की वजह से रायगढ़ वन परिक्षेत्र का लगभग हजारों हेक्टेयर जंगल जल कर राख हो चुका है। इसके बाद भी विभाग के उच्चाधिकारियों के द्वारा लापरवाही पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

जोबी सर्किल के ग्राम चीताकटरा के कक्ष क्रमांक 1129 पीएफ कापरमार में भालू मृत हालत में मिला है। नर भालू बीमार था उस पर पहले से निगरानी की जा रही थी। वह लगभग 12 साल का होगा।

**-गोकूल प्रसाद यादव,** रेंजर, खरसिया वन परिक्षेत्र

# विधायक चंदेल को इलाज के बाद मिली एम्स से छुट्टी

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

छ.ग. विधान सभा के पूर्व उपाध्यक्ष, भाजपा के प्रदेष महामंत्री, जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के विधायक नारायण चंदेल को आज रायपुर एम्स से डॉक्टरों ने छुट्टी दे दी है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों विधायक चंदेल कोविड-19 पॉजेटीव होने के कारण अस्वस्थ थे, उन्हें ईलाज हेतु एम्स हॉस्पिटल रायपुर में भर्ती किया गया था।



वहां के डॉक्टरों ने ईलाज के दौरान पूरी जांच करके उन्हें अस्पताल से छुट्टी देकर, जब तक पूर्ण रूप से स्वस्थ्य ने हो जाये तब तक होम आईषोलेषन में रहने की सलाह दी है। इलाज के दौरान डॉक्टरों को किसी प्रकार से कोई गंभीर लक्षण नहीं मिला है। वे 5 दिन एम्स हॉस्पिटल में जांच व ईलाज कराये इस दौरान त्रिपुरा प्रदेश के राज्यपाल रमेश बैस, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव, विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरण दास महंत, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, नेताप्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, भाजपा के प्रदेश प्रभारी डी. पुरंदेश्वरी, भाजपा के प्रदेष अध्यक्ष विश्णुदेव साय, भाजपा के संगठन महामंत्री पवन साय, रायपुर सांसद सुनिल सोनी, पूर्व मंत्री रायपुर षहर के विधायक बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर, विधायक षिवरतन षर्मा, पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाष पाण्डेय, जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के सांसद गुहाराम अजगल्ले, विधायक रजनीष सिंह, विधायक सौरभ सिंह, विधान सभा के सचिव चंद्रशेखर गंगराड़े सहित प्रदेष सरकार के अनेक मंत्री, सांसद विधायक तथा भाजपा के अनेक प्रदेष पदाधिकारियों ने विधायक चंदेल के स्वास्थ्य की निरंतर जानकारी ली तथा अनेकों बार उन्होंने विधायक चंदेल से फोन कर उनका कुषलक्षेप पूछकर स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं उनके षीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पूरे छ.ग. प्रदेष के भाजपा कार्यकर्ताओं ने निरंतर फोन कर बात करते हुए उनका कुषलक्षेप पुछा वहीं जांजगीर-चाम्पा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं ने विधायक चंदेल से निरंतर फोन पर रहें तथा सभी लोगों ने उनके षीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

# नगर पंचायत बाराद्वार में विधानसभा अध्यक्ष ने दी स्टील की पानी टेंकर

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिले के नगर पंचायत बाराद्वार में स्थानीय विधायक तथा छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत द्वारा वर्तमान ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए अपनी निधि से नगर पंचायत को लगभग 5000 लीटर की स्टेनलेस स्टील की पानी टैंकर प्रदान की गई है, जिसका लोकार्पण किया गया, इस अवसर पर नगर पंचायत बाराद्वार की अध्यक्ष रेशमा विजय सूर्यवंशी एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सूर्यवंशी ने कहा कि आज नगर पंचायत बाराद्वार में विधानसभा अध्यक्ष जी की पहल एवं उनके प्रयासों से शहर का विकास तेजी से हो रहा है,एवम आने वाले दिनों में और अधिक विकास के कार्य होंगे



तथा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार ने बाराद्वार शहर को भी विकास के लिए विभिन्न स्वीकृति प्रदान की है, तथा शहर को साफ सुथरा एवं स्वच्छ रखने निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनहरण राठौर, नगर पंचायत पार्षद दीपक ठाकुर, सुनील जिंदल, संजय शर्मा,सहित नगर पंचायत बाराद्वार के काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक तथा कांग्रेस नेता गण उपस्थित रहे।

# बर्तन चमकाकर पहले भरोसा जीता, फिर चार लाख रु का जेवरात लेकर रफूचक्कर हुए आरोपी

■ शिक्षक हुआ ठगी का शिकार, सुनियोजित ढंग से दिया गया घटना को अंजाम, जूटमिल पुलिस जांच में जुटी

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

शहर के जूट मिल क्षेत्र में मस्जिद के सामने निवासरत शिक्षक के शिक्षित परिवार के साथ दो अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा सोने के गहने चमकाने के नाम पर ठगी कर गहने ले भागने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत जूटमिल थाने में की है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर जांच में जुट गई है।

मिली जानकारी अनुसार जूटमिल क्षेत्र के मस्जिद के सामने मुन्नालाल पाटिल का घर है। जहां आठ अप्रैल को सुबह 11.30 बजे दो अज्ञात व्यक्ति दस्तक दिए। बर्तन और सोने चांदी मांजने का पाउडर दिखाकर जबरजस्ती घर से सोने का जेवरात मंगवाकर उसमे पाउडर डालकर प्रयोग करने लगे। शिकायतकर्ता ने बताया है कि ठगी करने वाले दो व्यक्तियों में से एक व्यक्ति घर के दरवाजे पर खड़ा होकर बर्तन और गहनों पर पाउडर का प्रयोग कर गहने मांजने लगा। पीड़ित परिवार के द्वारा बार-बार मना करने पर भी वह आदमी नहीं माना। जबरजस्ती पी?ित की पत्नी से गहने को मांग कर बर्तन में रख बर्तन में पानी भरकर गहने को सफाई करने लगा। गहना चमकाते समय पीड़ित परिवार की नजर उक्त व्यक्ति से हट गई और मौका देख आरोपी अज्ञात व्यक्ति जेवरात को लेकर फरार हो गया।

### प्लानिंग के साथ घटना को दिया अंजाम

दोनों अज्ञात व्यक्ति घटना को सुनियोजित ढंग से अंजाम दिए एक व्यक्ति घर के अंदर दाखिल हुआ तो दूसरा एक और व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर राज मेडिकल स्टोर के सामने सड़क के दूसरे तरफ बाइक लेकर खड़ा हुआ था। जैसे ही घर के अंदर से उसका साथी गहना लेकर निकला फिर बाइक में बैठ गया और दोनों वहां से भाग निकलने में सफल हुए।

# पेंशन हितग्राही के मृत्यु के बाद भी पेंशन राशि का आहरण

■ कलेक्टर ने दिये एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले के ग्राम पंचायत बछेरा में पेंषन हितग्राही के मृत्यु के पश्चात् भी पेंषन राषि का नियमित आहरण किया जा रहा था। जांच उपरांत कलेक्टर एल्मा ने इसे गंभीरता से लिया और अपराधिक कृत मानते हुए आहरण में मदद करने वाले ग्राम पंचायत बछेरा के वर्तमान सरपंच शरद कुमार साहू और ग्राम पंचायत सचिव पूनम कुमार साहू के विरूद्ध पुलिस में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) कराने के लिए समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक को निर्देष दिये है। समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ने पेंशन हितग्राही की मृत्यु 21 मार्च 2017 को हो चुकी है। नियमानुसार वर्ष 2017 से फरवरी 2021 में पदस्थ ग्राम पंचायत सचिव द्वारा जनपद पंचायत में मृत पेंशन हितग्राही के संबंध में लिखित में सूचित करते हुए एनएसएपी के पोर्टल से विलोपित करना था। लेकिन उनके द्वारा पेंषन हितग्राही की तबियत कई माह से खराब होने के कारण बैंक आने में असमर्थ है। अतः हितग्राही के स्थान पर उनके पुत्र धर्मेन्द्र पिता बुधे राम को पेंषन राषि प्रदाय करने हेतु शाखा प्रबंधक बैक ऑफ बडौदा शाखा मुंगेली को पत्र लिखा गया। जिसके आधार पर मृत हितग्राही के खाते में जमा राषि का आहरण मृत हितग्राही के पुत्र द्वारा राषि का आहरण करता रहा। उन्होंने बताया कि ग्राम के सरपंच एवं सचिव द्वारा जानबूझ कर शासन को वित्तीय हानि पहुँचाते हुए मृत हितग्राही का नाम विलोपित करने के स्थान पर बैंक को फर्जी सूचना देते हुए राषि आहरण करने में सहयोग किया गया।

# पशु चिकित्सालय में पीपल वृक्ष की बड़ी डगाल गिरने से स्विट कार क्षतिग्रस्त हो गया

पायनियर संवाददाता ➤ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पशु चिकित्सालय में शुक्रवार को दोपहर बिना हवा, पानी के पुराना पीपल पेड़ गिर जाने से एक स्विफ्ट कार बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गई है व स्थल पर मौजूद अन्य बी.एम.डब्ल्यू. कार, होंडा बाईक व एक स्कूटी में खरोंच भी नहीं आया है। घटना स्थल पर लोग मौजूद नही थे जिससें बड़ी घटना होने से बच गई। नगर के रामगोपाल तिवारी वार्ड में पशु चिकित्सालय स्थापित हैं, जहां शक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे के आस-पास पीपल वृक्ष का एक बड़ा भाग अपने-आप गिर गया। उल्लेखनीय है कि इस समय दोपहर को न आंधी-तूफान आया था। न हवा चली फिर पीपल वृक्ष का एक बड़ा भाग एकाएक वृक्षा से अलग होकर गिरा जो चिकित्सालय के बगल के बिल्डिंग को डेमेज



करते हुए जमीन पर गिर पड़ा। लोग समझ नहीं पाये कि बिना आंधी-तूफान हवा चले पीपल वृक्षा का बड़ा भाग आखिर गिरा कैसे, लोगो के चर्चा से ज्ञात हुआ कि इस पीपल का वृक्ष की आयु लगभग 100 साल के आस-पास है। अनुमान लगाया जा रहा है कि पीपल का वृक्षा जहां से गिरा है उसकी अंदरूनी भाग सड़ कर खोखला हो गया था। जो एकाएक पेड़ से अलग होकर गिरा उस समय बी.एम.डब्ल्यू. कार, स्विफ्ट कार, होंडा बाईक व एक स्कूटी उस स्थल पर मौजूद थें। जिसमें से स्विफ्ट कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं वहीं बी.एम.डब्ल्यू. कार व होंडा बाईक में खरोच भी नही आयी हैं। उल्लेखनीय है कि होंडा बाईक व एक स्कूटी उस स्थल पर खड़े थे जहां पीपल का बड़ा हिस्सा गिरा लेकिन स्विफ्ट कार को छोड़ कर बांकी में खरोच भी नही आया। पशु चिकित्सालय में आम तौर पे लोगो का आवागमन व बच्चों के खेलने की जगह है लेकिन ये तो गनीमत थी कि घटना के समय दोपहर में लोग वहां मौजूद नहीं थे जिसके चलते बड़ी घटना होने से बच गए और जान माल का कोई नुकसान नही हुआ।

# कोरोना की दूसरी लहर से निपटने रखें पूरी तैयारी: एसपी

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक रायगढ़ संतोष कुमार सिंह द्वारा शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारियों की बैठक ली गई। मीटिंग में कोविड-19 गाइडलाइन का पालन करते हुए मास्क व सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान रखा गया था। पिछली क्राइम मीटिंग के लगभग 15 दिनों बाद ही पुलिस अधीक्षक द्वारा कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों को पूर्व की भांति सजग रहकर जिलेवासियों को इस संक्रमण से दूर रखने के लिए पुलिस की तैयारी किस प्रकार रहे, इस संबंध में विस्तृत चर्चा किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रोजेक्टर में प्रजेंटेंशन के माध्यम से देश व राज्य में संक्रमण की स्थिति को उपस्थित पुलिस अधिकारियों को दिखाते हुए चर्चा किया गया कि राज्य के कई जिलों में लॉक डाउन लगाया



गया है, रायगढ़ की स्थिति अच्छी है लेकिन आने वाले समय को देखते हुए हमें तैयारी पिछले साल की तरह रखनी होगी। जिसमें एक और जागरूकता कार्यक्रम हो तो वहीं मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग पर अधिक से अधिक कार्यवाही किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने प्रभारियों को जिलाधीश द्वारा दुकानों के खुलने और बंद होने का समय निर्धारित किया गया है जिसका पालन करावें, बाजार में भीड़ इकट्ठा ना होने दें इसलिए फूट पेट्रोलिंग के माध्यम से व्यवसायियों को सचेत करें व कार्यवाही भी अमल में लाएं। उन्होंने सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक साथ बिना मास्क पर अभियान चलाकर अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

**लंबित अपराध, शिकायतों की समीक्षा-** पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थाना चौकियों के लंबित अपराध, शिकायतों की समीक्षा की गई। वर्ष 2019 व 2020 के लंबित प्रकरणों को लेकर प्रभारियों को पर्यवेक्षण अधिकारी से मार्गदर्शन प्राप्त कर शीघ्र इन प्रकरणों का निकाल के निर्देश दिए तथा महिला संबंधी अपराधों की समय सीमा में जांच तथा शिकायत का एक महीने के अंदर निकाल का निर्देश दिया गया है। मीटिंग में महिला संबंधी अपराधों एवं मर्ग के पी?ित पक्षों को सहायता राशि प्रदान किए जाने के लिए राहत प्रकरण का प्रतिवेदन लंबित ना रखने के निर्देश दिए गए हैं।

**क्रिकेट सट्टा की शिकायत नहीं आनी चाहिए-** लघु अधिनियम एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की समीक्षा पर कुछ थाना क्षेत्र अंतर्गत कार्रवाई को संतोषजनक बताए तथा कार्यवाही से पिछ?ने वाले प्रभारियों को कार्रवाई बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। प्रारंभ आईपीएल मैच पर प्रभारियों को सख्त निर्देशित किया गया है कि किसी भी क्षेत्र में क्रिकेट सट्टा की शिकायत नहीं आनी चाहिए, पिछले साल कार्यवाही हुई है, इस साल कार्यवाही और बढ़नी चाहिए।

# विधायक प्रकाश नायक ने पंचधार में सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के सरिया क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचधार में करीब चार लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन विधायक प्रकाश नायक ने किया। गांव वालों ने इस इस कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया। ग्राम पंचायत पंचधार में भूमिपूजन का यह कार्यक्रम शुक्रवार के शाम पांच बजे आयोजित था।कोविड 19 शासन के नियमों का पालन करते हुए यह आयोजन रखा गया था। जिसमें रायगढ़ के युवा विधायक प्रकाश नायक ने यहाँ बनने वाले सामुदायिक भवन का विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास किया।इस मौके पर उन्होंने इस निर्माण कार्य के लिए ग्रामवासियों को बधाई दी। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास को लेकर छत्तीसगढ़ की



भूपेश सरकार सतत प्रयत्नशील है। इस कोरोना काल में भी हमारे सरकार ने ग्रामीण विकास के लिए प्रयास किया और आज यह आप सब के सामने हैं। उन्होंने इस अवसर पर शासन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना गोधन - गोठान निर्माण सहित अन्य योजनाओं की तारीफ की और कहा कि इन विभिन्न योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोंगो की किस्मत बदल रही हैं। यहां आयोजित कार्यक्रम को सरिया के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष शरद यादव,सहित मंचस्थ अन्य जन प्रतिनिधियो ने संबोधित किया और सामुदायिक भवन निर्माण के लिए पंचधार वासियों को बधाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रुप से सरिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव पातर, विधायक प्रतिनिधि पदमन प्रधान, जिला पंचायत सदस्य कैलाश शक्राजीत नायक, कांग्रेस नेता ब्रजकिशोर स्वर्णकार, अरुण शर्मा, किशोर पटेल, गणपति पाढ़ी,रामकृष्ण प्रधान, संतोष पाणीग्रही, पलटन पटेल, खेमराज प्रधान, सहित क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कर्ज से परेशान युवक ने खुद को लगाई आग

**रायगढ़।** सारंगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रेजा गांव में कर्ज से परेशान युवक ने अग्नि स्नान कर जान दे दी। घटना के



बाद आहत को सारंगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए आहत को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। जिंदगी और मौत का जंग लड़ रहे युवक ने दोपहर डेढ़ बजे दम तोड़ दिया। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार मृतक रोशन पंकज पिता सोनू राम पंकज किसी से उधार में 1 लाख रु लिया था जिसे वह वापस नहीं कर पा रहा था। जिसकी वजह से वह मानसिक रूप से परेशान रहता था। 31 मार्च को करीबन चार बजे कर्ज का पैसा वापस नहीं कर पाने के कारण परेशान होकर खुद के ऊपर केरोसिन डाल कर आग लगा लिया। जिससे उसका पहना हुआ कपड़ा पूरी तरह से जल गया। घटना के बाद उसे इलाज के लिए रायगढ़ लाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया।

# सरबकोम्बो के लोगों ने कोविड-19 का टीका लगवाकर निभाया अपना फर्ज

■ टीका के संबंध में फैले अफवाहों का खंडन करते हुए लोगों के लिए कायम किया एक मिसाल

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जशपुर के बगीचा विकासखंड के ग्राम सरबकोम्बो की रहने वाले ग्रामीण लोगों ने कोरोना संक्रमण के रोकथाम में अपना योगदान देते हुए कोविड का टीका लगवाया है। इनमें महिला पुरूष के साथ ही उम्रदराज बुजुर्ग भी शामिल है। ग्रामीणों ने कोविड-19 टीकाकरण के संबंध में फैले अफवाहों पर ध्यान नहीं देते हुए टीका लगवाकर दूसरों के लिए एक मिसाल कायम करते हुए अपना फर्ज निभाया है।

उल्लेखनीय है कि कोविड 19 के संक्रमण से बचाव के लिए प्रदेश में टीकाकरण की शुरूआत की गई है जिसके अंतर्गत विगत 1 मार्च से 60 साल से अधिक एवं 45 से 59 वर्ष के कोमॉर्बिड लोगों को टीका लगना प्रारंभ किया गया साथ ही गत 01 अप्रैल से 45 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को कोविड का टीका लगाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि टीका लगने के बाद उन्हें किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हें आधे घंटे निगरानी में रखा गया। वे सभी पूरी तरह से स्वस्थ हैं और उन्हें किसी प्रकार की समस्या नही हुई है। उन्होंने बताया कि वे सभी 45 दिन पश्चात टीका का दूसरा डोज भी लगवाएंगे। ये सभी खेती एवं मेहनत मजदूरी करके जीवन यापन करने वाले ग्रामीण है एवं अधिकांश अशिक्षित है फिर भी इन्होंने समझदारी दिखाते हुए कोरोना से बचाव के लिए टीका को चुना। इनके चेहरे में टीका के प्रति किसी प्रकार की शंशय या भय न होकर एक अलग ही उत्साह नजर आया। उन्होंने कहा कि कोरोना से बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी है।

## क्विक न्यूज

### यात्री बस भानबेड़ा के आगे मोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई



**भानुप्रतापपुर।** कांकेर जा रही जागीरदार कंपनी की यात्री बस भानबेड़ा के आगे मोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में किसी को चोट नहीं आई है। शुक्रवार को दोपहर 2 बजे मानपुर से कांकेर जा रही है जागीरदार कंपनी की बस कमांक सीजी 08 एम 0532 भानबेडा के आगे अनियंत्रित होकर खेत में जा घुसी और पलट गई।

### मुख्यमंत्री बघेल की मासिक रेडियो वार्ता का प्रसारण आज

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियोवार्ता लोकवाणी की 17 वीं कड़ी का प्रसारण 11 अप्रैल रविवार को होगा। मुख्यमंत्री बघेल लोकवाणी में इस बार नया बजट, नए लक्ष्य विषय पर प्रदेशवासियों से बातचीत करेंगे। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम. रेडियो और क्षेत्रीय समाचार चैनलों से सुबह 10.30 से 11 बजे तक होगा।

# लोरमी जनपद का कारनामा बगैर जीपीडीपी के ठेकेदार को एलईडी लाइट के लाखों रुपये के बिल का भुगतान

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com

जिले में एल,ई,डी लाइट के लाखों रुपये के बिल भुगतना का मामला एक बार फिर तूल पकड़ने लगा है, जिले के लोरमी जनपद पंचायत द्वारा गुणवत्ता विहन सामग्री के भुगतान का मामला प्रकाष में आया है जिसे लेकर लोरमी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मेन कुमार भार्गव के नेत्रित्व मे कांग्रेसियों ने लोरमी अनुभागीय अधिकारी संहित जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर दो दिवस के अन्दर पंचायत को राशि वापस करने एंव लोरमी सीईओ के उपर कार्यवाही नही होने पर जनपद पंचायत घेराव करने के भी मांग किये है।

मिली जानकारी के अनुसार मुगेली जिले के लोरमी जनपद पंचायत की मुख्य कार्य पालन अधिकारी प्रीति पवार के उपर फिर मनमानी करने का लगा आरोप है , मामला 2018/19 मे लोरमी जनपद पंचायत के लगभग 50 से अधिक ग्राम पंचायत मे बगैर जी पी डी पी के पंचायत मे ठेकेदार के द्वारा 14वां एंव 15वां वित्त आयोग से एल ,ई,डी,लाइट कनेक्शन लगाया गया था जिसके भुगतान नही करने के लिए सरपंचों ने मुगेली जिला पंचायत,के सीईओ नूपुर राशि पन्ना से मांग किये थे जंहां भुगतान पर रोक लगा दी गई थी।



जिला सीईओ के तबादले के बाद लोरमी जंनपद सीईओ ने अपने चहेते ठेकेदार, आदित्य सिंह को लाभ पहुंचाने एंव कमीसन के लेन देन से आठ ग्राम पंचायत से लगभग 30,00000 तीस लाख रुपये बगैर जी,पी,डी,पी,और अनुशंसा के राशि निकालने के आरोप लगाते हुऐ शिकायत लोरमी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मेन कुमार भार्गव के नेत्रित्व मे कांग्रेसियो ने लोरमी अनुभागीय अधिकारी संहित जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपे है वंही दो दिवस के अन्दर पंचायत को राशि वापस करने एंव लोरमी सीईओ के उपर कार्यवाही नही होने पर जनपद पंचायत घेराव करने के भी चेतावनी दिये है। ज्ञात हो कि विगत कुछ समय पहले ऐसा ही एक मामला नगर पालिका परिषद मुंगेली मे भी सामने आया था जिसमें मिली जानकारी के अनुसार परिषद के सदस्यो के बिना जानकारी एल,ई,डी लाईट के लाखो रुपये का बिल भुगतना किया गया था, छोटी छोटी मूलभूत समस्यो को लेकर सरपंचो को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है वंही दुसरी ओर बगैर जी,पी,डी,पी,एंव डी,ए,सी,के पचास रुपैय भी नही निकाल सकते और फ ईल लिए गुम रहे है तो वंही कमिशन के खेल मे नियम कानून को ताक पर रख कर लाखो रुपये की भुगतान कर दी जाती है जंहां कई सवाल खडे कर रहे है।

वंही इस,मामले मे जिला कलेक्टर ,पी,एस एल्मा ने बताया की आज शिकायत प्राप्त हुऐ है जनपद पंचायत के फाइल यंहा नही आते इसलिए मुझे ज्ञात नही है इस संबध मे जनपद सीईओ ही बता पायेगे यह संक्षम अधिकारी ने कहे यह समझ से परे है बाहर हाल अब देखने वाली बात होगी की कब तक कार्यवाही होगी या कार्यवाही के नाम पर लिपा पोती ही होती है।यह तो अधिकारियों के विवेक उपर निर्भर करता है।

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल के डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर महादेव कावरे जशपुर जिला अस्पताल में संक्रमित मरीजों के ईलाज के लिए बनाए गए डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल का निरीक्षण कर सेन्टर में भर्ती मरीजों से स्वास्थ्य सुविधा, साफ- सफाई के सम्बंध में जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी पी. सुथार, जिला टीकाकरण अधिकारी आर.एस. पैंकरा, सिविल सर्जन एफ. खाखा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने मरीजो की सहायता के लिए हॉस्पिटल में बनाये गए कोविड वार्ड कंट्रोल रूम के सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से डॉक्टर द्वारा मरीजो की किए जाने वाली स्वास्थ्य परीक्षण का अवलोकन किया। उन्होंने कक्ष के माइक के माध्यम से मरीजों को डॉक्टरों के विजिट या अन्य जानकारी देते रहने की बात कही। कलेक्टर ने कोविड हॉस्पिटल में भर्ती एडीजे कुनकुरी अजीतराज भानू, सिस्टर एनेस्थेसिया सहित अन्य मरीजों से वीडियो कॉल के माध्यम से बात कर उनका हाल चाल जाना एवं दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजो को समय पर नाश्ता, भोजन एवं दवाई प्रदान करने एवं सेंटर के सभी वार्ड सहित शौचालय की नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। कावरे ने नियमित अंतराल में डॉक्टरों द्वारा विजिट कर मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते रहने के लिये निर्देशित किया एवं डॉक्टरों को मरीजों के लिए आवश्यक सारी व्यवस्था एवं ऑक्सीजन सिलेंडर, पीपीई किट, दवाइयां सहित अन्य सामग्रियों की पर्याप्त उपलब्धता शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने जिला अस्पताल में किये जाने वाले कोविड-19 टेस्ट का भी अवलोकन करते हुए लक्ष्यानुसार लोगो का आरटीपीसीआर, एंटीजन एवं ट्रू नॉट टेस्ट करने के निर्देश दिये उन्होंने इलाज के लिए आने वाले लोगो की सुविधा के लिए जिला अस्पताल के सभी चिकित्सकों के नाम उनका संपर्क नंबर एवं आपातकाल स्थिति में कार्यरत चिकित्सकों के नाम-नंबर बाहर बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए।

# तेज रफ्तार बाइक और हाईवा में भिडंत



पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले में सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को लैलूंगा थाना क्षेत्र से सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार हाइवा और बाइक की भिडंत से मौके पर ही बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। मिली जानकारी अनुसार लगभग 11 बजे लैलूंगा के ग्राम बिरसिंगा रोड में मिशन स्कूल के पास तेज रफ्तार ट्रक और बाइक के बीच जबरजस्त भिडंत हो गई। जिससे बाइक सवार सड़क पर गिर गए और हाईवा के पहिये तले रौंदे गए। घटना के बाद राहगीरों ने घटना की सूचना डायल 112 को दी मौके पर पहुंची 112 की टीम ने लैलूंगा पुलिस को घटना की जानकारी दी जहां लैलूंगा पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्यवाही में जुटी गई। बताया जा रहा है कि मृतकों का नाम अरशद और रामिल बताया जा रहा है जो रिश्ते से चाचा भतीजा लगते हैं जो गांव करवारजोर पजरीझरिया के रहने वाले हैं। बताया जा रहा कि हाइवा में बोल्डर लोड था।

### बहुप्रतीक्षित ओवरब्रीज निर्माण कार्य के लिए अधिशासी निदेशक ने किया भूमिपूजन



**किरन्दुल।** किरन्दुल फुटबॉल ग्राउंड से मेन मार्केट को जोड़ने हेतु ओवर ब्रीज का निर्माण एनएमडीसी द्वारा किया जा रहा था और पिछले 07 वर्षों से निर्माण कार्य को बंद कर इसे छोड़ दिया गया था और जिसके कारण नगर के आम नागरिकों एवं विभिन्न ग्रामों से पहुंचने वाले मूल निवासियों को बाजार,बस स्टैंड,मुख्य चिकित्सालय जाने हेतु रेल पटरी पार करके जाना पड़ता है एवं मालगाड़ी लगे रहने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था साथ ही इसी मार्ग से कई विद्यालयों के बच्चों को आवागमन में परेशानी के साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।इन सभी विषयों को ध्यान में रखते हुए किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने कलेक्टर दीपक सोनी को लिखित में आवेदन भी दिया था।जिसके बाद आज एनएमडीसी किरन्दुल अधिशासी निदेशक आर गोविन्दराजन ने ओवरब्रीज निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया इस दौरान एनएमडीसी प्रबन्धन के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

# ध्वज पताका वितरण कर संघ ने नववर्ष मनानें का किया आह्वान

पायनियर संवाददाता < कुरुद
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कुरुद खण्ड द्वारा थाना चौक स्थित शिशु मंदिर में कोरोना के लिये लॉकडाऊन, मास्क, सोशल डिस्टेंश और शासन के आदेशों का पालन करते हुए हिंदू नववर्ष, विक्रम संवत 2078 चैत्र शुक्ल एकम, 13 अप्रेल मंगलवार को मनाने का आह्वान किया गया। बैठक में मुख्यरूप से जिला संघ कार्यवाह मोहन साहू जी उपस्थित रहे जिन्होने हिन्दू नववर्ष पर कुरुद नगर से जिलावासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा- प्रत्येक भारतीय के घरों में ध्वज, सायंकालीन दीप और रंगोली से घर सजाकर जलाकर, आपसी प्रेम के साथ बधाई शुभकामनायें प्रेसित कर नव वर्ष मनायें साथ ही माता भूमिः पुत्रोहं पृथिव्याः अर्थात पृथ्वी हमारी माता है और हम उसके बच्चें हैं। पर्यावरण की देखभाल करना हमारे स्वभाव का अभिन्न हिस्सा है। इसी तर्ज पर खेत या बाड़ी की मिट्टी लाकर उसमें कलश सजा, जल चढ़ाकर प्रार्थना के साथ मिट्टी पुजन करना है उस मिट्टी को वापस खेतों में डालना है। इसतरह हम भुमि सुपोषण एवं संरक्षण हेतु राष्ट्र स्तरीय जनजागरण अभियान का भी कार्यक्रम करनें की अपील अपनें




हिंदुभाईयों से करते हैं। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न धार्मिक संगठनों एवं संघ के कार्यकर्ताओं को ध्वज वितरण करना था जिसके तहत् भाजपा जिला मंत्री तिलोकचंद जैन, पप्पी चैनवानी, नवीन चंद्राकर, लक्ष्मीकांत साहू एवं अनुप आर्ट्स के संचालक अनुप यादव जी द्वारा सहयोग से झण्डा वितरण कर नगर सज्जा की जिम्मेदारी भी दी गई। उक्त बैठक में संघ के प्रमुख लोंगो में संबलपुर आनंदस्वरुप जिला समाजिक समरसता प्रमुख, धनेश्वर निर्मलकर, डुगेश साहू, पोषण साहू खण्ड कार्यवाह कुरुद, कमलेश चंद्राकर, प्रीतेश साहू, जितेन्द्र निर्मलकर, मोनू चंद्राकर, दीपक साहू, नवनीत शर्मा के साथ साथ आजाद हिंदु युवा मंच सहित विभिन्न धार्मिक संगठनों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 7 दिनों का राशन लेने लोगों की उमड़ी भीड़

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिले में सात दिनों के लिए संपूर्ण लॉक डाउन लगाया गया है। शुक्रवार की शाम आदेश जारी होते ही लॉक डाउन की खबर सुनकर लोग सात दिनों का सामान लेने दुकानों की ओर निकलने लगे। शुक्रवार को समय सिर्फ दो घंटे का ही मिला जिसमें लोग आवश्यकता की सभी वस्तुएं खरीदने से चुक गए। लेकिन शनिवार की सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक 12 घंटे का वक्त मिलने से लोग बाजार की ओर आए और अपनी जरूरतों का सामान खरीदा। शनिवार को बाजार में सभी दुकानों में भीड़ नजर आई। सबसे अधिक भीड़ किराने की दुकान में दिखाई दी। दुकानदारों ने सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क की अनिवार्यता का पालन करते हुए लोगों का सामान दिया। बाजार में अपनी दैनिक उपयोग की सामग्री खरीदने के लिए संपन्न और मध्यमवर्गीय परिवार तो दिखाई दिया लेकिन गरीब तबका कोई भी नजर नहीं आया। बाजार में घूम रहे गरीब व्यक्ति जो नगर पालिका क्षेत्र के मधुबन टोली का निवासी है से बातचीत करते हुए किराना



सामान खरीदने की जानकारी ली गई। उन्होंने कहा हम गरीब हैं साहब रोज कमाने और खाने वाले हैं। वह पेशे से रिक्शा चालक है। उन्होंने कहा, बीते वर्ष से तो कुछ लोगों की मदद भी आई थी लेकिन इस वर्ष क्या होगा महादेव ही मालिक है।

**मरीजों के लिए 1055 बेड उपलब्ध है**

कलेक्टर महादेव कावरे ने शनिवार को मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से कोरोना संक्रमण की सुरक्षा को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बालाजी राव और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के एस मंडावी, एसडीएम स्वास्थ्य अधिकारी सभी जनपद सीईओ उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए जिला अस्पताल कोविड केयर सेंटर में पर्याप्त बैड की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कोविड अस्पताल में 75 बेड ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही मरीजों के लिए 9 आईसीयू बेड, और 6 वेल्टीनेटर के साथ कोविड अस्पताल में 75 ऑक्सीजन युक्त बैठ की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि मरीजों के लिए किसी भी प्रकार की आक्सीजन सेलेंडर की कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों कहा कि ब्लाकों में बनाए गए कोविड केयर सेंटर में आक्सीजन सिलेंडर की प्रर्याप्त सुविधा उपलब्ध है। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त लाइवलीहुड कालेज में 200 बेड की सुविधा के साथ ही विकास खंड कोविड केयर सेंटर में कुल 1055 बिस्तर की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि विगत वर्ष बनाए गए क्वारेंटाइन सेंटर को पुनः चालू करने के निर्देश दिए हैं। ताकि जशपुर जिले के मजदूरों अन्य राज्य से वापस अपने घर लौटेंगे उन्होंने क्वारेटाईन किया जा सके। सेंटर में मरीजों के लिए भोजन बैड साफ सफाई के साथ सारी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि एसडीएम और पुलिस विभाग अपने अपने ब्लाग में फ्लैग मार्च करने के निर्देश दिए हैं और जशपुर बाडर लवाकेरा और लोदाम चेक पोस्ट पर आने जाने वाले लोगों को कड़ाई से चैकिंग करने के निर्देश दिए हैं। और संबंधित विकास खंड से आए लोगों की जानकारी की सूची बीएमवो को देने के निर्देश दिए हैं।

**फल विक्रय की अनुमति सुबह 6 से 9 तकः** छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन अनुसार कोरोना (कोविड-19) नियंत्रण के संबंध में कलेक्टर महादेव कावरे ने कहा कि वर्तमान में कोविड-19 पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के अनु म में जिला जशपुर में सार्वजनिक आवागमन एवं अन्य गतिविधियों पर कड़े प्रतिबंध अधिरोपित किया जाना आवश्यक हो गया है। कलेक्टर कावरे ने प्रदत्त शक्ति यों का प्रयोग करते हुए जशपुर जिले में ब?ते कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए विगत दिवस को जिले में संपूर्ण लॉकडाउन घोषित करते हुए आदेष जारी किया है।

# सीईओ ने मृत्यु प्रमाण पत्र के एक मामले में दो अलग-अलग आदेश जारी किया ग्राम पंचायत के समक्ष संवैधानिक संकट की स्थिति निर्मित हुई

पायनियर संवाददाता < पिथौरा
www.dailypioneer.com

पिथौरा तहसीलदार ओर जनपद के सीईओ द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र के एक मामले में दो अलग-अलग आदेश जारी किए जाने से ग्राम पंचायत के समक्ष संवैधानिक संकट की स्थिति निर्मित हो गयी है। पंचायत के राजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने इस मामले में जिला कार्यालय से मार्गदर्शन मांग कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की कार्यवाही फिलहाल के लिए रोक दी है।किंतु ब्लॉक मुख्यालय के दो प्रमुख अफसरों के गैरजिम्मेदाराना आदेश की क्षेत्र में जमकर चर्चा हो रही है, और प्रशासन की जग हसाई हो रही है।

मामला ग्राम पंचायत राजसेवैय्या खुर्द का है जहाँ एक ग्रामीण कृष्ण कुमार प्रधान की मृत्यु के बाद उसकी दो पत्नियों क्रमशः हेमलता प्रधान ओर मनीषा प्रधान ने मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग पंचायत के जन्म मृत्यु रजिस्ट्रार जो कि पंचायत का सचिव ही होता है से की है। दो पत्नियों वाले इस मामले में कानूनी दांव पेंच की स्थिति निर्मित होने से सचिव ने जनपद के सीईओ के माध्यम से मार्गदर्शन चाहा है पता चला है कि मृतक की पहली पत्नी हेमलता रायगढ़ जिले में निवासरत है तथा मृतक के साथ उसका मामला परिवारवाद न्यायलय में चल रहा था जबकि दूसरी पत्नी मृतक के परिवार के साथ गांव में ही निवासरत है लेकिन मृत्यु प्रमाण पत्र पर दोनों ही पत्नियों ने दावा किया है।

ऐसी स्थिति में पंचायत के जन्म मृत्यु रजिस्ट्रार के द्वारा उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन लेने की बात कही गयी है अब पंचायत के समक्ष अजीबोगरीब स्थिति ये निर्मित हो गयी है कि उपर से कोई मार्गदर्शन तो मिला नही बल्कि पिथौरा के तहसीलदार का आदेश जरूर मिला कि मृतक की पहली पत्नी हेमलता प्रधान के नाम पंजीयन दर्ज किया जाये। इस पर कोई कार्यवाही हो पाती इसके पहले तहसीलदार के आदेश के ठीक उलट जनपद पंचायत के सीईओ ने पंचायत के नाम आदेश जारी कर दिया कि मृतक की दूसरी पत्नी मनीषा प्रधान के नाम मृत्यु पंजीयन दर्ज किया जाए। अब पंचायत के समक्ष समस्या ये है कि वह अपने सीईओ के आदेश को माने या तहसीलदार के। इस मामले में बात करने पर पंचायत सचिव पवित्र कुमारी पटेल ने बताया कि इस मामले में जिला सांख्यिकी कार्यालय से मार्गदर्शन मांगा गया है तदनुसार कार्यवाही की जायेगी।

बहरहाल जिम्मेदार अधिकारियों के विरोधाभासी आदेशो की खूब चर्चा हो रही है और नियम कायदों की धज्जियां उड़ाने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की जा रही है।

### जिला प्रशासन कर रहा अधिक से अधिक कोविड टेस्टिंग ट्रीटमेंट के प्रयास

**चारामा।** जिले में कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुये जिला प्रशासन द्वारा लगातार अधिक से अधिक कोविड टेस्टिंग कान्टेक्ट टेस्टिंग ट्रीटमेंट के प्रयास किये जा रहे है। इसी कड़ी में लोगों को सुविधाएं एवं समाधान हेतु तहसील चारामा में कोरोना बचाव नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई। उक्त नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी पंकज अंगारे मंडल संयोजक, चारामा को बनाया गया है। आम जनता कोरोना से जुडी किसी भी प्रकार की समस्या एवं जानकारी के लिए उनके मोबाइल नम्बर 8319842265 एंव नियंत्रण कक्ष में सुबह 8.00 बजे रात्रि 10.00 बजे दूरभाष नम्बर 07868-296520 पर अपनी बात रख सकेगे। जिसके लिए तहसील स्तर पर कर्मचारियो की ड्यटी लगाई गई है।

# पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों का करवाया जा रहा वेक्सिनेशन

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले में चल रहे कोरोना वेक्सीनेशन में फंट लाइन वर्कर के रूप में काम कर रहे पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए पुलिस कप्तान के द्वारा अस्थायी वेक्सीन केंद्र बनवा कर वेक्सिनेशन करवाया जा रहा हैं, जहाँ अब तक 2033 पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों को इंजेक्शन लगाया जा चुका है। कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए वैज्ञानिकों द्वारा तैयार कोविडशील्ड और कोवेक्सीन को ट्रायल करने के पश्चात लोगों को इम्युनिटी बढ़ाने के लिए लगवाया जा रहा हैं।कोरोना कि टेस्टिंग के लिए परीक्षण केंद्रों में लगने वाले भीड़ को देखते हुए कप्तान प्रशांत अग्रवाल ने पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों के लिये टेस्टिंग केंद्र खुलवा दिया था,उसके बाद दूसरे चरण में भी कप्तान के प्रयासों से पुलिस लाइन में ही वेक्सिनेशन सेंटर बनाया गया हैं, जहाँ से लगभग 1800 पुलिसकर्मियों का नाम वेक्सीन उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया था।10 फरवरी से शुरू होने वाले पहले चरण में सभी पुलिसकर्मियों व उनके 60 साल से ऊपर के परिजनों को टिका लगवाया जा रहा था।उसके बाद 1 अप्रेल से पुलिस कर्मियों के 45 साल से ऊपर के परिजनों को भी टिका लगना शुरू हो गया हैं।गौरतलब हैं कि पुलिसकर्मियों को फंटलाइन वर्कर के तहत किसी भी उम्र का होने पर भी टिका लगाया जा रहा हैं, पर उनके परिजनों को निश्चित समया वधि में ही टीकाकरण किया जा रहा हैं। यहां सभी को कोविद्शील्ड लगाया जा रहा हैं।

> एसपी साहब के प्रयासों से पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों के लिए निःशुल्क वेक्सिनेशन सेंटर बनाया गया हैं, जहाँ स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर 1 माह से टिकाकरण अभियान चल रहा हैं। हमारे द्वारा आज दिनांक तक 2033 पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों को टिके की पहली डोज दी जा चुकी हैं, इसी तरह 1299 लोगो का दोनों चरणों का टीकाकरण कम्प्लीट हो चुका हैं।
>
> **डॉक्टर बीपी सोनकर**
> मेडिकल ऑफिसर पुलिस हॉस्पिटल

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मदनलाल पटेल पिता निलाम्बर निवासी ग्राम तिलाईपाली तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। कि ग्राम तिलाईपाली दिनांक 19.04.2015 को आवेदक के चाचा शंकलाल की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 26.04.2021 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 09.04.2021

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली जि. महासमुन्द (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मदनलाल पटेल पिता निलाम्बर निवासी ग्राम तिलाईपाली तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। कि ग्राम तिलाईपाली दिनांक 15.03.2013 को आवेदक के चाचा नंदलाल की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 26.04.2021 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 09.04.2021

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली जि. महासमुन्द (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मदनलाल पटेल पिता निलाम्बर निवासी ग्राम तिलाईपाली तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। कि ग्राम तिलाईपाली दिनांक 25.06.2011 को आवेदक के चाचा कन्हैयालाल की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 26.04.2021 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 09.04.2021

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली जि. महासमुन्द (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मदनलाल पटेल पिता निलाम्बर निवासी ग्राम तिलाईपाली तहसील सरायपाली द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है। कि ग्राम तिलाईपाली दिनांक 03.08.2016 को आवेदक के चाचा गंगाराम की मृत्यु हो जाने से मृतक व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 26.04.2021 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09.04.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

दिनांक 09.04.2021

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली जि. महासमुन्द (छ.ग.)





# 10 दिन का लॉक-कहीं समझाइश, तो कहीं चले डंडे, बैंक, सरकारी दफ्तरों में लगे ताले

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

दो दिनों की आपाधापी के बाद शनिवार की दोपहर 12 बजे से जिले में लॉकडाऊन शुरु हो गया। 12 बजे के बाद प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने लंबे काफिले के साथ मार्चपास्ट किया। इस दौरान कलेक्टर टीके वर्मा, एसपी डी. श्रवण, नगर पालिक निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी और एसडीएम मुकेश रावटे मौजूद रहे। अधिकारियों के साथ काफिले ने शहर के महत्वपूर्ण चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए लोगों को घरों में रहने की नसीहत दी।

लॉकडाऊन की शुरुआत ही सख्ती के साथ हुई। 12 बजे के बाद मार्च पास्ट कर रहे पुलिस बल ने गोलबाजार और सब्जी मार्केट को घेर लिया। यहां लॉकडाऊन शुरु होने के बाद भी पसरा लगा कर दुकानदारी की जा रही थी। पुलिस और प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए पसरा उठवाया और कार्रवाई की। इस दौरान कुछ जगहों पर घूमते मिले युवकों पर लाठी भी चली। शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर पुलिस जवान निगरानी रख रहे हैं। दर्जनों गाड़ियों का काफिला देखकर शहरवासी भी पुलिस के तेवर समझ चुके हैं।

पूरी तैयारियों के साथ निकले पुलिस बल ने बेवजह घूम रहे युवको कोई कई जगहों पर समझाईश दी तो कहीं पर लाठियां भी चलाई गई। शनिवार को पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था देखने के बाद लोगों में भी कार्रवाई का डर बना है। जिले भर से यही खबरें सामने आ रहीं हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस मुस्तैद है। जिले की सीमाएं भी सील की गई हैं। बाहर से आने वाले और जाने वालों के लिए ई-पास आवश्यक कर दिया गया है। अन्य राज्यों से आने वालों के लिए टेस्ट भी जरुरी किया गया है। अत्यावश्यक सेवाओं को छूट के दायरे में रखा गया है। पेट्रोल पंप में सिर्फ अत्यावश्यक सेवाओं में संलग्न वाहनों को पेट्रोल देने की इजाजत दी गई है। दूध बेचने वाले और पेपर हॉकरों को भी न्यूनतम अवधि की छूट मिली है। इसके साथ ही 10 दिनों के लिए बैंक और सरकारी दफ्तरों में भी ताला लग यहा है।

# एक दिन में 1183 मरीज : कोरोनाकाल का सबसे बड़ा आंकड़ा दर्ज, 10 मौतें भी

**स्वास्थ्य विभाग को मिली संविदा भर्ती की मंजूरी, कोविड अस्पताल में 120 बिस्तर के लिए मिलेगा स्टॉफ**

- पूर्व सीएम ने मुहैया कराए निःशुल्क ऑक्सीजन सिलेंडर, 150 बिस्तरों को कोविड केयर सेंटर भी खुला



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

लॉकडाऊन शुरु होने से पहले शुक्रवार को जिले में कोरोनाकाल के सबसे ज्यादा 1183 संक्रमित मिले हैं। पॉजिटिव मरीजों की तादाद में यह पूरे एक साल के भीतर सबसे बड़ा आंकड़ा है। 4512 लोगों की जांच में 1183 व्यक्ति संक्रमित मिले हैं। महज शहर में ही 336 संक्रमित मिले। वहीं खैरागढ़ में 208 संक्रमित मिले। डोंगरगढ़ में 191, डोंगरगांव में 63 और छुरिया में 75, छुईखदान में 97 संक्रमित सामने आए। जिले के हर हिस्से में कोरोना संक्रमित मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

वहीं जिले के अस्पताल और कोविड केयर सेंटरों में भी अब मरीजों के लिए जगह नहीं है। पेंड्री स्थित कोविड अस्पताल में मौजूदा वक्त में एक भी बिस्तर खाली नहीं है। यहां 120 अतिरिक्त बिस्तरों की व्यवस्था की गई है लेकिन इसके लिए पर्याप्त स्टॉफ उपलब्ध न होने के चलते यहां मरीजों को भर्ती नहीं किया जा रहा है। डॉक्टरों और स्टाफ की कमी अब तक पूरी नहीं की जा सकी है।

9 अप्रैल की स्थिति में जिले भर में 4 हजार 393 मरीज होम आईसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे थे। जबकि कुल एक्टीव मरीजों की संख्या 6 हजार 7 सौ तक पहुंच गई है। मृत्यु के आंकड़े 253 तक पहुंच चुकी है। शुक्रवार को ही जिले में 10 संक्रमितों की मौत दर्ज की गई। बीते एक साल के भीतर जिले में कुल संक्रमितों की संख्या 9 अप्रैल को 29 हजार 346 तक पहुंच गई।

**ग्रामीण क्षेत्र में बढ़ रहे मामले, सुविधाओं का अभाव :** राजनांदगांव के ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार को 139 संक्रमित मरीज मिले। अलग-अलग विकासखंडों में भी तादाद लगातार बढ़ रही है। शहरी दायरे से इतर ग्रामीण क्षेत्र में लगातार मामले बढ़ रहे हैं। यहां पर्याप्त सुविधाओं का भी अभाव है। इस दौर में भी लोग कोविड की जांच से बच रहे हैं जो कि घातक सिद्ध हो रहा है। लॉकडाउन के दौरान इन क्षेत्र में टेस्टिंग बढ़ाने की जरुरत है लेकिन स्टॉफ की कमी से जूझते स्वास्थ्य अमले के लिए यह एक चुनौती साबित हो रहा है। वैक्सीनेशन का दौर भी शुरु है जिसमें विभाग का एक बड़ा अमला व्यस्त है। दूसरी ओर केंद्र सरकार ने 11 अप्रैल से टीका उत्सव मनाने का ऐलान किया है।

## संविदा भर्ती को मिली मंजूरी, जल्द होगी नियुक्ति

हालांकि, सरकार ने शनिवार को 4143 पदों पर संविदा भर्ती के लिए मंजूरी दी है। स्वास्थ्य विभाग में यह नियुक्ति यां 3 महिनों के लिए होगी। भर्ती के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। इनसे कहा गया है कि निर्धारित मापदंडों के मुताबिक आवश्यक कार्रवाई की जाए। इन पदों में चिकित्सा अधिकारी, आयुष चिकित्सा अधिकारी, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, स्टाफ नर्स, लैब टेक्निशियन, एएनएम, वाहन चालक, डाटा एंट्री ऑपरेटर सहित चतुर्थ श्रेणी में भर्ती होगी। इन भर्तियों के लिए विभाग त्वरित कार्रवाई करेगा जिसके बाद कोविड केयर अस्पताल में अतिरिक्त बेड में मरीजों की भर्ती की प्रकिया शुरु हो सकती है। इसमें भी 5 दिन के लगभग का समय लग सकता है।

## वेंटिलेटर आने में लगेगा वक्त, पूर्व सीएम ने भेजे ऑक्सीजन सिलेंडर




कोविड अस्पताल के लिए 10 नए वेंटिलेटर की खरीदी की जा रही है। 6 अप्रैल को पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। मौके पर ही स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव से चर्चा की गई थी जिसके बाद उन्होंने सहमती भी दी थी। यह वेंटिलेटर अब तक कोविड अस्पताल नहीं पहुंचे है। इसमें सोमवार तक का वक्त लग सकता है। दूसरी ओर होम आईसोलेशन में रह रहे लोगों को हो रही ऑक्सीजन की समस्या को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने निःशुल्क ऑक्सीजन की व्यवस्था करवाई है। इसके लिए 7 सिलेंडर वीआईपी रोड स्थित विधायक कार्यालय पहुंचाए गए हैं। शेष सिलेंडर रविवार तक यहां पहुंच जाएंगे। यह मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध करवाए जाएंगे।

### नहीं मिल रहा रेमडेसिविर इजेंक्शन

कई अस्पतालों में चिकित्सक कोरोना संक्रमित मरीजों के लिए रेमडेसिविर इजेंक्शन लिख रहे हैं लेकिन यह इजेंक्शन उपलब्ध ही नहीं हो पा रहा है। बताया जा रहा है कि इजेंक्शन की कालाबाजारी हो रही है। जबकि मरीजों के परिजनों का कहना है कि राजनांदगांव से लेकर रायपुर तक यह रेमडेसिविर उपलब्ध ही नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी इसकी किल्लत स्वीकार कर रहे हैं। शनिवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी रेमडेसिविर की कमी बताई है।

### शुरु हुआ 150 बिस्तरों का कोविड केयर सेंटर

राजनांदगांव शहर में स्वंयसेवी संस्था शांति विजय सेवा समिति और उदयाचल की सहभागिता से 150 बिस्तरों का निःशुल्क कोविड केयर सेंटर शुरु किया गया है। प्रेस क्लब ने पहले ही 7 अप्रैल से 30 बिस्तरों का कोविड केयर सेंटर शुरु किया है जहां मौजूदा वक्त में 15 मरीज भर्ती हैं। इसके अलाव कुछ और संस्थाएं निःशुल्क कोविड केयर सेंटर शुरु करने की तैयारी कर रहीं हैं।

### लोहाणा सेवा मंडल द्वारा संक्रमित मरीजों को मिल रहा निःशुल्क भोजन

**राजनांदगांव।** कोविड-19 की विपदा में मानव सेवा से बढ़कर कोई सत्कार्य नहीं होता इसे चरितार्थ करते हुए श्री लोहाणा समाज राजनांदगांव द्वारा शहरी क्षेत्र के कोरोना संक्रमित मरीजों को निःशुल्क दोपहर व रात्रि का शुद्ध सात्विक भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। यह सेवा कल 8 अप्रैल से प्रारंभ हो गई है। श्री लोहाणा सेवा मंडल के इस पुनीत कार्य में श्री लोहाणा महाजनवाड़ी के स्वयंसेवक पूरे शासकीय नियमों का पालन करते हुए व्यवस्था को संभाल रहे हैं। कल पहले दिन लगभग 111 लोगों को भोजन भेजा गया जबकि आज 216 से ज्यादा लोगों को भोजन भेजा जा चुका है। भोजन बनाते, पैक करते और इसे वितरण करते समय कोरोना से बचाव का सख्ती से पालन किया जा रहा है। कई लोगों ने लोहाणा समाज के पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन की बेहद प्रशंसा की है।

# मुक्केबाज स्वास्थ्यकर्मी : डोंगरगढ़ में जांच केंद्र के बाहर आपस में भिड़ा स्टॉफ



पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कोरोनाकाल के बीच स्वास्थ्य कर्मी दिन-रात जद्दोजहद कर रहे हैं। इस बीच डोंगरगढ़ में दो स्वास्थ्य कर्मियों के बीच हाथापाई का वीडियो वायरल हुआ है। शुक्रवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच शिविर के बाहर दो स्वास्थ्य कर्मी आपस में ही भीड़ गए। दोनों के बीच मसला इतना बिगड़ा के हाथा पाई शुरु हो गई। इस बीच यहां मौजूद अन्य लोग दोनों को शांत कराने की कोशिश करते दिखे।

वायरल वीडियो में दो स्वास्थ्य कर्मी आपस में बहस करते दिख रहे हैं। यह बहस चलती ही रहती है कि इस बीच दूसरा कर्मी पहले को तमाचा जड़ देता है। इसके बाद दोनों में हाथापाई शुरु हो जाती है। यह हाथा पाई कोरोना जांच के लिए बनाए गए रुम के बिल्कुल सामने हुई। फिलहाल तक दोनों कर्मियों पर किसी तरह की कार्रवाई की पुष्टि नहीं हो सकी है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र की सीमा से लगे डोंगरगढ़ में काफी तेजी से कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। बीते शुक्रवार को यहां 191 नए मामले सामने आए। बीते 19 दिनों में ही यहां 800 से ज्यादा मरीज मिल चुके हैं। शहर का अधिकतर हिस्सा लॉकडाउन से पहले कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया था। यहां रोजाना 2 सौ से ज्यादा टेस्ट किए जा रहे हैं। इस तर्ज पर यहां संक्रमण की दर काफी ज्यादा है।

# स्टॉर हेल्थ का धोखा : कोविड के इलाज के 6 महीने बाद क्लैम देने से इंकार

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कोविड-19 पॉजिटिव रहीं मरीज को 6 महिने बाद भी स्टॉर हेल्थ एंड एलाईड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने क्लैम का भुगतान नहीं किया है। महिला मरीज राजनांदगांव की रहने वाली हैं। दरअसल, उक्त मरीज ने स्टॉर हेल्थ एंड एलाईड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से कोरोना रक्षक पॉलिसी ली थी जिसके एवज में उन्हें संक्रमित होने और अस्पताल दाखिल होने पर 50 हजार रुपए की राहत मिलनी चाहिए थी। लेकिन इंश्योरेंस कंपनी अब अपने ही नियम-शर्तों के विरुद्ध जाते हुए भुगतान करने से पीछे हट रही है।

उक्त महिला मरीज की कोरोना रक्षक पॉलिसी 18 अगस्त 2020 से 30 मई 2021 तक के लिए वैध थी। इस दौरान 1 अक्टूबर 2020 को मरीज की कोरोना जांच हुई जिसके बाद उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर 10 अक्टूबर 2020 को उन्हें रायपुर स्थित संकल्प अस्पताल में दाखिल किया गया। इसकी जानकारी इंश्योरेंस कंपनी को भी दी गई। यहां से मरीज को 20 अक्टूबर 2020 को डिस्चार्ज कर दिया गया। उक्त महिला ने बताया कि ईलाज से संबंधित जो भी दस्तावेजों पॉलिसी के तहत जमा किए जाने थे उसे नेहरु नगर भिलाई स्थित कार्यालय में जमा कर दिया गया। यह वही दस्तावेज थे जिसका ब्यौरा पॉलिसी के बाद इंश्योरेंस कंपनी की ओर से दिया गया था। बावजूद इसके कुछ समय बाद 19 जनवरी 2021, 03 फरवरी 2021 और 18 फरवरी 2021 को कंपनी की ओर से दस्तावेज जमा करने की जानकारी भेजी गई। जबकि दस्तावेज पहले ही जमा किए जा चुके थे। महिला ने कहा कि दरअसल कंपनी ने दस्तावेजों का अवलोकन ही नहीं किया और पॉलिसी के दौरान जरुरी बताए गए दस्तावेजों से इतर और भी अनावश्यक दस्तावेज मांगे गए और हमें मानसिक रुप से परेशान किया जाता रहा। वहीं कंपनी के कस्टमर केयर और दूसरे अधिकारी किसी तरह के दस्तावेज प्राप्त न होने की बात कहते हैं जो कि सरासर गलत है। मरीज ने अब इस मामले को लेकर कंपनी को वाजिब भुगतान के लिए कानूनी नोटिस भेजा है। उन्होंने कहा कि अगर इंश्योरेंस कंपनी यह भुगतान नहीं करती है और टालमटोल किया जाता है तो वह उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराकर आगे की कार्रवाई करेंगी।

### प्रेस क्लब द्वारा निःशुल्क कोविड केयर सेंटर की व्यवस्था

**राजनांदगांव।** प्रेस क्लब राजनांदगांव द्वारा कोरोना संक्रमित पुरूष मरीजों के लिए निःशुल्क कोविड केयर सेंटर की व्यवस्था की गई है। सेंटर में हाई ब्लड प्रेशर, शुगर, हार्ट के मरीज व अस्थमा के मरीजों को भर्ती नहीं किया जाएगा। सेंटर में 16 वर्ष से कम एवं 50 वर्ष से अधिक उम्र के मरीजों को भर्ती नहीं किया जाएगा। मरीज को अपने साथ 2 चादर, 1 तकिया, 1 ऑक्सीमीटर, 1 थर्मामीटर सहित अन्य दैनिक दिनचर्या की वस्तुएं लाना अनिवार्य है। सेंटर में किसी भी प्रकार का नशा वर्जित है।

**पायनियर की खबर से हड़कंप, गायब हुए अवैध क्लिनिक संचालक**

# कोरोना हुआ अनियंत्रित : कोरोना पॉजिटिव महिला ने दम तोड़ा, क्षेत्र में तीसरी मौत

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

घुमका क्षेत्र के भैंसातरा में एक बुजुर्ग महिला की कोरोना से शुक्रवार को मौत हो गई। महिला की उम्र60 साल बतायी जा रही है। इसके पहले टेमरी में अधेड़ और बिरेझर निवासी भाजपा नेता की मौत को मिलाकर क्षेत्र में कोरोना से अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना से मृत महिला का कोविड नियमों के तहत गांव में ही देर शाम अंतिम संस्कार किया गया।

ज्ञात हो कि जोगीदल्ली पंचायत के आश्रित गांव भैंसातरा समेत आसपास के 4-5गांव में स्थित बहुत नाजुक बनी हुई है। सभी गांव मिलाकर लगभग 50 से अधिक लोगो को कोरोना की पुष्टि हुई है। बीते 20 मार्च को जोगीदल्ली में अवन्ति बाई बलिदान दिवस के आयोजन में मुख्यमंत्री समेत तमाम नेताओं ने शिरकत किया था। बगैर प्रोटोकॉल पालन बड़ी भीड़ जुटाई गई थी। आशंका है कि उक्त भीड़ के चलते क्षेत्र में कोरोना विस्फोट की स्थिति बनी है।इसके बावजूद क्षेत्र के गांवों को सेनेटाइज नहीं किया गया है। कोरोना जांच को लेकर स्वास्थ्य विभाग गम्भीर नहीं है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को आसपास के कण्टेन्मेंट जोन के ग्रामीणों की एंटीजन जांच में 27 पॉजिटिव केस बताया जा रहा है। जोगीदल्ली, भैंसातरा से लेकर चारभाठा, टेमरी तक स्थिति बेकाबू हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अफसरों की लापरवाही की हालत यह है कि टेमरी,बिरेझर और भैंसातरा में कोरोना से मौत के बाद भी अभी तक इन गांवों में प्रभावितों की कोरोना जांच तो बहुत दूर सर्दी खांसी बुखार पीड़ितों का आंकड़ा तक नहीं जुटाया गया है। अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीएमओ और विभाग के मैदानी कर्मचारी कोरोना संक्रमण को लेकर कितने गम्भीर हैं।

कोरोना संक्रमण के फैलाव को जमकर नजरअंदाज करने के चक्कर में झोलाछाप डॉक्टरों की हरकतों को लगातार बीएमओ और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को कई बार शिकायतों के बाद कार्रवाई से हाथ खींचा जा रहा है। नतीजा गोपालपुर के आसपास चारभाठा, भालुकोना, टेमरी,भदेरानवागांव, बिरेझर में कोरोना अनियंत्रित हो गया है। गोपालपुर, गिधवा और भरदाखुर्द में मेडिकल स्टोर की आड़ में झोलाछाप क्लिनिक का बेधड़क संचालन किया जा रहा है और सर्दी खांसी बुखार के मरीजों को बगैर पर्ची खुलेआम दवाइयां बेची जा रही हैं। किराये के ड्रग लाइसेंस में बगैर मापदण्डों के बेतहाशा बेचे दवाईयों की जांच से झोलाछाप क्लीनिंक की सच्चाई निकल सकती है।

किराये के ड्रग लायसेंस से झोलाछाप डॉक्टरों की दुकानदारी के चक्कर में पूरे इलाके में कोरोना बेकाबू होते जा रहा है। स्वास्थ्य और ड्रग विभाग की लापरवाही क्षेत्र के लिए बड़ी मुसीबत बन गई है। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि समीपस्थ ग्राम कलेवा में खुलेआम अपने घर में कोरोना संदिग्ध सर्दी खांसी पीड़ितों का इलाज कर मोटी कमाई में लगे स्वास्थ्य कार्यकर्ता की हरकतों को अनदेखा किया जा रहा है।

0 पायनियर की खबर के बाद हड़कंप

इस मामले में दैनिक पायनियर ने लगातार खबरों का प्रकाशन भी किया है। खबर है कि पायनियर में छपी खबरों के बाद गोपालपुर समेत कुछ मेडिकल संचालक शटर बन्द कर गायब बताये जा रहे हैं। झोलाछाप डॉक्टरों को कथित तौर पर शह देने के मामले में उंगलियां उठने के बाद बैकफुट पर आये बीएमओ ने झोलाछाप डॉक्टरों पर महामारी एक्ट के तहत एफआईआर के लिये घुमका पुलिस को पत्र लिखा है। लेकिन पत्र में केवल भरदाखुर्द और गोपालपुर के अवैध क्लिनिक पर कार्यवाही चाही गई है। गिधवा के अवैध डिस्पेंसरी और कलेवा के स्वास्थ्य कार्यकर्ता को बख्शे जाने का आरोप लगाया जा रहा है। पुलिस को लिखे पत्र से इस तरह का आरोप स्वाभाविक लगता है। स्वास्थ्य विभाग के पत्र के बाद कार्रवाई के नाम पर अभी तक पुलिस के हाथ खाली होने की खबर है।

# दीपक विराट मतलब कला के विकराल प्रकाश : मधुसूदन यादव

पायनियर संवाददाता ➤ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि प्रख्यात रंगकर्मी दीपक विराट का हमारे बीच नहीं रहना अपूरणीय क्षति है। दीपक विराट ने नौकरी छोड़कर कला को चुना और कला जगत में अपने परिवार सहित कई महत्वपूर्ण कलाकारों को स्थापित किया।उनके इस योगदान के चलते ही उन्हें संगीत नाटक एकेडमी तथा छत्तीसगढ़ अलंकरण से सम्मानित किया गया था।दीपक विराट वास्तव में कला जगत के विकराल प्रकाश थे। उन्होंने कहा कि दीपक तिवारी जिन्हें हम दीपक विराट के नाम से जानते हैं वो जनसंपर्क विभाग के नौकरी में थे। जब उन्होंने नाटक में काम किया तो सरकार ने उन्हें नाटक या नौकरी की नोटिस दे दी जो कि कला के प्रति अनादर था। दीपक विराट ने कला को चुना और छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश को अपनी कला कौशल के माध्यम से गौरवान्वित किया।उसके चलते उन्हें आर्थिक तंगी के साथ और भी दिक्क तों का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने कला को जीवंत रखा। यह उनकी कलानाट्य के प्रति समर्पण ही था। उन्होंने कहा कि ऐसे कलाकार को खोकर आज हम सभी दुखी हैं। उन्होंने कला क्षेत्र में जो योगदान दिया है तथा कलाकारों का निर्माण किया वो सभी उनकी स्मृति को आगे बढ़ाएंगे तथा नाट्य जगत में उनके योगदान को कला जगत में जीवंत रखेंगे। स्व. विराट को उनके दामाद ने मुखाग्नि दी। मोतीपुर मुक्ति धाम में अंत्येष्टि के अवसर पर कला के अनेक कलाकार उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी ।

## क्विक न्यूज

### बिना मास्क की घूमने वाले 1771 लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई



**बिलासपुर।** बढ़ते कोरोनावायरस के प्रभाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व मे लगातार 30 से अधिक टीम जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार साउंड सिस्टम के माध्यम से लोगों को कोरोना से बचने के लिए जागरूक कर रही है , साथ ही साथ मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के लिए हिदायत दे रही है। 5 अप्रैल से 9 अप्रैल के बीच 5 दिनों में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन नहीं करने वालों एवं मास्क नहीं लगाने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की गई है द्य इस दौरान कुल 1771 लोगों के खिलाफ जुर्माना किया गया है जिसमें 526700 रुपए वसूल किया गया है । यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी । बिलासपुर पुलिस सभी से अनुरोध करती है कि सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें, अनावश्यक घरों से ना निकले, फेस मास्क अनिवार्य रूप से उपयोग करें।

### बिलासपुर-झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी

**बिलासपुर।** बिलासपुर मंडल के बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन के विभिन्न स्थानों पर चल रहे संरक्षागत विकास कार्यों के लिए लिये गए ब्लॉक के फलस्वरूप आज 10 अप्रैल को गोंदिया से रवाना हुई 08861 गोंदिया-झारसुगुड़ा मेमू स्पेशल बिलासपुर में समाप्त होगी तथा 11 अप्रैल 21 को झारसुगुड़ा से रवाना होने वाली 08862 झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू बिलासपुर से गोंदिया के लिए रवाना होगी। इस प्रकार 08861/08862 गोंदिया-झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू उपरोक्त तिथि में बिलासपुर-झारसुगुड़ा-बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।

# आईजी समेत 2033 पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों ने लगवाया कोरोना टीका, सैकड़ों को दूसरा डोज भी लगा

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले में चल रहे कोरोना वेक्सीनेशन में फ्रंट लाईन वर्कर के रूप में काम कर रहे पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए पुलिस कप्तान के द्वारा अस्थायी वेक्सीन केंद्र बनवा कर वेक्सिनेशन करवाया जा रहा हैं, जहाँ अब तक 2033 पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों को इंजेक्शन लगाया जा चुका है।कोरोना के ब?ते प्रभाव को देखते हुए वैज्ञानिको द्वारा तैयार कोविडशील्ड और कोवेक्सीन को ट्रायल करने के पश्चात लोगो को इम्युनिटी ब?ाने के लिए लगवाया जा रहा हैं।कोरोना कि टेस्टिंग के लिए परीक्षण केंद्रों में लगने वाले भीड़ को देखते हुए कप्तान प्रशांत अग्रवाल ने पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों और उनके परिजनों के लिये टेस्टिंग केंद्र खुलवा दिया था,उसके बाद दूसरे चरण में भी कप्तान के प्रयासों से पुलिस लाइन में ही वेक्सिनेशन सेंटर बनाया गया हैं, जहाँ से लगभग 1800 पुलिसकर्मियों का नाम वेक्सीन उपलब्ध करवाने के लिए स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया था।10 फरवरी से शुरू होने वाले पहले चरण में सभी पुलिसकर्मियों व उनके 60 साल से ऊपर के परिजनों को टिका लगवाया जा रहा था।उसके बाद 1 अप्रेल से पुलिस कर्मियों के 45 साल से ऊपर के परिजनों को भी टिका लगना शुरू हो गया हैं।गौरतलब हैं कि पुलिसकर्मियों को फ्रंटलाइन वर्कर के तहत किसी भी उम्र का होने पर भी टिका लगाया जा रहा हैं, पर उनके परिजनों को निश्चित समयावधि में ही टीकाकरण किया जा रहा हैं।यहां सभी को कोविड्शील्ड लगाया जा रहा हैं।



एसपी के प्रयासों से पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों के लिए निःशुल्क वेक्सिनेशन सेंटर बनाया गया हैं, जहाँ स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित कर 1 माह से टिकाकरण अभियान चल रहा हैं। हमारे द्वारा आज दिनांक तक 2033 पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों को टिके की पहली डोज दी जा चुकी हैं, इसी तरह 1299 लोगो का दोनों चरणों का टीकाकरण कम्प्लीट हो चुका हैं।

**डॉक्टर बीपी सोनकर**
**मेडिकल ऑफिसर पुलिस हॉस्पिटल**

## कोरोना टीका पूरी तरह सुरक्षित है, पात्र व्यक्ति अवश्य टीका लगवाएं



- **मास्क लगाएं एवं अनावश्यक बाहर न निकले**
- **आम जनता से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अपील**

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद महाजन ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि कोरोना वायरस से सुरक्षा के लिए 45 साल से अधिक आयु वर्ग के लोगों का निश्शुल्क टीकाकरण किया जा रहा है। स्वयं, परिवार, समाज की सुरक्षा के लिए यथाशीघ्र कोविड का टीका अवश्य लगाएं । उन्होंने अपनी अपील में कहा कि टीके का कोई शारीरिक दुष्प्रभाव नहीं है। टीका पूरी तरह सुरक्षित है, 45 साल से अधिक आयु वर्ग के लोग नजदीकी टीकाकरण केंद्र में जाकर टीका लगवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि टीका लगवाकर स्वयं को बचाए एवं दूसरों को भी बचाएं । डॉ महाजन ने कहा कि टीकाकरण केंद्र में मास्क लगाना,फिजिकल डिस्टेंसिंग और हाथों की स्वच्छता जैसे निर्देशों का पालन अवश्य करें। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राही स्वयं टीका लगवाएं और अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी टीका लगवाने के लिए प्रेरित करें ताकि जिले में कोरोना वायरस के संक्रमण को प्रभावी रूप से रोका जा सके और हम सब स्वस्थ जीवन जी सकें। डॉ. महाजन ने लोगों से यह भी अपील की है कि टीका लगवाने के बाद भी अनिवार्य रूप से मास्क लगाना,फिजिकल डिस्टेंसिंग और हाथों की स्वच्छता जैसे निर्देशों का पालन अवश्य करें। अनावश्यक घरों से न निकले एवं भीड़ वाली जगहों पर जाने से बचे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने दिलाई क्षेत्र के विकास कार्यो के लिए स्वीकृति

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं विधानसभा क्षेत्र शक्ति के विधायक डॉ चरणदास महंत की अनुशंसा पर विधानसभा शक्ति के विभिन्न ग्रामों में 2 करोड़ 3 लाख 90 हजार रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई,इस सम्बंध में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधिवक्ता गिरधर जायसवाल ने बताया कि विगत दिनों विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत की धर्मपत्नी कोरबा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के द्वारा विधानसभा क्षेत्र शक्ति के विभिन्न ग्रामों में चार दिवसीय जनसंपर्क कर क्षेत्र के मतदाता ग्राम वासियों कथा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर क्षेत्र के बारे में हाल जाना था, उक्त समय में प्राप्त



आवेदन पत्रों को डॉक्टर महंत को अवगत कराया डॉ महंत के द्वारा क्षेत्र के समस्याओं को देखते हुए तत्काल उक्त कार्यो की स्वीकृति प्रदान कराई गई।

ताकि निश्चित समय अवधि में उक्त कार्य पूर्ण हो सके जिसमें प्रमुख रुप से विधानसभा क्षेत्र सक्ती के जनपद पंचायत शक्ति के ग्राम घुईचुआ में झरिया नाला मे पुल निर्माण हेतु 8 लाख देवरास के पास तालाब में पुलिया निर्माण 2लाख तुर्रीधाम मंदिर के पास पुलिया निर्माण हेतु 15 लाख रुपया सुंन्दरैली में रंगमंच निर्माण 2 लाख जर्वे में रगमंच उन्नयन 140 लाख असोन्दा में मुक्ति धाम सह प्रतीक्षालय 5लाख टेमर के ठेलाऊ तालाब में दो नग पचरी 4लाख कुधरी टार बोकरा मुड़ा में मुक्ति धाम सह प्रतीक्षालय हेतु 5 लाख बोरदा में मंगल भवन निर्माण हेतु 5 लाख कर्रापाली में मंगल भवन हेतु 5 लाख जनपद पंचायत बम्हनीडीह के ग्राम झिका में,मुक्तिधाम सह प्रतीक्षालय निर्माण हेतु 5 लाख लक्षनपुर में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख,भागोडीह में मुक्तिधाम सहप्रतीक्षालय निर्माण हेतु 5 लाख कराया गया है,वही डॉ मंहत के द्वारा सक्ती विधानसभा क्षेत्र के वन क्षेत्र रैनखोल, ऋषभतीर्थ, कोसमन्दा सिवनी लच्छनपुर नगरदा जुड़गा।

महुदा डोड़की हरेठी डडंई सोंठी टेमर सिघनसरा रिसदा दुरपा जांजग बालपुर ऊच्च भट्टी रगजा एव नंदौरकला सहित 26 ग्रामो में निर्धारित स्थल पर सार्वजनिक शौचालय निर्माण हेतु प्रत्येक ग्राम को 400000 प्रदान किया गया है कूल 1 करोड़ चार लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है । उक्त कार्य के अलावा नगर पालिका परिषद शक्ति के न्यायालय परिसर में पेवर ब्लॉक हेतु 900000 पत्रकार भवन हेतु 500000 एवं नगर पंचायत सारांगाव, नगर पंचायत बाराद्वार मेंशौचालय निर्माण हेतु 6-6 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई हैं।

## पल्सर सवार युवकों को हाइवा ने मारी टक्कर, मोपका निवासी युवक की मौके पर मौत

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर में शनिवार को एक तेज रफ्तार हाइवा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई,टक्कर मारने के बाद वाहन उसे कुचलता हुआ भागने के प्रयास में था कि इससे पहले उसे पकड़ लिया गया। हादसा सरकंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत मोपका चौक के पास का बताया जा रहा है।



मामले में मिली जानकारी के मुताबिक हादसा बिलासपुर-सीपत मुख्य मार्ग पर मोपका चौक के पास हुआ है, तेज रफ्तार हाइवा ने पीछे से बाइक सवार युवकों को टक्कर मारी है,बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार हाइवा ने पल्सर को पीछे से टक्कर मारा जिससे बाइक चालाक विष्णु यादव गाड़ी से दूर जा काया,वही पीछे की ओर बैठे उसके दोस्त मनीष यादव पिता बिहाली लाल यादव उम्र 35 वर्ष उछलकर हाइवा के चक्के की चपेट में आ गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जिसके बाद आस पास के लोगो ने पुलिस को सूचना दी,जहां पुलिस द्वारा तत्काल पहुँच आरोपी ड्राइवर अजय रात्रे उम्र 42 वर्ष निवासी मुलमुला को गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही कर रही है। मालूम हो कि पूर्व में भी इसी जगह के आस पास इस तरह की सड़क दुर्घटनाएं हुई है, शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## परीक्षा फॉर्म की तिथि में बढ़ोतरी की मांग को लेकर बेमेतरा एबीवीपी ने लिखा कुलपति को पत्र

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र क्रमांक 1184 परीक्षा 2021 के अनुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्वाध्याय के विद्यार्थियों की परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल को थी परंतु वर्तमान में बेमेतरा के साथ-साथ दुर्ग संभाग में वैश्विक महामारी कोविड-19 के प्रभाव हैं जिससे कई विद्यार्थी का संक्रमण के प्रभाव में आने के साथ-साथ नामांकन क्रमांक ना आना जैसे अन्य तकनीकी व्यवधान समस्या के कारण विश्वविद्यालय अंतर्गत अध्ययनरत अनेक विद्यार्थी अपना परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाए जिसके कारण विद्यार्थीअधिक चिंतित हैं और महाविद्यालय बंद होने के कारण किसी से संपर्क में नहीं आ पा रहे हैं इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए



|| ज्ञान || || शील || || एकता ||
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्
जिला - बेमेतरा छ0ग0
फोन : 9009761278 ईमेल : abvpbemetra@gmail.com वेबसाइट : abvp.org

प्रति,
कुलपति महोदय
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग

विषय - स्नातक एवं स्नातकोत्तर (स्वाध्यायी) कक्षाओं के परीक्षा फॉर्म के संबंध में...

महोदय जी,

विषय अंतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र क्रमांक 1184/परीक्षा/2021 के अनुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर (स्वाध्यायी) के विद्यार्थियों की परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल को थी। महोदय ज्ञात हो वर्तमान में पूरे प्रदेश के साथ-साथ दुर्ग संभाग में वैश्विक महामारी COVID19 का प्रभाव अत्यधिक है। कई विद्यार्थियों का संक्रमण के प्रभाव में आने के साथ ही नामांकन क्रमांक न आना, तकनीकी व्यवधान जैसे समस्याओं के कारण विश्वविद्यालय अंतर्गत अध्ययनरत अनेक विद्यार्थी अपना परीक्षा फॉर्म नहीं भर पाए हैं जिसके कारण व्यक्ति अधिक चिंतित हैं और महाविद्यालय विश्वविद्यालय बंद होने के कारण किसी से संपर्क भी नहीं कर पा रहे हैं उक्त समस्त कारणों को ध्यान में रखकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला बेमेतरा आपसे यह आग्रह करती है की परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि में वृद्धि की जाए साथ ही तकनीकी समस्याओं के लिए महाविद्यालय स्तर से एक हेल्प लाइन नंबर जल्द ही जारी करें।

धन्यवाद

दिनांक 10-042021

भवदीय
दुर्गेश वर्मा
जिला संयोजक
अ.भा.वि.प जिला - बेमेतरा

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला बेमेतरा हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में मेल कर परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि में वृद्धि हेतु मांग किया बेमेतरा आभाविप जिला संयोजक दुर्गेश वर्मा के अनुसार वर्तमान परिस्थिति कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय से संबंधित परेशानियों के लिए विद्यार्थियों के बीच महाविद्यालय एक हेल्पलाइन नंबर जारी करें जिससे विद्यार्थी घर में रहकर ही परेशानियों का हाल पा सके! उक्त विषय पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला बेमेतरा ने कुलसचिव को पत्र लिखकर मांग किया जिससे विद्यार्थी फॉर्म भरकरक घर मे आसानी से पढ़ाई कर सके।

## कलेक्टर ने की निर्माण और विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस एल्मा ने आज जिला पंचायत मुंगेली के सभा कक्ष में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, जिला योजना एवं सांख्यिकीय, आदिवासी विकास विभाग और जनपद पंचायत के सभी मुख्य कार्य पालन अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होने प्रधानमंत्री सम्रग ग्रामीण विकास योजना, सांसद एवं विधायक मद, छत्तीसगढ़ ग्रामीण एवं पिछडा वर्ग विकास प्राधिकरण, गौण खनिज मद, प्रधानमंत्री आदर्ष ग्राम योजना के तहत स्वीकृत, निर्मित, और निर्माणाधीन कार्यो प्रगति की विस्तार पूर्वक समीक्षा की। बैठक में उन्होने कहा कि जिले के समृद्धि तथा आम नागरिको को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अनेक विकास और निर्माण कार्य स्वीकृत किये गये है। उन्होने कहा कि विकास और निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लापरवाही और उदासीनता बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होने स्वीकृत कार्यो को शीघ्र प्रारंभ करने तथा निर्मित कार्यो का कार्य पूर्णता एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देष दिये।

## नशे की जद में युवा : नाबालिग लड़के, लड़कियां हुक्का पीते पकड़ाए

- **जीजे हुक्काबार में पुलिस का छापा**
- **हुक्का पॉट सहित कई नशीने सामान बरामद**

पायनियर संवाददाता < रायगढ़
www.dailypioneer.com

सिटी कोतवाली पुलिस ने कोतरा रोड में बीते दो साल से संचालित हो रहे विवास्पद जीजे हुक्काबार में छठवीं बार छापामार कार्रवाई करते हुए बड़े पैमाने पर हुक्का, सिगरेट तथा नशीले सामान जब्त करके संचालक को हिरासत में लेते हुए पूछताछ शुरू कर दी है।

कोविड कोरोना की गाईड लाइन की धज्जियां उड़ाता शहर के कोतरा रोड दशरथ पान ठेले के पास संचालित जीजे हुक्काबार पहले से ही अपनी पुलिस विभाग में पकड़ की धौंस दिखाकर देर रात तक हुक्काबार का संचालन करता था। इतना ही नहीं कई बार इस बार के भीतर नाबालिग लड़के, लड़कियां हुक्का पीते पकड़ी गई थी, लेकिन उन्हें चेतावनी देकर छोड़ दिया जाता था। इसके बाद भी संचालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा था और शुक्रवार को एक बार फिर से देर शाम करीब छह बजे सिटी कोतवाली पुलिस की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए हुक्काबार में रखे दर्जनों हुक्का पॉट, कीमती सिगरेट व कई प्रकार के नशीले सामान जब्त किए हैं। सिटी कोतवाली पुलिस को लंबे समय से यह सूचना मिल रही थी कि जीजे हुक्का बार का संचालक नवीन फरमानियां स्थानीय किसी नेता के साथ मिलकर इसे संचालित कर रहा था। इतना ही नहीं इसका संचालक सिटी कोतवाली के कुछ चुनिंदा पुलिस कर्मियों के साथ सेटिंग करके सालों से हुक्काबार चला रहा था। देर रात तक चलने वाले इस हुक्काबार के चलते मोहल्लेवासी तथा सामाज सेवी लोग खासे परेशान थे। समय-समय पर की जाने वाली शिकायतों के बाद भी इस पर कार्रवाई नहीं हो रही थी। जिसके चलते सिटी कोतवाली थाना प्रभारी ने शुक्रवार को पूरी तैयारी के साथ इस हुक्काबार में छापामार कार्रवाई करते हुए संचालक पर अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है और वहां पकड़े गए नाबालिग तथा अन्य युवाओं से पूछताछ करके आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**पिछले साल की तुलना में इस साल बढ़ रहे धड़ाधड़ मरीज**

# लॉकडाउन से पहले लोगों ने की जमकर खरीदारी, बाजार में रही जबरदस्त भीड़

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में शनिवार की शाम को लाक डाउन होने के साथ ही 19 तारीख तक चलने वाला लाक डाउन की शुरुआत हो गई है इसके पहले 19 तारीख तक के लिए खाने पीने की व्यवस्था करते हुए जमकर खरीदारी किया गया जिसके चलते जिला मुख्यालय सहित शहरी क्षेत्रों की दुकानों में भी लोगों की भीड़ जबरदस्त रही है बता दे कि पिछले साल की तुलना में इस साल कोरोनावायरस संक्रमण के मरीज की संख्या में दिनोंदिन जबरदस्त इजाफा होता जा रहा है जिसके कारण पूरे जिले में लोगों के बीच एक भय का वातावरण बनते जा रहे



है वहीं कुछ लोगों ने तो घर से निकलना ही बंद कर दिया है वही 10 तारीख शनिवार को लोगों ने 19 तारीख तक चलने वाले लॉकडउन के पहले अपनी जरूरत एवं आवश्यकता के अनुरूप खाने पीने का सामान का जबर्दस्त खरीदारी किया यह सिलसिला दुकान खुलते ही ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए लोगों ने किया जो 6:00 बजे तक भी जारी रहा सबसे ज्यादा इस बार राशन एवं सब्जी की मांग जबरदस्त रही।

### किराना और शराब तथा सब्जी दुकान इस बार रहेगी बंद

जिला कलेक्टर शिव अनंत तायल के ने बढ़ते हुए कोरोना के संक्रमण के मरीजों पर नियंत्रण पाने के लिए लाक डाउन लगाने का आदेश जारी कर दिया गया है आदेश के मुताबिक 10 अप्रैल दिन शनिवार को शाम 6:00 बजे से लेकर 19 अप्रैल को उसकी सुबह 6:00 बजे तक के संपूर्ण लाभ डाउन पूरे जिले में रहेगा इस समय इस बार कलेक्टर सब्जी मार्केट किराना दुकान एवं शराब दुकान जैसे महत्वपूर्ण दुकान जो है वह बंद रहेगी जिसके कारण लोगों ने बंद होने के पहले अपने हिसाब से खरीदी किया है।

## छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के नए अध्यक्ष बने अमर सुल्तानिया

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के अगले प्रदेश अध्यक्ष के रूप में जांजगीर के युवा समाजसेवी अमर सुल्तानिया को 10 अप्रैल को सूरजपुर में संपन्ना प्रदेश कार्यकारिणी की वर्चुवल बैठक के दौरान घोषणा की गई, तथा इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के निर्वित्तमान अध्यक्ष सुनील अग्रवाल बॉबी, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील जैन टोनी,मुकेश गर्ग सूरजपुर सहित प्रदेश के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे,तथा अमर सुल्तानिया के नए अध्यक्ष के रूप में चुने जाने की विधिवत घोषणा होने से जहां प्रदेश के सभी मंच साथियों में उत्साह देखा जा रहा है, तो वही सभी शाखा सदस्यों ने नवनिर्वाचित




अध्यक्ष अमर सुल्तानिया को शुभकामनाएं देते हुए उनके कुशल मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच के संगठन को गति मिलने की बात कही है, वहीं अमर सुल्तानिया ने भी कहा है कि वह आने वाले समय में मंच की नवीन प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन सभी वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन से करते हुए पूरे प्रदेश में युवा मंच के कार्य को पहुंचाएंगे।

## दन्तेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलों के सामाजिक संगठनों के प्रमुखों के साथ वर्चुअल बैठक के जरिए हुई वार्ता

# कोरोना संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करने जन सहयोग आवश्यक : जयसिंह अग्रवाल

### संक्रमण को रोकने मास्क लगाएं, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें एवं 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोग कोरोना टीका अवश्य लगवाएं

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरोना के संक्रमण व प्रसार को रोकने के लिए हर नागरिक मास्क लगाएं, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें एवं 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोग कोरोना टीका अवश्य लगवाएं। कोरोना संक्रमण के प्रसार पर अंकुश लगाने की दिशा में जनजागरूकता अभियान चलाकर सामाजिक संगठन महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विगत वर्ष वैश्विक महामारी कोरोना को नियंत्रित करने में सामाजिक संगठनों के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। उक्त उद्गार प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री व दन्तेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलों के प्रभारी मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने वर्चुअल बैठक के माध्यम से विभिन्न समाज प्रमुखों से अपील करते हुए व्यक्त किया। उपर्युक्त चारों प्रभार जिलों के जिला कलेक्टरों के माध्यम से वर्चुअल बैठक आयोजित की गई थी जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक प्रमुखों से राजस्व मंत्री ने अपील करते हुए कहा कि समाज के मुखिया होने के नाते उनकी यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी बनती है कि वे समाज के सभी लोगों में कोरोना संक्रमण से बचने और उसके प्रसार को रोकने के लिए सामाजिक जागरूकता का प्रचार करवाएं ताकि सभी सुरक्षित रहें और इसके लिए सरकार के दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करें। राजस्व मंत्री ने आगे कहा कि ऐसे भी मामले यदा-कदा सामने आए हैं जिनमें वैक्सीन लगवाने के बाद भी व्यक्ति कोरोना संक्रमित हो गए हैं लेकिन इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि टीका लगवाने के बाद उस व्यक्ति पर संक्रमण का प्रभाव अपेक्षाकृत टीका नहीं लगवाए हुए व्यक्ति की तुलना में बहुत कम देखने को मिलता है और उसके शीघ्र स्वस्थ होने में समय भी कम लगता है। मंत्री ने अपनी अपील में इस बात पर विशेष बल दिया कि सरकार के दिशा निर्देशों पर अमल करते हुए 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोग कोरोना से बचाव के लिए टीका अवश्य लगवाएं व बैठक में शामिल हुए विभिन्न समाजों के प्रमुख सभी को टीकाकरण के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करें।

वर्चुअल बैठक में शामिल समाज प्रमुखों से अपील करते हुए राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों आदि में जिला प्रशासन के निर्देशों का काई से पालन किया जाना आवश्यक है और उसमें निर्धारित सीमित संख्या में ही लोग शामिल हों, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। सार्वजनिक स्थानों पर बिना मॉस्क लगाए न जाएं और अनिवार्यतः सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया जाना सुनिश्चित हो। मंत्री अग्रवाल ने अपील करते हुए आगे कहा कि जब तक आवश्यक न हो घरों से बाहर न जाएं और न ही अपने घरों में बाहरी व्यक्ति को प्रवेश करने दें। राजस्व मंत्री ने संबंधित जिला कलेक्टरों से उनके जिले के अस्पतालों में उपलब्ध सुविधाओं जैसे वर्तमान में मरीजों को भर्ती करने की सुविधा, ऑक्सीजन सिलेंडरों की उपलब्धता, वेंटीलेटर और जीवन रक्षक दवाईयों की सुलभता आदि की विस्तार से जानकारी ली। बैठक में प्रभारी मंत्री को संबंधित जिला कलेक्टरों ने जानकारी दी कि प्रतिदिन के हिसाब से निर्धारित लक्ष्य से अधिक टीकाकरण उनके जिलों में किया जा रहा है और यदि वैक्सीन की आपूर्ति बाधित नहीं होती है तो अप्रैल महीने के भीतर ही 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों का टीकाकरण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। दन्तेवाड़ा के जिला कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व मंत्री को बताया कि वर्तमान समय में बचेली, किरंदूल और बीजापुर सहित जिले में आईसोलेशन के 1053 बिस्तरों की सुविधा है जिसमें आईसीयू और नॉन-आईसीयू बेड शामिल हैं। कलेक्टर सोनी ने बताया कि आवश्यकतानुसार शीघ्र ही 400 बिस्तरों की सुविधा बढ़ा ली जाएगी। जिले में ऑक्सीजन सपोर्ट वाले 30 बिस्तर और आईसोलेशन सर्पोट वाले 178 बेड जबकि बिना सपोर्ट वाले 875 बेड उपलब्ध हैं। कलेक्टर सोनी ने आगे बताया कि जिले मे कुल सघन चिकित्सा इकाईयों में 25 और आईसीयू के 30 बेड की सुविधा है, 11 वेंटीलेटर, 160 बडे ऑक्सीजन सिलिडरों और 186 छोटे ऑक्सीजन सिलिंडरों की सुविधा भी उपलब्ध है। कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व मंत्री को अवगत कराया कि जिले में फिलहाल कुल 146 एक्टिव मामले हैं जिनमें 61 चिकित्सालय में भर्ती हैं और 85 मामले होम आईसोलेशन में हैं। सोनी आगे बताया कि कुल 1,02,218 व्यक्तियों की जांच की गई जिनमें से कुल 6337 पॉजिटिव पाए गए थे इस प्रकार पॉजिटिव दर 6.19 प्रतिशत रही जबकि 6181 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। उन्होनें आगे बताया कि जिले में 3 माईक्रो कांटोनमेंट जोन बनाए गए हैं और सप्ताह में दो दिन रविवार और बुधवार का लॉकडाऊन भी लगाया गया है। सोनी ने बताया कि वैक्सीनेशन के लिए प्रतिदिन का लक्ष्य 2700 टीकाकरण का है जबकि लगभग 3500 टीकाकरण प्रतिदिन किया जा रहा है। अभी तक 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के कुल 31544 व्यक्तियों का टीकाकरण किया जा चुका है।



सुकमा जिला कलेक्टर विनीत नन्दनवार ने बताया कि वर्तमान में कुल 61 एक्टिव मामले हैं और स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में है। टीकाकरण का कार्य सुचारू ढंग से संचालित हो रहा है और प्रतिदिन के निर्धारित लक्ष्य से अधिक का टीकाकरण हो रहा है। वॉलिंटियर्स लोगों को निगरानी और सहयोग कार्यों पर लगाया गया है। बीजापुर कलेक्टर रितेश अग्रवाल ने प्रभारी मंत्री को अवगत कराया कि जिले में मात्र 34 एक्टिव मामले हैं और स्थित को काबू में रखने के लिए सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक ही दैनिक गतिविधियां संचालन की अनुमति दी गई है। प्रतिदिन का निर्धारित लक्ष्य 2500 टीकाकरण के एवज में लगभग 3000 टीकाकरण प्रतिदिन किया जा रहा है। कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लगभग 60 हजार व्यक्ति हैं जिनमें से 18 हजार लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है और यथावश्यकता हर चुनौती का सामना करने के लिए जिला प्रशासन तैयार है। गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिला कलेक्टर नम्रता गांधी ने बताया कि जिले में वर्तमान समय में 315 एक्टिव मामले हैं। वैक्सिनेशन की जानकारी देते हुए कलेक्टर गांधी ने बताया कि जिले में 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों में 82000 की संख्या है और जिले में 85600 व्यक्तियों के टीकाकरण का लक्ष्य है जबकि अभी तक 35 हजार व्यक्तियों का टीकाकरण किया जा चुका है। प्रतिदिन के निर्धारित लक्ष्य 3600 के एवज में लगभग 6000 व्यक्तियों का टीकाकरण किया जा रहा है। नम्रता गांधी ने प्रभारी मंत्री को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिले वासियों को कोरोना संक्रमण से बचाने जिला प्रशासन हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है। चारों ही जिलों के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रमुखों ने प्रभारी मंत्री श्री अग्रवाल को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनकी अपील व सुझाव का वे लोग अपने अपने क्षेत्र में अवश्य पालन करवाएंगे और जिला प्रशासन को यथासंभव हर तरह से सहयोग करने के लिए वे तत्पर रहेंगे। समाज प्रमुखों ने प्रदेश सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि प्रदेश के नागरिकों की हितैषी सरकार ने जिला प्रशासन के माध्यम से अस्पतालों में दवाईयों के साथ ही वैक्सीनेशन की उचित व्यवस्था कर रखी है और लोग स्वप्रेरित होकर टीकाकरण के लिए निर्धारित अपने नजदीकी केन्द्रों में पहुंच रहे हैं।

बैठक में एन.एम.डी.सी. के अधिकारी ने प्रशासन को भरपूर सहयोग देने का आश्वासन दिया वहीं दन्तेवाड़ा प्रभारी सचिव चंपावत, सुकमा प्रभारी सचिव निरंजन बंसोड़, जीपीएम जिला प्रभारी सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक ने प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहयोग करने की बात कही। उपर्युक्त सभी जिलों से बैठक में दन्तेवाड़ा की क्षेत्रीय विधायक देवती कर्मा, और बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी, अग्रवाल समाज, कंवर समाज, अलवा समाज, मुस्लिम समाज, साहू समाज, राठौर समाज, माहेश्वरी समाज, ब्राह्मण समाज, सतनामी समाज, जैन समाज, राजस्थानी समाज और ईसाई समाज के अलावा विभिन्न संगठनों के लोग शामिल हुए जिन्होंने प्रभारी मंत्री द्वारा समाज के लिए की गई अपील के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## रोटरी क्वीन्स बिलासपुर ने जरूरतमंद को रोजगार की दृष्टि से उपलब्ध करवाई आर्थिक सहायता

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

बिलासपुर जिले में गणेश कुमार पात्रे उम्र 63 साल के बुजुर्ग जो कि अमेरी में साइकल पर सब्ज़ी बेचकर अपना गुज़ारा करते थे, ऐक्सिडेंट हो जाने के कारण अब वो साइकल चलाने में असमर्थ हैं, जिसके कारण उनके परिवार का भरण पोषण नहीं हो पा रहा है, सोशल वर्कर रेखा आहूजा (नई पहल) द्वारा रोटरी क्वींस को इस बात से अवगत कराया गया है। रोटरी क्वींस ने तत्काल जरूरतमंद गणेश जी को 15 हज़ार की राशन सामग्री उपलब्ध करवाई जिससे वे घर पर रहकर



राशन दुकान एवं सब्ज़ी बेचकर अपना पालन पोषण कर सके।इस दौरान रोटरी क्वींस के पदाधिकारी शिल्पी चौधरी, वन्दना सिंह एवं नई पहल की रेखा आहूजा उपस्थित रही। हमेशा की तरह रोटरी क्वींस की किसी के जीवन में बदलाव लाने की एक छोटी कोशिश की गई।

## भाजपा का 41 वां स्थापना दिवस घर पर मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कोरोना महामारी के चलते भाजपाई ने अपने पोलिंग बूथ या घर मे भाजपा की स्थापना दिवस पार्टी नेतृत्व के आह्वान पर मनाई गई। गरियाबंद जिले के पूर्व जिला महामंत्री एवं मार्केटिंग सोसायटी गरियाबंद के अध्यक्ष मुरलीधर सिन्हा ने अपने निवास गृह में भाजपा का झण्डा लगाकर भाजपा 41 वें स्थापना दिवस मनाया और उन्होंने बताया कि भारतीय जनसंघ के बाद 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता



पार्टी की स्थापना हुई तो विरोधी दलों ने भाजपा कमल छाप वालों का जमकर उपहास उड़ाए थे। देखो आज विश्व के सबसे बड़े सदस्य 12 करोड़ से भी अधिक संख्या वाली पार्टी बन गई है विभिन्न बड़ राज्यों से लेकर केंद्र की सत्ता पर विगत 7 वर्षों से जनता की सेवा के लिये विकास की अविरल धारा बह रही है। भाजपा की सबल नेतृत्व और यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र दामोदर राव मोदी ने भारत को विश्व शिखर तक लेकर जा रहे हैं। सिन्हा ने कहा कि मुझे गर्व है कि मैं ऐसे देश भक्त और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की परिकल्पना को साकार करने वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी का सदस्य हूँ।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव हमर ग्रामसभा कार्यक्रम में श्रोताओं के सवालों के देंगे जवाब

### आज 37वीं कड़ी का प्रसारण

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान, निमोरा द्वारा तैयार रेडियो कार्यक्रम हमर ग्रामसभा की 11 अप्रैल को 37वीं कड़ी प्रसारित की जाएगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव आकाशवाणी रायपुर से हर रविवार शाम साढ़े सात बजे से आठ बजे तक प्रसारित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में व्हाट्सएप के माध्यम से श्रोताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देंगे। वे कार्यक्रम में राज्य शासन की नीतियों, योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में श्रोताओं की जिज्ञासाओं का




समाधान भी करेंगे। कार्यक्रम को मीडियम वेब 981 किलो हर्ट्ज पर सुना जा सकता है। प्रदेश में स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र एक साथ इस कार्यक्रम को रिले करेंगे।

## संसाधनों की कमी नहीं होने देंगे, दृढ़ इच्छाशक्ति से करें मुकाबला : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना महामारी की शुरुआत से अब तक कोरोना नियंत्रण के विभिन्न उपायों के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने विभिन्न मदों से 853करोड़ रूपए से अधिक राशि का आवंटन किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रशासनिक अमले से अपील की है कि वह दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ पीड़ित मानवता की सेवा करे। शासन -प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ संसाधनों की व्यवस्था और मानीटरिंग करेंगे। किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि विगत एक वर्ष में कोरोना से निपटने के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष से समस्त 28 जिलों को 73.53 करोड़ रूपये आवंटित किए गये हैं। इसके अलावा 300करोड़ रू.जांच,दवा तथा अन्य उपभोग्य सामग्रियों के लिए ,192 करोड़ रू.स्टेट डिजास्टर रिलीफ़ फंड,185 करोड़ रू.नाबार्ड सहायता ,25 करोड़ रू.लोक निर्माण विभाग,78करोड़ रू.केंद्र-राज्य शामिलाती सहायता के शामिल हैं। इस प्रकार जांच से लेकर कोविड अस्पतालों के विकास तक ,मरीजों की देखभाल ,दवा ,पोषण से लेकर मैदानी व्यवस्थाओं तक सभी कार्यों के लिए आर्थिक सहायता दी गई है। मुख्यमंत्री बघेल ने मुख्यसचिव यथा अतिरिक्त मुख्य सचिव (स्वास्थ्य)को निर्देश दिए हैं कि वे निरंतर मॉनीटरिंग करें। नियंत्रण और राहत के उपाय युद्ध स्तर पर सुनिश्चित किए जाएं। मैदानी स्तर पर पूर्ण सख्ती हो लेकिन जनता को सहानुभूति, सद्व्यवहार तथा सहयोग के साथ ही परिस्थितियों का सामना करने को तैयार किया जाए। सतत जनजागरण से संक्रमण की रोकथाम की जाए।

## कोविड अस्पतालों में एक साल में 6957बिस्तरों की क्षमता बनाई अब तीन गुना करने का लक्ष्य

**रायपुर।** कोरोना वायरस के संक्रमण से प्रभावित लोगों के विभिन्न स्तरों पर उपचार के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विगत एक वर्ष में किए गए युद्धस्तरीय प्रयासों के चलते प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में उपलब्ध बिस्तरों की संख्या 6 हजार 976 हो गयी है ,जिसे बढ़ाकर 19 हजार 472 किया जाना प्रस्तावित है। मार्च 2020 की स्थिति में कोविड प्रभावितों की देखभाल और उपचार के लिए विशिष्ट अधोसंरचना नगण्य थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बहुस्तरीय तथा बहुआयामी प्रयासों के सख्त निर्देश दिए थे जिसके कारण वर्ष 2021 के शुरूआती दौर में आईसीयू,एचडीयू, वेंटीलेटर बिस्तरों की संख्या बढ़कर 343 हो गई , जिसमें 247की वृद्धि की योजना है। ऑक्सीजन बिस्तरों की संख्या इस वर्ष के प्रारंभ में बढ़कर 2 हजार 665हो गई है , जिसमें 4472 की वृद्धि की योजना है।इसी प्रकार सामान्य बिस्तरों की संख्या फिलहाल 3968 हो गई है ,जिसमें 7777की वृद्धि की योजना है।

## अखिल विश्व गायत्री परिवार आपके द्वार, घर-घर पहुंचेगा गंगा जल

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

नगर में शनिवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित आपके द्वार पहुंचा हरिद्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के तहत ब्लॉक के 1000 घरों तक इसे पहुंचाने का लक्ष्य है। जानकारी देते हुए गायत्री परिवार के सदस्य 150 घरों में अभी तक गंगा जल निःशुल्क पहुंच गया है। इस मौके पर सक्ती गायत्री परिवार के भगत राम साहू, महेश साहू ने



गायत्री मंत्र व भारतीय अध्यात्म के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि भगवान सूर्य को समर्पित गायत्री मंत्र के माध्यम से ही अपनी बुद्धि को सन्मार्ग पर चलाया जा सकता है। आज भौतिक दृष्टि से संपन्न होते हुए भी लोगों को चैन और सुकून नहीं मिल पाता है। इसका कारण केवल एक ही है, भारतीय अध्यात्म का अभाव। जिससे यहां माध्यम से नौनिहालों बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी देने का काम किया जा रहा है। भगत राम साहू ने कहा कि बच्चे, कच्ची मिट्टी की भांति होते हैं, इन्हें जिस रूप में ढाला जाएगा वे वैसे ही बनेंगे। उन्होंने कहा कि आजकल की पढ़ाई में सिलेबस मात्र रह गया है, जिसकी शिक्षा पाकर आज कल के बच्चे अपने माता-पिता, सगे-संबंधी, गुरुजन आदि का सम्मान करना नहीं जानते। बाल संस्कारशाला में बच्चों को व्यवहारिक ज्ञान व संस्कार सिखाया जाता है। जिससे ये बच्चे जहां भी रहेंगे अपने मिट्टी, परिवार, समाज का मान बढ़ाएंगे। इस मौके पर रामनरेश यादव, संजय नाथ उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिए निर्देश

## कोविड-19 के रोकथाम के लिए ग्राम पंचायतों में क्वारेन्टाइन सेंटर होंगे स्थापित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दिशानिर्देश पर राज्य में कोविड-19 की रोकथाम हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर क्वारेन्टाइन सेंटर की स्थापना की जाएगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा आज कोविड-19 की रोकथाम हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर क्वारेन्टाइन सेंटर की स्थापना के सम्बंध में दिशानिर्देश जारी किये गए हैं। सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी कलेक्टरों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इस सम्बंध में दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। दिशानिर्देश में उल्लेख है कि राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस (कोविड 19) से बचाव, रोकथाम तथा नियंत्रण हेतु विभिन्न आवश्यक कदम उठाये जा रहे हैं। कोरोना वायरस के महामारी से बचाव हेतु समुदाय स्तर पर सक्रिय निगरानी कर मरीज की त्वरित पहचान व उपचार किया जा रहा है। कोरोना संक्रमण को फैलने से रोके जाने हेतु बाहर से गांवों में आने वाले व्यक्तियों के लिये पूर्व में स्थापित क्वारेंटाईन सेंटरों की भांति इस समय भी क्वारेंटाईन सेंटर स्थापित किया जाना है। यह क्वारेंटाईन सेंटर संबंधित जिले के ग्राम पंचायत में गांव के बाहर में रखा जाना है। क्वारेंटाईन सेंटर के संचालन के संबंध में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करते हुये क्वारेंटाईन सेंटर तत्काल पुनः स्थापित करना सुनिचित करें।क्वारेंटाईन सेंटर की निगरानी के लिए स्थानीय



परिस्थिति अनुसार ग्राम के स्व-सहायता समूह, युवा समिति, रामायण भजन मंडली तथा कोविड-19 हेतु गठित निगरानी समिति एवं अन्य स्थानीय समिति का सहयोग लिया जाये। क्वारेंटाईन सेंटर से महिलाओं के स्नान के लिए सामाजिक मर्यादा के अनुरूप बांस, बोरा इत्यादि का उपयोग कर स्नान गृह तैयारी का कार्य पहले से ही करा लिया जाये, साथ ही परिसर के शौचालय की साफ-सफाई कराते हुये उपयोग योग्य तैयार कर लिया जाये। क्वारेंटाईन सेंटर में रूकने वाले व्यक्तियों हेतु सेनेटाईजर बॉटल, फिनाईल, डस्टबिन,झाड़ू, बाल्टी, गद्दा, दरी, नहाने एवं कपड़ा धोने का साबून, आदि आवश्यक सामाग्री उपलब्ध कराई जावें। क्वारेंटाईन सेंटर के लिये मास्क, सेनेटाईजर, साबुन, दोना, पत्तल जैसी वस्तुओं को जिले के स्थानीय स्व-सहायता समूह से क्रय किया जावे। ग्राम पंचायतों द्वारा भवन एवं सड़कों सहित सार्वजनिक स्थानों को कीटाणु रहित करने, साफ सफाई, गंदगी के सुरक्षित निपटान का कार्य भी किया जावे।क्वारेंटाईन सेंटर में रूके हुए लोगों को यथा संभव सूखा राशन एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध करा दी जाये ताकि वे अपना भोजन स्वयं तैयार कर सके। इनके पास भोजन बनाने की व्यवस्था न होने पर भोजन तैयार कर पर्याप्त सावधानी व दूरी के साथ वितरण कराने की व्यवस्था किया जाये। क्वारेंटाईन में रहने वाले लोगों को किसी भी स्थिति में परिसर/चिन्हांकित क्षेत्र से बाहर जाने न दिया जाये, और न ही इनसे बाहर का कोई कार्य लिया जाये। इनके परिवार के सदस्यों आदि को सेंटर में प्रवेश न करने दें। सेंटर में भजन-कीर्तन, खेलकूद, योगा,प्रशिक्षण जैसे सामुदायिक गतिविधियों प्रतिबंधित होगी, इसका कड़ाई से पालन किया जावे। क्वारेंटाईन सेंटर हेतु भवनों के चयन में इस बात का ध्यान रखा जाये कि जिन भवनों में बारहवी की परीक्षा आयोजित होने वाले है उन्हें क्वारेंटाईन सेंटर न बनाये जाये। अन्य भवन में व्यवस्था की जाये। क्वारेंटाईन सेंटर में उपरोक्तानुसार मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने हेतु यथास्थिति 15वें वित्त आयोग के अनाबद्ध राशि एवं मूलभूत राशि का नियमानुसार उपयोग किया जाये। क्वारेंटाईन सेंटर में यदि किसी को सर्दी-बुखार या इस तरह का कोई अन्य लक्षण दिखाई दे तो तत्काल इसकी जांच कराई जाये यदि व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया जाये तो उन्हें तत्काल स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्थापित आईसोलेशन सेंटर या कोविड केयर सेंटर में भर्ती कराया जायें। आइसोलेशन सेंटर के संचालन के लिये स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय समय पर निर्देश जारी किये गये हैं उक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## राजस्व अधिकारियों की हुई नवीन पदस्थापना

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन ने प्रशासनिक



दृष्टिकोण से राजस्व अधिकारियों को नवीन पदस्थापना में अस्थाई रुप से आगामी आदेश पर्यन्त पदस्थ किया है। इसमें सरिता मढ़रिया को तहसीलदार तिल्दा, मीना साहू अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर, ज्योति सिंह नायब तहसीलदार, मंदिरहसौद, प्रमोद गुप्ता प्रभारी नायब तहसीलदार धरसींवा, प्रमोद शर्मा प्रभारी अधीक्षक भू-अभिलेख के पद पर नवीन पदस्थापना की गई है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403